जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



Perils of a 'Good' Boss

My husband, Mohit, was a *bhakt* of PRS Oberoi. For him, his Oberoi sir was GOD. His day began and ended with Mr. Oberoi said this.

Rogue Waves Are Real & Now Predictable

Long considered myth, freakishly large rogue waves are very real



*श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में राजपूतों समेत सर्व समाज के नेता और समर्थक बुधवार देर रात तक जयपुर में मानसरोवर स्थित मेट्रो मास अस्पताल के बाहर डटे रहे। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि हत्यारों का एनकाउन्टर किया जाए। बंद के दौरान जयपुर में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। कई जगह उग्र प्रदर्शनकारी और पुलिस जाप्ता ही दिखा।*

# वेणुगोपाल ने राजस्थान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की बैठक आहूत की

## बैठक ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में आयोजित की गयी है तथा वरिष्ठ नेता इस बात पर बातचीत करेंगे कि, राजस्थान के विधानसभा चुनावों में इतनी बड़ी हार क्यों हुई और इस हार के लिये कौन जिम्मेवार है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। राजस्थान में मिली चुनावी हार की समीक्षा के लिए कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने 9 दिसम्बर को ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में बैठक बुलाई है, जिसमें वरिष्ठ पार्टी नेताओं को बुलाया गया है कि वे बताएं कि कहां गलती हुई और सबसे बड़ी बात यह है कि हार के लिए कौन जिम्मेवार है। वरिष्ठ नेता इसमें अपने विचार व्यक्त करेंगे।

जिन नेताओं को बुलाया गया है उसमें स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य, पर्यवेक्षक, प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य वरिष्ठ नेता आदि शामिल है। संभावना है कि राहुल इसमें शामिल नहीं होंगे वे 8 दिसम्बर को विदेश दौरे पर जा रहे हैं। मीटिंग में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मौजूद रहने की उम्मीद है।

- इस मंथन के निष्कर्षों का अध्ययन करके यह निर्णय लिया जायेगा कि, विधानसभा में विपक्ष का नेता कौन होगा।
- विपक्ष के नेता के साथ नये प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति का प्रश्न भी जुड़ा हुआ है।
- बैठक में राजस्थान के प्रभारी से सवाल जवाब किये जायेंगे कि, जब राजस्थान में राजनीतिक स्थिति कांग्रेस की दृष्टि से गड़बड़ा रही थी, तो उन्होंने स्थिति दुरूस्त करने के लिये क्या-क्या कदम उठाये।
- राहुल गांधी वरिष्ठ कांग्रेस जन की इस बैठक में मौजूद नहीं होंगे, क्योंकि वे आठ दिसम्बर को विदेश यात्रा पर जा रहे हैं, परन्तु कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस बैठक में जरूर भाग लेंगे।

मीटिंग में चर्चा के बाद पार्टी तय करेगी कि राजस्थान में कांग्रेस विधायक दल का नया नेता कौन होगा। इसी के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी में बदलाव की संभावना भी है। मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की छाया माना जाता है।

ए.आई.सी.सी. महासचिव रंधावा ने अभी तक त्याग पत्र नहीं दिया है और कई नेता उन पर सवालों की बौछार करेंगे। राजस्थान के चुनावों की ईमानदार समीक्षा से सही मायने में पता लगेगा कि गत 5 साल में राजस्थान में पार्टी और सरकार क्या कर रही थी।

सूत्रों का कहना है कि मीटिंग के बाद कांग्रेस विधायक दल के नेता की घोषणा भी की जाएगी।

# जयपुर में सड़कों पर दिनभर सन्नाटा रहा, कर्फ्यू जैसा माहौल दिखा

## लंबे समय बाद 'जयपुर बंद' का ऐसा व्यापक असर देखने को मिला

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 6 दिसम्बर। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में बुधवार को आहूत "राजस्थान बंद" का राजधानी जयपुर में व्यापक असर रहा। जयपुर परकोटे समेत शहर के तमाम बाजार, निजी दफ्तर और स्कूल बंद रहे। निजी बसो का संचालन भी नहीं हुआ। लंबे समय बाद जयपुर में किसी बंद का इतना व्यापक असर देखने को मिला। परकोटे से लेकर बाहरी बाजारों में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा।

- श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के कारण उग्र राजपूत समाज सड़कों पर उतरा।
- सर्व समाज के समर्थन से जयपुर में तमाम बाजार, निजी स्कूल और ऑफिस बंद रहे, कर्फ्यू जैसा माहौल दिखा।
- 200 फीट बाईपास, सीकर रोड, पांच बत्ती और खातीपुरा तिराहे समेत कई जगहों पर बीच सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

सुबह 11 बजे करणी सेना से जुड़े लोग और समर्थक राजपूत हॉस्टल, सिंधी कैम्प एकत्रित हुए। यहां से बड़ी संख्या में लोग परकोटे के बाजारों में पहुंचे। हालांकि, परकोटा के व्यापारियों ने बंद का समर्थन करते हुए सुबह बाजार खोले ही नहीं थे। करणी सेना समर्थकों ने विभिन्न बाजारों में पैदल मार्च कर सुखदेव सिंह के हत्यारों का एनकाउन्टर करने या उन्हें फांसी देने की मांग की।

बंद के दौरान झोटवाड़ा, विद्याधर नगर से लेकर खातीपुरा, पांच्यावाला और सांगानेर में बंद के दौरान लोगों ने प्रदर्शन भी किया। कालवाड़ रोड, सिरसी रोड पर पांच्यावाला गई। पुलिया के दोनों ओर वाहनों की आवाजाही रोक दी। यहां तक कि दिल्ली-अजमेर 200 फुट बायपास पर भी यातायात प्रभावित रहा। सीकर रोड पर बीच सड़क पर टायरों में आग लगाकर प्रदर्शन किया। इस दौरान बसों की आवाजाही थमने से कई यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

संघर्ष समिति के जयपुर बंद आव्हान के बाद अधिकतर स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। इसके अलावा निजी दफ्तरों में भी बहुत कम लोग पहुंचे। दोपहर बाद ज्यादातर निजी कार्यालयों में भी अवकाश कर दिया गया।

ज्ञातव्य है कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की उनके श्याम नगर स्थित घर

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

ADMISSION CLOSING SOON
B.A.-LL.B.
BIYANI LAW COLLEGE (Co-Ed.)
Affiliated to Dr. Bhimrao Ambedkar Law University, Jaipur
Helpline : +91-7737823249

JOB/VACANCY
MARKETING EXECUTIVE
TELECALLER (F)
ACCOUNTANT
OFFICE BOY
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
JAIPUR
9352107080

## राजपूत समाज का आंदोलन खत्म, मांगों पर सहमति

जयपुर, 6 दिसम्बर। जयपुर में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में चल रहा प्रदर्शन बुधवार देर रात खत्म हो गया। पुलिस प्रशासन और राजपूत समाज के लोगों के बीच कई मांगों पर सहमति बनने के बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया गया। राजपूत समाज की प्रमुख मांगे थी श्याम नगर एस.एच.ओ. मनीष यादव तथा बीट प्रभारी व बीट कांस्टेबल को निलम्बित किया जाए और हत्यारों को 72 घंटे में गिरफ्तार किया जाए। इसके बाद गोगामेड़ी की पत्नी शीला राठौड़ ने आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की।

पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि देर रात को सुखदेव गोगामेड़ी की पत्नी शीला राठौड़, चचेरा भाई श्रवण, राजपूत सभा, जयपुर अध्यक्ष रामसिंह चंदलाई, विधायक मनोज न्यांगली, राजेन्द्र गुढ़ा, महिपाल मकराना और राजपूत समाज के प्रतिनिधियों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजस्थान में पर्यवेक्षक भेजने का निर्णय लिया भाजपा ने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे बुधवार रात दिल्ली के लिए रवाना हुई। इधर दिल्ली में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने राजस्थान में नए मुख्यमंत्री के चयन को लेकर बैठक और पर्यवेक्षक भेजने का निर्णय लिया ये पर्यवेक्षक गुरुवार को आएंगे और नए मुख्यमंत्री के चयन के सम्बंध में जानकारी देंगे।

- ये पर्यवेक्षक ही नए मुख्यमंत्री के चयन संबंधी घोषणा करेंगे।

राजस्थान से चुनाव जीते तीन सांसदों दिया कुमारी, किरोड़ी लाल मीणा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। चौथे सांसद बालकनाथ भी जल्दी ही इस्तीफा दे सकते हैं। पता चला है कि पोकरण विधायक प्रताप पुरी भी दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं।

हिन्दी बैनर के जिन तीन राज्यों में भाजपा चुनाव है वहां मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इस पर काफी अटकलें है पर गृहमंत्री अमित शाह ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं।

# कांग्रेस आलाकमान गहलोत को राजस्थान से बाहर भेजने की तैयारी में

## कांग्रेस के उच्च स्तरीय सूत्रों ने संकेत दिया कि, पार्टी अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी ऐसा चाहते हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। अब यह लगातार सुनिश्चित होता जा रहा है कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राज्य से बाहर जाकर केन्द्रीय स्तर पर कोई भूमिका निभानी होगी। कांग्रेस के शीर्ष सूत्र ने आज ऐसे संकेत दिए।

पार्टी हाईकमान, खासतौर पर कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के पूर्व प्रमुख राहुल गांधी की यह राय है कि हार की जिम्मेदारी तय करनी होगी अन्यथा पार्टी कार्यकर्ताओं में एक गलत मैसेज जाएगा। एक नेता ने नाम गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि गहलोत को यह ज्ञात होना चाहिए कि सत्ता में बने रहने की उनकी तिकड़मों की पहले भी अनदेखी की गई लेकिन हर चीज़ की कोई हद होती है।"

पार्टी हाईकमान का यह मानना है कि गहलोत यदि चालें नहीं चलते और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ शुद्ध मन से बनाकर चलते तो वह विधानसभा चुनाव आसानी से जीत चुके होते।

- सूत्रों ने बताया कि, खड़गे व राहुल का मत है कि, हार की जिम्मेवारी तय की जानी चाहिए वरना गलत संदेश जाएगा।
- एक नेता ने बताया कि, आलाकमान की राय है कि, अगर अशोक गहलोत चालबाजी नहीं करते और सचिन पायलट को साथ लेकर चलते तो पार्टी आसानी से चुनाव जीत जाती।
- पार्टी हाई कमान गत वर्ष सितम्बर में हुई गहलोत समर्थक विधायकों की बगावत व इसमें गहलोत की भूमिका को भूला नहीं है।

एक अन्य नेता ने कहा कि उम्मीद की जाती है कि संकट की इस घड़ी में गहलोत राजस्थान में खींचतान करने के बजाए शालीनता से पार्टी का सहयोग करेंगे। हम आशा करते हैं कि गहलोत ऐसा कोई कदम नहीं उठाएँगे जिससे पार्टी की छवि खराब होती हो। अब उन्हें पार्टी की विचारधारा और मूल्यों के प्रति अपनी निष्ठा का प्रदर्शन करते हुए आगामी लोकसभा चुनावों में अपनी पार्टी के प्रत्याशियों की जीत में एक सकारात्मक योगदान देंगे।

नेता ने बताया कि पार्टी हाईकमान पिछले वर्ष की उनकी भूमिका को अभी तक नहीं भूला है जब कांग्रेस विधायक दल की मीटिंग इसलिए नहीं हो सकी थी कि गहलोत समर्थक विधायक उसमें उपस्थित नहीं हुए थे।

नेता ने कहा कि गहलोत पार्टी को नुकसान नहीं पहुंचाकर यदि सकारात्मक रवैया अपनाते हैं तो इसमें उन्हीं का दीर्घकालीन हित होगा। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी हाईकमान अब रिस्क लेने को तैयार है। चूंकि कांग्रेस के निर्वाचित विधायकों ने विपक्ष का नेता

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## जम्मू कश्मीर विधानसभा की 16 सीटें आरक्षित

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। लोकसभा में बुधवार को दो विधेयक पारित किए गए। एक तो जम्मू एवं कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक और दूसरा जम्मू-कश्मीर आरक्षण विधेयक। इनके अन्तर्गत जम्मू एवं कश्मीर विधान परिषद में विधायकों की संख्या 83 से बढ़ाकर 90 की गई है, जिनमें अनुसूचित जाति की 7

- केन्द्र सरकार ने लोकसभा में जम्मू कश्मीर पुनर्गठन बिल एवं जम्मू कश्मीर आरक्षण बिल पारित किया, अब 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा में 9 सीटें एस.टी. व 7 सीटें एस.सी. वर्ग के लिए आरक्षित की गईं हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या रैवन्त रेड्डी दिव्यांग रजनी को नौकरी देने का वादा निभाएंगे?

## तेलंगाना के राजनैतिक हलकों में यही सवाल पूछा जा रहा है, सभी को शपथ ग्रहण का इंतजार है

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। यह एक दिव्यांग नारी (छोटे कद की) लड़की की कहानी है। वह पोस्ट ग्रेज्यूएट है और पिछले एक दशक से नौकरी पाने के लिए चक्कर काट रही है। चाहे सरकारी हो या प्राइवेट सैक्टर, उनका छोटा कद नौकरी की राह में रोड़ा बन जाता था। लेकिन उनकी सहनशक्ति, दृढ़ता, कड़ी मेहनत और अलग सोच ने उन्हें एक नई राह तब दिखाई जब तेलंगाना में मुख्यमंत्री पद के लिए नामित रैवन्त रेड्डी ने उन्हें नौकरी देने का वादा किया। रेड्डी की दो महीने पहले एक प्रैस कॉन्फ्रेंस में रजनी से मुलाकात हुई थी।

प्रैस से मिलिए कार्यक्रम गत 17 अक्टूबर को आयोजित किया गया था। तेलंगाना के मीडिया कर्मियों को जब रजनी की परेशानी के बारे में पता चला तो वे उसे प्रैस से मिलिए कार्यक्रम में अपने साथा लेकर आ गए जिसे तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रैवन्त रेड्डी संबोधित करने वाले थे। तेलंगाना में कांग्रेस को नए सिरे से खड़ा करने वाले तेज तर्रार नेता रैवन्त ने यह सिद्ध कर दिया की उनके भीतर एक संवेदनशील मन है। उन्होंने उसी समय रजनी को नौकरी देने का वादा किया और घोषणा की कि वह यदि तेलंगाना के मुख्यमंत्री बन गए तो उनके द्वारा दी जाने वाली यह पहली नौकरी होगी।

- रैवन्त रेड्डी 7 दिसम्बर को होने शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए रजनी को विशेष रूप से निमंत्रण भेजा है, इससे यह तो स्पष्ट है रैवन्त रेड्डी ना दिव्यांग रजनी को भूले हैं, ना उससे किए वादे को।
- चुनाव प्रचार के दौरान एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में पत्रकारों ने रजनी को रैवन्त रेड्डी से मिलवाया था। दिव्यांग व नाटे कद की रजनी उच्च शिक्षित है पर उसे छोटे कद की वजह से कहीं नौकरी नहीं मिली, वह अपने बूढ़े माता-पिता का एकमात्र सहारा है।
- रजनी की कहानी सुनकर भावुक हुए रैवन्त ने कहा था कि, चुनाव जीतने के बाद वे पहली नियुक्ति रजनी को ही देंगे। उन्होंने इसका लिखित वायदा किया व हस्ताक्षर भी किये थे।

अब जीत के बाद सरकार के गठन में कई कारकों में संतुलन बनाना है। इसलिए रैवन्त रेड्डी ने दिव्यांग रजनी को याद किया।

और क्यों नहीं? आखिर रैवन्त रेड्डी ने 38 वर्षीया रजनी से एक लिखित एवं हस्ताक्षर युक्त वादा किया था। वह अपने बूढ़े माता-पिता के साथ नैमपल्ली के बोईगुडा में रहती है। उन्होंने नैमपल्ली के कॉलेज से स्नातक किया और दूरस्थ शिक्षा से कॉमर्स में स्नातकोत्तर डिग्री ली। लेकिन अपने बौने शरीर के कारण सरकारी और प्राइवेट नौकरियां ढूंढने के उनके प्रयास निरर्थक रहे।

रैवन्त रेड्डी ने भी अपना वादा नहीं भूला और अपने आदमियों को निर्देश दिए कि वे गुरुवार 7 दिसम्बर को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए रजनी को आमंत्रित करे। रजनी ने मीडिया से इस बात की पुष्टि की कि उन्हें एक विशेष अतिथि के रुप में शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया गया है। जो प्रबंध किए गए हैं, उन्हें देखते हुए कांग्रेस पार्टी को उम्मीद है कि शपथ ग्रहण समारोह में करीब एक लाख लोग उपस्थित रहेंगे। संयोगवश, शपथ ग्रहण समारोह के अधिकारिक रुप से सम्पन्न हो जाने के बाद वही स्थल तक सार्वजनिक राजनीति रैली में तब्दील हो जाएगा, जिसमें कांग्रेस मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और सोनिया गांधी के तेलंगाना की जनता को धन्यवाद अदा करने की उम्मीद है। स्मरण रहे कि रैवन्त रेड्डी ने चुनाव प्रचार के दौरान ही घोषणा की थी कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## तीनों राज्यों में नया मुख्यमंत्री देगी भाजपा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 6 दिसम्बर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के हाल ही सम्पन्न विधानसभा चुनावों के बाद वहां नए चेहरों को मुख्यमंत्री बनाने की योजना बना रही है। पार्टी सूत्रों ने किसी भी नाम का संकेत दिए बिना बुधवार को यह दावा किया।

- पार्टी सूत्रों ने यह दावा किया हालांकि किसी नाम का संकेत नहीं दिया गया है।

मध्य प्रदेश की नरसिंहपुर विधानसभा सीट से चुनाव जीते एवं निवर्तमान केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल (63) ने कहा कि उन्होंने भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात के बाद लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और वह जल्द ही केन्द्रीय मंत्रिमण्डल से भी त्याग पत्र दे देंगे। लोधी जाति के नेता के रूप

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

वह जो अपने प्रियजनों से अत्यधिक जुड़ा हुआ है। उसे चिंता और भय का सामना करना पड़ता है। क्योंकि सभी दुःखों कि जड़ लगाव है। इसलिए खुश रहने कि लिए लगाव छोड़ दीजिये।

–चाणक्य सुविचार

# आतंकी गतिविधियों पर भारी सड़कों के गड्ढे

बात थोडी अजीब अवश्य लगेगी पर वास्तविकता तो यही है कि देश दुनिया में सड़कों के गड्ढे दुनिया की आतंकवादी गतिविधियों पर भारी पड़ रहे हैं। वैश्विक आंकड़ों का विश्लेषण किया जाए तो 2021 में आतंकवादी गतिविधियों के कारण 5226 लोग मारे गये। वहीं दूसरी और अकेले अमेरिका में ही 2021 में सड़कों के गड्ढों के कारण 15 हजार से अधिक मारे गए। इसी तरह से इंग्लैण्ड में 1390, भारत में 3565, रुस में 431 लोग मारे गए। आतंकवाद के कारण होने वाली मौतों से यह कोई चार गुणा अधिक है। कमोबेस दुनिया के देशों में आज भी सड़कों पर गड्ढो के कारण दुर्घटना से मौत के आंकड़ों में साल दर साल बढ़ोतरी ही होती जा रही है। केन्द्रीय सड़क व परिवहन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में तमाम सड़क हादसों में सबसे अधिक मौत सड़कों पर बनें गड्ढों के कारण हो रही है। अब सड़क में गड्ढों के कारण मौत की जिम्मेदारी सरकार या स्थानीय प्रशासन से इतर किसी और को दी भी नही जा सकती। मौत को अलग कर भी दिया जाए तो सड़कों पर गड्ढों से होने वाले अन्य नुकसान का ही विश्लेषण करें तो साफ हो जाता है कि यह कोई छोटी–मोटी राजस्व हानि नहीं अपितु बड़ा नुकसान जुड़ा हुआ है। उदाहरण के तौर पर चैन्नई में कराए गए एक अध्ययन के अनुसार सड़क के गड्ढों के कारण प्रतिदिन 75 करोड़ के राजस्व का नुकसान होता है। यह तो एक बानगी मात्र है और इससे आसानी से कयास लगाया जा सकता है कि सड़क के गड्ढे जनहानि और धन हानि दोनों के ही प्रमुख कारण है।

ऐसा नहीं है कि सरकारें या दुनिया के देश इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हो पर जो नतीजे साल दर साल देखने को मिलते हैं वह अपने आप में गंभीर है। सड़क के गड्ढों की वैश्विक गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि प्रतिवर्ष 15 जनवरी को राष्ट्रीय गड्ढा दिवस मनाया जाता है। इंगलैण्ड में गड्ढों से होने वाले नुकसान पर नागरिकों को मुआवजा देने का प्रावधान है। दूसरी और दुनिया के देशों द्वारा भी सड़कों के गड्ढो के कारण होने वाली दुर्घटनाओं व मौतों को लेकर बड़े–बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन, सेमिनार, गोष्ठियां, जनचेतना रैलियां होती रहती है तो सड़क के निर्माण में लगे इंजीनियरों व अन्य कार्मिकों को शिक्षण प्रशिक्षण दिया जाता है। यह भी साफ है कि गड्ढों के जो प्रमुख कारण है वे भी किसी से छिपे हुए नहीं हैं। मोटे–मोटे रुप से कहा जाए तो सड़कों की खराब डिजाइन, हल्की सड़क निर्माण सामग्री, सड़क निर्माण मानकों की अनदेखी, सढ़कों पर पानी भरने, रखरखाव व देखरेख में लापरवाही, ठेकेदारों व अधिकारियों की लालची प्रवति, सड़कों के मरम्मत कार्य में लापरवाही, गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देने, सड़कों पर पानी की सही निकासी नहीं होने और इसी तरह के कई कारण है जिनके कारण सड़कों पर गड्ढे बन जाते हैं। देखा जाए तो थोड़ी से अनदेखी, लापरवाही और छोटे से लालच के कारण यही सड़के मौत का कारण बन जाती है। इसके साथ ही आम जन की परेशानी का कारण बनने के साथ ही सरकारी धन का नुकसान होता है वह अलग। केवल गड्ढा होने से दुर्घटना में मौत ही नहीं अपितु कितना नुकसान होता है यह किसी से छिपा नहीं है। एक पक्ष यह भी कि गड्ढों के कारण दुर्घटना के साथ अन्य होने वाले नुकसानों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वाहनों के कलपुर्जों टायर आदि को नुकसान, सामान्य आदमी को भी धचकों से होने वाले पीठ आदि के दर्द, बीमार आदमी के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर, ईंधन का नुकसान, समय का नुकसान सहित अनेक ऐसे नुकसान है जिनकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती।

> **हालात यहां तक हो गए है कि टोल सड़कों पर भी सड़कों के हालात अब ज्यादा अच्छे देखने को नहीं मिल रहे हैं। आखिर गड्ढों या अन्य कारणों से किसी भी तरह की जनहानि या धनहानि होती है तो वह राष्ट्रीय नुकसान ही है। इसलिए इस क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं को आगे आना होगा और कम से कम कम सड़कों के गड्ढों को तो मौत का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए।**

पिछले दिनों केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क निर्माण में होने वाली लापरवाही के लिए संबंधित इंजीनियर्स व अन्य को जिम्मेदार बनाने, समुचित रखरखाव, ड्रोन से निगरानी और लोगों को टोल नंबर पर शिकायत करने जैसी सुविधाएं या कदम उठाने की पहल की है। इसी तरह से यह प्रावधान भी कई राज्य सरकारों द्वारा किए गए है व किए जा रहे हैं कि निश्चित समय सीमा से पहले सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है तो उसकी जिम्मेदारी सड़क बनाने वाले ठेकेदार की होगी। पर इसकी कितनी पालना हो रही है यह किसी से छुपी हुई नहीं हैं। बल्कि देखने में तो यही आता है कि एक बार सड़क बन जाने के बाद उसका कोई धनी–धोरी ही दिखाई नहीं देता और फिर कभी कोई बड़ी दुर्घटना हो जाती है और उसके कारण बवंडर मच जाता है तब जाकर नींद खुलती है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि आज देश दुनिया में एक से एक नई तकनीक आ गई है। इसमें सड़क निर्माण की तकनीक भी शामिल है। पानी भरने वाले स्थानों पर सीमेंट कांक्रिट की सड़कें बनने लगी है पर ढाक के वहीं तीन पात दिखाई देते हैं और सड़कों की गुणवत्ता पर आए दिन प्रश्न उठते रहते हैं। हालाकि यह प्रश्न उठाने की बात नहीं बल्कि सामने दिखने वाली बात है। हालात यहां तक हो गए है कि टोल सड़कों पर भी सड़कों के हालात अब ज्यादा अच्छे देखने को नहीं मिल रहे हैं। आखिर गड्ढों या अन्य कारणों से किसी भी तरह की जनहानि या धनहानि होती है तो वह राष्ट्रीय नुकसान ही है। इसलिए इस क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं को आगे आना होगा और कम से कम कम सड़कों के गड्ढों को तो मौत का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए। सोचना यह होगा कि किसी जिम्मेदार की छोटी सी लापरवाही किसी परिवार पर कितना कहर बन कर आती है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 7 दिसम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2080, हस्त नक्षत्र शुक्रवार प्रातः 8:54 तक, आयुष्मान योग रात्रि 12:29 तक, वणिज करण सांय 4:06 तक, चन्द्रमा कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृश्चिक, चन्द्रमा–कन्या, मंगल–वृश्चिक, बुध–धनु, गुरू–मेष, शुक्र–तुला, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज भद्रा सांय 4:06 से गुरूवार प्रातः 5:07 तक रहेगी। आज भगवान महावीर तप कल्याणक दिवस (जैन) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:24 तक, चर 12:00 से 12:18 तक, लाभ–अमृत 12:18 से 2:54 तक, शुभ 4:11 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:06, सूर्यास्त 5:24




**मेष**
परिवार में चल रहे आपसी मतभेद दूर हो सकते हैं। स्वास्थ्य से संबंधित परेशानी से राहत मिलेगी। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिलेगी।



**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है।




**मिथुन**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**कर्क**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है।




**सिंह**
आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।




**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।




**वृश्चिक**
आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय के नवीन स्त्रोत सामने आयेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।




**धनु**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**मकर**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। मित्रों/रिश्तेदारों से मतभेद बढ़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**मीन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

# लघु एवं मझोले वर्ग के समाचार पत्रों का उत्पीड़न रोकने की मांग उठी

- विज्ञापन नीति की खामियों को दूर करने की उठी मांग
- आर. एन. आई. व सी. बी. सी. की कार्यशैली की हुई निन्दा



एसो. ऑफ स्मॉल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स ऑफ इण्डिया की राष्ट्रीय परिषद की बैठक आयोजित हुई।

**वेरावल/गुजरात।** एसोसिएशन ऑफ स्मॉल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स ऑफ इण्डिया की राष्ट्रीय परिषद की बैठक माहेश्वरी भवन के निकट स्थित टी. एफ. सी. सभागार में आयोजित की गई। बैठक का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात गुजरात इकाई अध्यक्ष मयूर बोरीचा व अन्य पदाधिकारियों ने बैठक में शामिल होने वाले सदस्यों व मंचासीन पदाधिकारियों का सम्मान किया। इसी दौरान सोमनाथ ट्रस्ट के प्रबंधक ने मंचासीन पदाधिकारियों का सम्मान किया।

बैठक में गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों की इकाइयों के अध्यक्ष व पदाधिकारी शामिल हुए और अपने अपने राज्यों से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्र/पत्रिकाओं के समक्ष आने वाली समस्याओं से अवगत कराया और उनका निराकरण करवाने की मांग रखी। बैठक में सी. बी. सी., आर. एन. आई. की कार्यशैली की आलोचना करते हुए कहा गया कि इनके द्वारा आये दिन ऐसे नियम थोपे जा रहे हैं जिसके कारण लघु एवं मझोले वर्ग का विकास दर प्रभावित हो रहा है और प्रकाशक परेशान हो रहे हैं। कुछ राज्यों में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की कार्यशैली की आलोचना की गई और बताया गया कि स्थानीय स्तर पर परेशान किया जा रहा जा है।

अनेक राज्यों से शामिल हुए सदस्यों द्वारा दी गई जानकारी के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव दत्त चंदोला ने कहा कि एसोसिएशन की इकाइयां अपने अपने राज्यों की समस्याओं को लिखित रूप से भेजें जिससे कि उन्हें सम्बन्धित विभाग अथवा मंत्रालय को भेज कर उनका निराकरण करवाने का प्रयास किया जा सके। इस दौरान श्री चंदोला ने कहा कि सरकारी मशीनरी जिस तरह से छोटे व मझोले वर्ग के अखबारों को परेशान कर रही है वह बहुत ही निंदनीय है और उसे कतई स्वीकार्य नहीं है। यह भी कहा कि सभी राज्य नियमित बैठक करें और अखबारों की समस्याओं को भेजें।

बैठक को राष्ट्रीय महासचिव शंकर कतीरा, राष्ट्रीय सचिव डॉ. अनन्त शर्मा व प्रवीण पाटिल, उप्र राज्य इकाई के अध्यक्ष व भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य श्याम सिंह पंवार, गुलाब सिंह भाटी, दीपक भाई ठक्कर ने सम्बोधित कर अखबारों की समस्याओं को उठाया। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल व्यस्तता के चलते बैठक में शामिल नहीं हो पाये, अतएव उन्होंने पत्र भेजकर बैठक के सफल आयोजन की शुभकामनाएं पत्र के माध्यम से प्रेषित की। बैठक में गुजरात, उप्र, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, कर्नाटक, उत्तराखंड, राजस्थान से प्रकाशित होने वाले अनेक समाचारपत्रों के प्रकाशक गण मौजूद रहे।

# जोधपुर पोलो सीजन–2023 की रंगारंग शुरुआत



टूर्नामेंट में मेयो कॉलेज और बालसमंद के बीच पोलो मैच खेला गया।

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्वीस्टेरियन इंस्टीट्यूट जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउंडेशन पोलो मैदान पाबूपुरा में बुधवार को 24वां जोधपुर पोलो सीजन 2023 शुरू हुआ। बैण्ड की सुमधुर लहरियों के बीच रंग–बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर सीजन की रंगारंग शुरुआत की गई। आयोजन पूर्व सांसद गजसिंह के मुख्य संरक्षण में हो रहा है। जोधपुर पोलो एवं इक्वीस्टेरियन इंस्टीट्यूट के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि बुधवार से शुरु हुए 24 वें जोधपुर पोलो सीजन 2023 में उम्मेद भवन पैलेस कप पोलो (4 गोल) टूर्नामेंट की शुरुआत हुई। रॉयल बग्गी में बैठकर मैदान में पहुंचे मुख्य अतिथि सेवानिवृत मेजर जनरल नरपत सिंह राजपुरोहित वी. एस. एम., अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने गेंद फेंककर मैच का शुभारंभ करवाया। मेहरानगढ़ बैण्ड व आर्मी पाईप बैण्ड की सुमधुर सुर लहरियों के बीच बच्चों ने रंग–बिरंगे बैलून हवा में छोड़कर जोधपुर पोलो सीजन 2023 की शुरुआत करवायी।

जोधपुर पोलो एवं इस्क्स्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि टूर्नामेंट में मेयो कॉलेज और बालसमंद के बीच पोलो मैच खेला गया। मेयो कॉलेज टीम को बालसमंद टीम ने 2 गोल के अन्तर से हराया। बालसमंद टीम के विश्वराज सिंह भाटी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अकेले 3 गोल किए। पेपसिंह भलासरिया ने पहले चक्कर मे 2 गोल व तीसरे चक्कर में षिवपाल सिंह ने 1 गोल किया। मुकाबले में मेयो कॉलेज टीम की ओर से खेलते हुए टीम के विदेशी खिलाडी लॉन्स वाटसन ने पहले व दूसरे चक्कर में एक–एक व तीसरे चक्कर में दो गोल किया। मैच के अम्पायर धनन्जय सिंह व कमेंट्री अंकुर मिश्रा ने की। मैच के दौरान महाराज मदनसिंह, राजेन्द्रसिंह, कर्नल गिरेन्द्र सिंह दाखां, डॉ. महेन्द्रसिंह राठौड़, अंकुर मिश्रा, मेयो कॉलेज के लेफ्टिनेंट जी.एस. राठौड़, राजेन्द्रसिंह लीलिया सहित अनेक पोलो प्रेमी उपस्थित थे।

# मतदाताओं का व्यवहार वैश्विक स्तर पर बदल रहा है



डॉ. रामावतार शर्मा

भारत में क्रिकेट के टूर्नामेंट होते हैं जिन्हे आईपीएल के नाम से जाना जाता है। इस प्रतियोगिता में एक टीम का उदाहरण लिया जा सकता है जिसका नाम है राजस्थान रॉयल्स। यहां दो बातों का विशेष ध्यान आता है। पहली तो यह कि यह टीम किसी पुराने राजघराने की नहीं है और दूसरी बात यह कि इस टीम में राजस्थान का कोई प्रमुख खिलाड़ी भी नहीं होता है।

पर देखा गया है कि राजस्थान के लोग इसे अपनी टीम मानकर इसके पक्ष में जोरदार हूटिंग करते है, इसकी जीत पर जश्न मनाते और हार पर संताप करते नजर आते हैं जबकि इन दोनो ही मनोदशाओं का कोई औचित्य नहीं है। मानव इतिहास में इस प्रकार का ध्रुवीकरण पहले नहीं देखा जाता था। लोग तभी ध्रुवीकृत होते थे जब कोई पारिवारिक या सामाजिक विपत्ति सामने नजर आने लगती थी। परंतु पिछले कुछ दशकों से तीव्र गति से विकसित होते संचार तंत्र और उसके फलस्वरूप चारों तरफ फैलते सामाजिक मीडिया के प्रभाव के कारण तकरीबन पूरी दुनियां में लोगों का बड़े स्तर पर ध्रुवीकरण हो रहा है। फिर चाहे वह क्रिकेट या फुटबॉल का कोई क्लब हो, किन्ही दो राष्टों के बीच युद्ध हो या फिर सत्ता प्राप्ति के लिए चुनाव हो। आज यह ध्रुवीकरण मनोवैज्ञानिकों, दार्शनिकों और सामाजिक विचारकों के लिए शोध एवम् मंथन का विषय हो चला है।

आज यदि हम विश्वपटल पर नजर डालें तो भारत, अमेरिका, इटली, फ्रांस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका सहित करीब करीब हर देश में वहां की जनता दो हिस्सों में ध्रुवीकृत हुई नजर आती है। जनता का बहुमत पक्ष या विपक्ष में अपना मत हमेशा देता आया है पर आज के समय जैसा कट्टर और तर्कहीन ध्रुवीकरण पहले कभी भी नजर नहीं आया था। अब अगर राजनीति के क्षेत्र की बात करें तो पिछले सौ सालों तक पूरे विश्व के जनतांत्रिक देशों में एक विशेष व्यवहार देखा जाता था जिसमें जनता का एक वर्ग दक्षिणपंथी और दूसरा वामपंथी होता था।

दक्षिण पंथी यानि परंपराओं में विश्वास रखने वाला जिसमें पूंजीवाद और व्यक्तिगत संपत्ति संग्रहण को प्रमुखता दी जाती हो। वामपंथ जो सैद्धांतिक तौर पर समानता, संसाधनों का बटवारा, स्वतंत्रता तथा अमीर गरीब की खाई कम करने के लिए कार्य करने का दम भरता था पर व्यवहार में निरंकुश एवम् क्रूर शासकों द्वारा हथिया लिया गया था। विश्व के कोई 20–25 प्रतिशत लोग कट्टर दक्षिण पंथी होते रहे हैं और 10 प्रतिशत लोग वामपंथी झुकाव वाले रहे हैं। दक्षिण पंथी लोगों में संस्कृति और धर्म के स्वयंभू रक्षक होने का भ्रम रहता है इसलिए ये लोग सदा ज्यादा संगठित और मुखर रहे हैं जबकि वामपंथी आपस में लड़ते झगड़ते तथा मरते–मारते रहे हैं। चूंकि दोनों समूहों के केंद्र में कट्टरता है तो दोनों द्वारा ही व्यापक हिंसा के अनेक उदाहरण प्रस्तुत होते रहे हैं।

अमेरिका के गणितज्ञ हैरोल्ड होटलिंग द्वारा 1929 में प्रतिपादित सिद्धांत के अनुसार दक्षिण पंथी पार्टियां सत्ता में आने के लिए कुछ वामपंथी नीतियां भी अपना लेती हैं ताकि नरम वामपंथियों के मत अपने पक्ष में डलवा सकें। वे ऐसा इसलिए कर सकती हैं क्योंकि उन्हें विश्वास होता है कि उनके कट्टर दक्षिण पंथी उन्हें कभी नहीं छोड़ पाएंगे। कई वामपंथी भी इस तरह के असफल प्रयास करते नजर आते रहे हैं। परंतु सोशल मीडिया के बड़े विस्तार ने होटलिंग के सिद्धांत में बड़ा छेद कर डाला है क्योंकि अब मतदाता वोटर कम और प्रशंसक एवं दर्शक अधिक बन गया है। लोग राजनीतिक पार्टियों को आईपीएल टीम की तरह मानने लगे हैं जिसमें एक अपनी और एक पराई टीम होती है। अपनी टीम के सदस्य की हर लापरवाही, अपराध, भ्रष्टाचार और अनैतिकता माफ या अनदेखी कर दी जाती है और विपक्षी की पराजय का जश्न मनाने के लिए मतदाता अपने आप को झोंक देता है। यही कारण है कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार में सामाजिक, आर्थिक, पुलिस एवम् प्रशासनिक सुधार जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे नहीं उठाती हैं। सारा चुनाव प्रचार व्यक्तिगत आरोप–प्रत्यारोप, चरित्रहनन और जन विभक्ति पर आधारित हो गया है। लोगों की एकरस जिंदगी में कुछ हलचल होती है और उनके द्वारा चंद सप्ताहों के काल्पनिक मनोरंजन तथा व्हाट्सएप और फेसबुक पर फूहड़ मजाकों द्वारा आत्मप्रशंसा तथा परनिंदा के माध्यम से कुछ समय काट लिया जाता है। अमेरिका जैसे देश में भी कई दशकों से रिपब्लिकन एवम् डेमोक्रेट मतदाताओं का जबरदस्त ध्रुवीकरण देखा जा रहा है जो अब और गहरा हो चला है। इस तरह का ध्रुवीकरण प्रारंभिक काल में बहुत लोगों को अच्छा लगता है इसलिए राजनीतिक पार्टियां इसको हवा देती रहती है। पर धरती पर हर विधा जिसका दुरुपयोग होता है उसका एक गुब्बारा भी बनता है जैसे शेयर बाजार में तेजी का गुब्बारा यानि बबल बनता है।

याद रखना चाहिए कि गुब्बारा फूलने की एक हद होती है इसलिए अत्यधिक हवा से हर गुब्बारा अचानक फूट पड़ता है। सामाजिक मीडिया और उसके राजनीतिक उपयोग दुरुपयोग का गुब्बारा भी पूरी दुनिया के देशों में लगातार फूलता जा रहा है और एक दिन फूटेगा यदि इस पर कोई नियंत्रण नहीं लगा। पर यह नियंत्रण लगाएगा कौन? सरकारों में बैठे लोग और विपक्षी दोनों इसके दुरुपयोग द्वारा अपने आप को महिमामंडित कर रहे हैं और जनता भी अपने दृष्टिकोण से इस प्लेटफार्म पर समय गुजार रही है। लगता है ऐसा कई वर्ष और चलेगा मगर कब तक? इस सवाल पर विश्व शोध क्षेत्र में अभी तो कोई सिद्धांत या परिकल्पना प्रतिपादित होते नजर में नहीं आ रहे हैं। सूचनाओं की आंधियों में चिंतन–मनन का समय किसे है? और यदि किसी ने प्रयास कर कुछ राय देने की हिम्मत कर भी डाली तो इस नक्कारखाने में तूती की आवाज सुनेगा कौन? समय का धमाका ही हवा में उड़ते लोगों को जमीन पर लाएगा क्योंकि राजनीति क्रिकेट आईपीएल या फुटबॉल विश्वकप नहीं है इसलिए यहां सक्रिय भागीदारी की बजाय मुग्ध दर्शक बनना जनतंत्र के अस्तित्व के लिए खतरा एवम् अधिनायकवाद के उदय होने की संभावनाओं का बीजारोपण भी हो सकता है।

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# गृह रक्षा का 61वां स्थापना दिवस मनाया, जागरूकता प्रभातफैरी एवं स्वच्छता अभियान चलाया



गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के समादेष्टा ललित व्यास ने ध्वजारोहण कर सलामी ली।

- इस अवसर पर कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा प्रथम श्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। गृह रक्षा के 61वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के समादेष्टा ललित व्यास ने बुधवार को ध्वजारोहण कर सलामी ली। इस दौरान गृह रक्षा मुख्यालय राजस्थान से प्राप्त बधाई संदेश का पठन किया गया एवं पुलिस महानिदेशक एवं महासमादेष्टा गृह रक्षा मुख्यालय द्वारा व्यास को महानिदेशक प्रशस्ति डिक्स एवं महानिदेशक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। साथ ही स्थाई स्टॉफ की तरफ से बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा प्रथम श्रेष्ठ प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

इसके उपरान्त वर्षभर सराहनीय व उत्कृष्ट कार्य करने एवं राजस्थान विधानसभा आम चुनाव–2023 के दौरान चुनाव ड्यूटी को शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले होमगार्ड्स कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जागरूकता प्रभात फैरी एवं विभिन्न उप केन्द्रों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान चित्रकला, वाद–विवाद, मेहन्दी, रंगौली, सुन्दर लेखन, वर्दी सज्जा, कैरम, लांगौरी (सितौलिया), रस्सा–कस्सी, क्रिकेट प्रतियोगिता, मूँछ प्रतियोगिता एवं भालाफैंक 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया एवं प्रथम आने वाले स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया। होमगार्ड्स बेस्ट वर्दी टर्न आउट पुरूष वर्ग में छोटू लाल शर्मा एवं महिला वर्ग में प्रियंका लखारा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मूँछ प्रतियोगिता में दुर्गालाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस दौरान कार्यालय के प्लाटून कमाण्ड़र माधव लाल, मुख्य आरक्षी शांति लाल, वरिष्ठ सहायक नरेंद्र सिंह मीणा एवं कनिष्ठ सहायक देवेन्द्र सिंह तथा अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर राजनारायण, त्रिलोकचन्द्र, बालू सिंह, महेन्द्र सिंह, रमेश कुमार, राकेश कुमार, विशाल, हरलेश कुमार, सदाकत अली, छोटूलाल, हीना बानू, लक्ष्मी, सोनू आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में पुलिस महानिदेशक एवं महासमादेष्टा गृह रक्षा, समादेष्टा, स्थाई स्टॉफ एवं स्वयंसेवकों को माधव लाल प्लाटून कमाण्डर द्वारा धन्यवाद दिया गया।

# गोगामेड़ी हत्याकांड की जांच के लिए एस.आई.टी. का गठन

## दोनों अभियुक्तों पर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम घोषित

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के श्याम नगर इलाके में दिन दहाड़े राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगमेड़ी की गोलीमार कर हत्या करने के मामले में सघन जांच के लिए एसआईटी गठित की गई हैं। वहीं मामले में गोगामेड़ी की पत्नी शीला राठौड़ और स्कूटी चालक ने अलग-अलग दो एफआईआर श्याम नगर थाने में दर्ज करवाई है।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बुधवार को इस मामले की सघन जांच के लिए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एन एम के पर्यवेक्षण में एसआईटी गठित की। डीजीपी मिश्रा ने बताया कि गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों अभियुक्त की पहचान हो गई है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज होते ही दोनों अभियुक्तों पर पांच-पांच लाख रुपए का ईनाम घोषित होगा और इन अभियुक्तों के बारे में जानकारी देने वालों को पांच-पांच लाख रुपए का इनाम मिलेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस तत्परता से हत्यारों की तलाश कर रही है।




**राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को मुख्य सचिव उषा शर्मा, गृह सचिव आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा और पुलिस आयुक्त जयपुर बीजू जार्ज जोसफ को राजभवन बुलाकर प्रदेश की कानून एवं शांति व्यवस्था की विशेष समीक्षा की।**

- **मामले में गोगामेड़ी की पत्नी शीला राठौड़ और स्कूटी चालक ने अलग-अलग दो एफआईआर श्याम नगर थाने में दर्ज करवाई है।**

### एस.आई.टी.में आनंदपाल एनकाउंटर वाली टीम के लोग

गोगामेड़ी के हत्यारों को पकड़ने के लिए बनाई गई एसआईटी में गैंगस्टर आनंदपाल सिंह का एनकाउंटर करने वाली टीम के लोगों को शामिल किया गया है। एसआईटी में एडीजी क्राइम दिनेश एमएन, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चन्द विश्नोई, पुलिस उपायुक्त, जयपुर दक्षिण योगेश गोयल, पुलिस अधीक्षक अपराध शाखा करण शर्मा, राजेश मीणा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण पारस जैन, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, जयपुर पश्चिम रामसिंह शेखावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कानून एवं व्यवस्था सिद्धान्त शर्मा व विद्याप्रकाश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा व शिव कुमार भारद्वाज को शामिल किया गया है।

### दिनेश एमएन को छुट्टी से बुलाया

मामले की गंभीरता को देखते हुए एडीजी क्राइम दिनेश एमएन को निजी अवकाश से बुलाया गया है। उन्होंने बुधवार को जयपुर पहुंचते ही टीम के साथ मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इस मामले में का गठन किया जा चुका है। वहीं आरोपियों को चिन्हित किया जा चुका है। जल्द से जल्द आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। जयपुर के वैशाली नगर थाने में इस एसआईटी की पहली बैठक होना भी सामने आया है।

### महेन्द्रगढ़ पहुंची एसआईटी

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी सहित दो लोगों की घर में घुसकर गोली मार हत्या करने वाले शूटरों का दूसरे दिन बुधवार को भी सुराग नहीं लग सका। जयपुर कमिश्नरेट टीम ने शूटरों की पहचान होने के बाद से बुधवार रात तक उनके छिपने के कई संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। बुधवार रात तक शूटर पकड़ में नहीं आ सके।

# राज्यपाल ने प्रदेश की कानून और शांति व्यवस्था की समीक्षा की

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के बाद उत्पन्न स्थिति के चलते बुधवार को प्रदेश की कानून एवं शांति व्यवस्था की समीक्षा की।

मिश्र ने मुख्य सचिव उषा शर्मा, गृह सचिव आनंद कुमार, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा और पुलिस आयुक्त जयपुर बीजू जार्ज जोसफ को राजभवन बुलाकर प्रदेश की कानून एवं शांति व्यवस्था की विशेष समीक्षा की। इस अवसर पर मिश्र ने कहा कि प्रदेश में शूटरों द्वारा दिन दहाड़े हत्या गंभीर मामला है।

उन्होंने इस संगठित अपराध से उपजे हालात पर निरंतर निगरानी रखे जाने की हिदायत दी। विशेष रूप से उन्होंने अपराधियों को पकड़े जाने के लिए पुख्ता कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून एवं शांति व्यवस्था किसी भी स्तर पर नहीं बिगड़े, इसके लिए पुलिस और प्रशासन सभी स्तरों पर प्रभावी कदम उठाए।

उन्होंने पुलिस और प्रशासन के स्तर पर निरंतर सभी स्थानों पर अलर्ट रहते हुए कार्य करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी स्तर पर कोताही और लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि कानून व्यवस्था सर्वोपरि है। सभी स्तरों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि आम जन को प्रदेश में किसी भी स्थान पर परेशानी की स्थिति नहीं पैदा हो। उन्होंने इस संबंध में उत्पन्न स्थितियों की निरंतर मॉनिटरिंग किए जाने की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा शांति और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। संगठित अपराधों पर कडी निगरानी रखी जाए और अपराध से जुडी किसी भी घटन पर सख्त और प्रभावी कार्यवाही की जाए।

मिश्र ने आम जन से शांति और कानून व्यवस्था में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा है कि अपराधियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कानून एवं शांति व्यवस्था में सभी के सहयोग का आव्हान करते हुए कहा कि हालात पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है।

बैठक में उषा शर्मा ने बताया कि प्रदेश भर में जिला कलेक्टर स्तर पर हालात की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। केंद्र सरकार के स्तर पर भी तीन कंपनियां तैनात की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में पोस्टमार्टम और एफआईआर दर्ज कर अपराधियों को पकड़े जाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा और गृह सचिव आनंद कुमार ने घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अपराधियों को गिरफ्तार करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है गोगामेड़ी हत्याकांड के बाद जयपुर में धरना चल रहा है और राजपूत करणी सेना एवं सर्वसमाज के राजस्थान बंद के आव्हान पर राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहरों में बंद का असर रहा और इस दौरान प्रदर्शन भी किया गया।

# राज्यपाल ने अमित शाह से बात की

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड से उपजे हालात के बारे में बात की। इस दौरान मिश्र ने प्रदेश में कानून और शांति व्यवस्था के बारे में भी उन्हें विस्तार से जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मंगलवार को बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर देने के बाद जयपुर में धरना दिया जा रहा था, जहां बड़ी संख्या में लोग इक्कठे हो रहे थे।

बुधवार को राजस्थान बंद भी रहा। बंद के दौरान जयपुर सहित विभिन्न स्थानों पर सड़कों पर प्रदर्शन किया गया।

# राजू ठेहट हत्याकांड की तरह ही रची गोगामेड़ी को मारने की साजिश

- **दोनों घटनाओं को अंजाम देने का तरीका काफी मिलता-जुलता है**
- **शूटरों ने सबसे पहले गोगामेड़ी के परिचित नवीन शेखावत को मोहरा बनाया।**

**जयपुर।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या की साजिश एक साल पहले सीकर में हुए राजू ठेहट हत्याकांड से मिलती-जुलती है। जिस तरह सेल्फी के बहाने करीब पहुंचे बदमाशों ने ठेहट की हत्या की थी, उसी तर्ज पर गोगामेडी मर्डर को अंजाम दिया गया।

सीकर में जिस तरह से रोहित गोदारा गैंग ने एक साल पहले राजू ठेहट की हत्या की थी, हूबहू उसी तर्ज पर गोगामेडी की हत्या की साजिश बुनी गई। राजू ठेहट की भी पहले रेकी की गई थी। फिर सेल्फी खींचने के बहाने शूटर ठेहट के करीब गए और घर के बाहर ही हत्या कर भाग निकले थे।

जानकारी के अनुसार अपने दफ्तर में गोगामेड़ी अक्सर लोगों से घिरे रहते थे। सम्मान करने और मिलने के लिए काफी संख्या में लोग आते रहते थे। शूटरों ने भी गोगामेड़ी को शादी में बुलाने का बहाना बनाया। करीब पहुंचने के लिए शूटर दो नए साफा खरीदकर भी लाए थे। ताकि सम्मान के बहाने गार्ड या उनके किसी करीबी को शक न हो। शूटरों ने सबसे पहले गोगामेड़ी के परिचित नवीन शेखावत को मोहरा बनाया। नवीन को शादी का कार्ड देना था, उसी बहाने उसके साथ हो गए और गोगामेडी से मिलवाने की जिद करने लगे।

फुटेज में गोगामेडी पर फायरिंग करते दिख रहे एक आरोपी का नाम रोहित राठौड़ है। रोहित के खिलाफ नाबालिग से रेप का केस दर्ज है। वह कई साल तक जेल में था। तीन साल पहले ही जमानत पर छूटा था। वह आर्म्स एक्ट में भी गिरफ्तार हुआ था। उसके पिता गिरधारी सिंह राठौड आर्मी में थे। डेढ़ साल पहले उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।

रोहित का परिवार मूलतः जूसरी (मकराना) का रहने वाला है। करीब 30 साल से परिवार जयपुर में झोटवाड़ा के जसवंत नगर में रह रहा है। पडोसी बोले- पूरा मोहल्ला रोहित से परेशान था रोहित की एक बहन भी है, जिसकी शादी हो चुकी है। रोहित मां के साथ जसवंत नगर में रहता है। पडोस के लोगों का कहना है कि पूरा मोहल्ला रोहित से परेशान था।

जेल से आने के बाद खुद लग्जरी गाड़ियों में घूमता था। कई बार घर पर लग्जरी गाड़ियों में युवक आते रहते थे। गांव में भी उसका लोगों से कम मिलना-जुलना रहता था। कई बार गांव के लोगों से मारपीट कर चुका था। इसी वजह से ज्यादातर जयपुर में रहता था।

गोगामेड़ी को पिछले तीन साल से धमकियां मिल रही थीं। पिछले एक साल में धमकियों का सिलसिला बढ़ गया था।

# बाबा बालकनाथ ने बुधवार को नहीं दिया सांसद पद से इस्तीफा



**दिल्ली में बुधवार को भाजपा के तीन सांसदों दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और किरोड़ी लाल मीणा ने इस्तीफा दिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा के साथ फोटो भी खिंचवाई।**

- **राज्यवर्धन और किरोड़ी के इस्तीफे के बाद राजनैतिक गलियारों में चर्चा**

**जयपुर।** राजस्थान में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा ने कई सांसदों को मैदान में उतारा था। जिसमें तीन सांसदों की हार हो गई है और चार की जीत हुई है। दिल्ली में भाजपा के तीन सांसदों ने इस्तीफा दे दिया है। उसकी एक तस्वीर भी सामने आई है। जिसमें अलवर के सांसद और तिजारा से विधान सभा चुनाव जीतने वाले बाबा बालक नाथ की तस्वीर गायब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा के साथ दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और किरोड़ी लाल मीणा दिख रहे हैं। मगर, बाबा बालक नाथ उसमें नहीं है। हालांकि, सूत्रों का कहना है बाबा बालक नाथ भी इस्तीफा जल्द ही दे सकते हैं। उन्हें अभी कहा नहीं गया है। इसीलिए अभी उन्हें इन्तजार है। मगर, यहां की सियासत में चर्चा तेज है।

सांसद दीया कुमारी ने इस्तीफा देने के बाद अपने बयान में कहा है कि नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी नड्डा तथा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात के बाद, संसद की सदस्यता से इस्तीफा दिया है। विद्याधर नगर के विधायक के रूप में जनसेवा के अपने नए कर्तव्य की ओर कदम बढ़ाए है। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में विद्याधर नगर को एक बेहतर और विकसित क्षेत्र बनाने का मेरा संकल्प अवश्य सिद्ध होगा। कुछ विधायकों को लोकसभा भेजने की भी तैयारी हो रही है। इसीलिए उन्हीं समीकरणों को साधा जा रहा है। राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा की मार्च 2024 में सीट खाली हो रही है। उसे लेकर भी कुछ नेताओं का नाम चल रहा है। इतना ही नहीं वर्ष 2024 में राज्यसभा की तीन सीटें राजस्थान में खाली हो रही हैं। उन सभी सीटों को लेकर यहां पर हलचल है। भूपेंद्र यादव का मार्च 2024 में कार्यकाल पूरा हो रहा है। कई दिग्गज नेता लोकसभा और राज्यसभा की कतार में लगे हैं।

# क्या लोकेश शर्मा बनेंगे सरकारी गवाह?

- **ऐसा इसलिए कहा जा रहा है कि लोकेश शर्मा ने खुद स्वीकार किया है कि जुलाई 2020 में कुछ विधायकों और अन्य लोगों के फोन टैप किए गए थे**

**जयपुर, (का.प्र.)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा क्या फोन टैपिंग मामले में सरकारी गवाह बन सकते हैं। इस तरह की आशंका इसलिए बलवती हो रही है कि बुधवार को ही एक मीडिया हाउस से बात करते हुए लोकेश शर्मा ने स्वीकार है कि जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के दौरान सरकार ने सरकारी मशीनरी को काम पर लगाते हुए सभी कुछ सर्विलांस पर ले लिया था। ऐसा कहकर एक तरह से लोकेश शर्मा ने इस बात पर मोहर लगा दी है कि जुलाई 2020 में पार्टी विधायकों के साथ ही कुछ अन्य लोगों के फोन टैप किए गए थे।

अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा ने एक मीडिया एजेंसी से बात करते हुए कहा कि सरकार गिराने की संभावनाओं के बीच सरकार ने कुछ विधायकों के फोन टैप कराए थे। जब 2020 का राजनीतिक संकट आया और सचिन पायलट अपने 18 विधायकों के साथ चले गए थे, तब सरकार ने अपनी मशीनरी को काम में लगाया था। तब हर किसी पर नजर रखी जा रही थी। सब कुछ सर्विलांस पर था।

लोकेश शर्मा ने कहा कि सरकार गिरने की स्थिति में आ गई थी, जब पॉलिटिकल क्राइसिस चल रहा था और सचिन पायलट के साथ 18 विधायक मानेसर चले गए थे, तो सरकारों का काम होता है, सभी पर निगरानी रखी जाए। साथ ही लोगों को सर्विलांस पर रखना होता है कि ये लोग किससे मिल रहे हैं, कहां जा रहे हैं, कहां आ रहे हैं?

# 'राजस्व वसूली के लिए विशेष प्रयास करें अभियन्ता'

**जयपुर (कासं)।** विद्युत वितरण निगमों के अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत ने बुधवार 6 दिसम्बर को तीनों विद्युत वितरण निगमों में विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी सर्किलों को मार्च माह का इन्तजार करने के बजाय यह प्रयास करना चाहिए कि फरवरी माह में ही सौ फीसदी राजस्व वसूली का लक्ष्य प्राप्त हो जाए। इसके साथ ही समग्र तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानि को कम करने के लिए भी विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। राजस्थान सौलर एसोशिएसन के प्रतिनिधियों ने रुफटॉप सौलर पावर प्लांट्स की स्थापना में आ रही समस्याओं एवं प्रमुख सुझावों पर प्रजेन्टेशन दिया गया। प्रदेश में रुफटॉप सौलर पावर प्लांट्स की स्थापना को बढावा देने के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के साथ ही प्रत्येक जिला मुख्यालय पर शिविर आयोजित किए जाएं।


**तीये की बैठक**




अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी धर्मपत्नी **ओम कँवर** पत्नी ठा. सा. बुद्ध सिंह राजावत का स्वर्गवास हो गया। तीये की बैठक 07.12.2023 को हमारे निवास स्थान ठि. पँवालिया पर 2:00 से 4:00 बजे तक रहेगी।

**शोकाकुल**- बुद्ध सिंह राजावत (पति) राम सिंह, भँवर सिंह, शिवराज सिंह, मोहन सिंह, कल्याण सिंह, मगेज सिंह, बन्ने सिंह, नन्द सिंह (पुत्र), भरत सिंह (पौत्र), मानवेन्द्र सिंह, कुनाल सिंह एवं समस्त राजावत परिवार ठि. पंवालिया त. सांगानेर जि. जयपुर।

9549000098, 9929348198, 9928860692



**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# वसुंधरा के घर के बाहर लगे मोदी को बधाई देते बड़े होर्डिंग्स




**पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के घर के बाहर मंगलवार की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो सहित राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की जीत की बधाई देते होर्डिंग्स लगाये गये हैं।**

- **राजनीतिक मैसेज कि वे बगावत के मूड में नहीं**

**जयपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे दो दिन से अपने आवास पर विधायकों की फौज इकट्ठा करके बगावत के मूड में नजर आ रही थी, लेकिन मंगलवार की रात आनन-फानन में उनके घर के बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो सहित राजस्थान मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की जीत की बधाई देते लगे पोस्ट से राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा शुरू हो गई है।

बड़े होर्डिंग लगाने के बाद चर्चा है कि दिल्ली में उनके घर विधायकों के जमावड़े से बगावत के जा रहे मैसेज को मैनेज करने के लिए राजे ने यह होर्डिंग लगवाए हैं। हालांकि होर्डिंग से राजे संभवतः यह मैसेज भी देना चाह रही हैं कि वह भाजपा की मजबूत सिपाही हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उन्हें पूरा विश्वास है। होर्डिंग की खास बात यह है कि उन्होंने मोदी के फोटो वाले इस होल्डिंग में नीचे बड़े अक्षरों में केवल अपना नाम लिखा है। उसके आगे ना तो भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और ना ही पूर्व मुख्यमंत्री लिखा है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के घर चुनाव परिणाम आने के दूसरे दिन से लगातार 2 दिन अब तक 30 से अधिक विधायक उनसे मिलने उनके आवास जा चुके हैं जिसे उनके सीएम पद को लेकर पावर पॉलिटिक्स से जोड़कर देखा जा रहा है लेकिन राज्य समर्थकों का कहना है कि वसुंधरा राजे राजस्थान की बड़ी नेता हैं और चुनाव जीतने के बाद विधायक स्वतः ही उनसे मिलने आ रहे हैं। होर्डिंग लगाकर राजे भी मैसेज देना चाह रही है कि वह पूरी तरह भाजपा के साथ है और बगावत की खबरें झूठी हैं।

# जेकेके की आर्ट गैलरी में सजेगा 450 पेंटिंग्स का संसार

**जयपुर (कासं)।** जवाहर कला केन्द्र की सबसे बड़ी कला दीर्घा चतुर्दिक आगामी दिनों में देश भर के 60 चित्रकारों की करीब 450 पेन्टिंग्स के रंगों से आबाद रहेगी। यह आयोजन मुंबई के युवा आर्किटेक्ट एवं आर्ट प्रमोटर मितुल अग्रवाल कर रहे हैं।

बुधवार को कलाकारों ने मिलकर कलाकृतियों को दीवारों पर सजाना शुरू कर दिया है। मितुल ने इस आयोजन को स्प्लेश-2023 नाम दिया है। मितुल ने बताया कि स्प्लेश का हिन्दी अर्थ होता है छिड़काव। इसी मनोभाव के अनुरूप इस एग्जीबिशन में कला प्रेमी तरह तरह के रंगों की बौछार का अनुभव करेंगे। 8 से 10 दिसंबर तक होने वाली इस एग्जीबिशन और भी कई कलात्मक आयोजन होंगे, जिनमें आर्ट टॉक, देश के विभिन्न शहरों से आए कलाकारों का लाइव डेमोंस्ट्रेशन और आर्ट स्टोरी टेलिंग सहित ऐसे कई कार्यक्रम होंगे जो शहर के कला प्रेमियों को जवाहर कला केन्द्र में पूरा दिन बिताने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रदर्शनी का उद्घाटन 8 दिसंबर को अपराह्न 3.00 बजे देश के जाने माने चित्रकार डॉ. विद्यासागर उपाध्याय करेंगे। इसी दिन 4 से 5 बजे तक आर्ट टॉक विद चीफ गेस्ट और शाम 5.00 बजे से एग्जीबिशन का वीआईपी रिव्यू कार्यक्रम होगा।


**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 232/23

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम दिव्या माला सक्सैना पुत्री श्री राजेश मणी सक्सैना

विवाद स्थान ग-175 भवानी नगर मुरलीपुरा सीकर रोड जयपुर

मृतक दिनेश चन्द्र सक्सैना, शांति श्रीवास्तव की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 19.12.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम (1) दिनेश चन्द्र सक्सैना पुत्र स्व.श्री बलदेव प्रसाद सक्सैना (2) शांति श्रीवास्तव पुत्री स्व.श्री मुरारी लाल श्रीवास्तव जाति कायस्थ निवासी ग-175 भवानी नगर मुरलीपुरा सीकर रोड जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 19 माह 12 सन् 2023 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 18 माह 11 सन् 2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा न्यायालय से-वरिष्ठ मुंसरिम
जिला एवं सैशन न्यायालय
जयपुर महानगर-द्वितीय



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 72/2023

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री रामगोपाल योगी पुत्र स्व. श्री बल्लूनाथ योगी व अन्य, मंदिर श्री महादेव जी महाराज ग्राम आसन घाटडा ग्राम पंचायत टोडा जयसिंहपुरा टहला जिला अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत प्रन्यास मंदिर श्री महादेव जी महाराज, ग्राम आसन घाटडा, ग्राम पंचायत टोडा जयसिंह पुरा, तहसील टहला जिला अलवर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 30.10.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 03.01.2024

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग जयपुर



**आम सूचना** सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्य श्री उमरदीन पुत्र स्व. श्री बदरूद्दीन, निवासी जामा मस्जिद के पास, नेहरू बाजार, बगरू, जिला जयपुर की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य का बड़ा पुत्र सोहेल उनके कहने व सुनने में नहीं है तथा पिछले करीब पांच वर्षों से मेरे अभिभाष्य से अलग रह रहा है, इस कारण मेरे अभिभाष्य ने अपने बड़े पुत्र सोहेल को अपनी निजी जिन्दगी, जायदाद एवं समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में सोहेल का मेरे अभिभाष्य की चल व अचल सम्पत्ति व निजी जिन्दगी से कोई सम्बन्ध व सरोकार नहीं रहेगा। यदि कोई मेरे अभिभाष्य के पुत्र सोहेल से किसी प्रकार का संव्यवहार करता है तो मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।

(मोहम्मद इस्लाम खान) एडवोकेट, मोः 9414345730



**Presiding Officer : अरविन्द दरिया**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MJC/0000048/2022)

सुनन्दा नांगलिया.......... वादी
VS
सुनीता.......... प्रतिवादी

Process Id- /2023
पेशी दिनांक-20/12/2023

प्रेषिती-(1) विनीता मेहता पत्नि केशव मेहता पता- 9 विकास पथ पुरानी सब्जी मण्डी के पास अलवर राजस्थान
(2) श्रीमति सुनीता पति सतीश कुमार सयाल पता- एफ एस एस फ्लेट बी ई 68 मीरा, माडल स्कूल के सामने जनकपुरी नई दिल्ली 110058

यह कि प्रार्थी सुनन्दा नांगलिया ने आपके विरुद्ध आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 9 नियम 9 व धारा 151 सीपीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्षय के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 नवम्बर 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(अरविन्द दरिया)
द्वितीय जिला न्यायाधीश, नीमच जिला-नीमच (म.प्र.)



प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21 )

**कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

मुकदमा नम्बर 283/2023

चूंकि प्रज्ञा सुराणा पत्नी देवेन्द्र सुराणा निवासी 15 सिद्धार्थ नगर, सोडाला अजमेर रोड जयपुर राजस्थान 302019 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत **श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मण्डल सी स्कीम समिति जयपुर** भिक्षु साधना केन्द्र, श्रीराम मार्ग वशिष्ठ मार्ग, श्याम नगर जयपुर के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.23 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 31.1.24

आकाश राजन (आर.ए.एस)
सहायक आयुक्त (प्रथम)



**खोया पाया**

मेरे घर, सी-5, सिंधी कॉलोनी, राजापार्क, जयपुर-302004 के मूल संपत्ति दस्तावेज (पंजीवृत्त वसीयतनामा संख्या 2005007687 दिनांक 27/07/2005, अन्य संबंधित लिंक/चेन दस्तावेजों सहित) खो गए है। मिलने पर सूचित करे, नरेंद्र हल्दिया-8792519607



**NAME CHANGE**

I HARENDRA SINGH CHAMPAWAT S/O ACHAL SINGH CHAMPAWAT R/O 249 SONI MOHALLA GEEJGARH SIKRAI DIST. DAUSA THAT MY DAUGHTER NAME IS DEVNSYASI RATHORE IS WRONG ENTERED IN BIRTH CERTIFICATE BUT CORRECT IS DEVYANSHI RATHORE IN FUTUR CALLED DEVYANSHI RATHORE FOR ALL PURPOSES

I army no JC701126Y Ex Sub (Hony capt) mool Chand Dhaka S/O chmna Ram Dhaka R/O 73 C Devi Nagar harnathpura kalwar road jhotwara Jaipur that have changed my daughter name from RAJANA DHAKA To RANJANA DHAKA( DOB 15/3/1997) and SANJANA To SANJANA DHAKA ( 15/3/2002) vide affidavit dated 5 dec.2023 before district notary Jaipur

मैंने मेरा नाम तरुण कुमार मयानी से बदलकर तरुण मयानी रख लिया। भविष्य में मुझे नये नाम से जाना पहचाना जावे। पताः-91/91 पटेलमार्ग, मानसरोवर, जयपुर

मै नं. JC453513K सूबेदार संदीप कुमार मेरे भारतीय सेना के दस्तावेजो में मेरी पत्नी का नाम Isha Devi है। जो की गलत है। जबकि समस्त दस्तावेजो में Iesha Devi है। जो सही है। भविष्य में Isha Devi को Iesha Devi के नाम से जाना जायें।

मैं रामपति मीना पत्नी मुकेश कुमार मीना निवासी सांभर झील जिला जयपुर वर्तमान में रा.उ.मा.विद्यालय बोरडा (222564) तह.कोटडी जिला शाहपुरा में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हूँ मैंने मेरा नाम रामपति मीना से बदलकर प्रीति मीना रख लिया है इसका प्रकाशन राजस्थान राजपत्र जुलाई 6, 2023 अंक 14 भाग 7 पृष्ठ संख्या 2589 पर करवा दिया है भविष्य में मुझे प्रीति मीना के नाम से जाना पहचाना जावे।


# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या का प्रदेशभर में विरोध, कई जगह ट्रेनें रोकी, बाजार बंद रहे

**प्रदेशभर में पुलिस अधिकारियों ने हालात को काबू पाने के लिये व्यवस्था चाक चौबंद कर रखी थी**

## उदयपुर में कई जगह पर टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन, कई जगह तोड़फोड़ की



सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या करने के विरोध में उदयपुर के बाजार बंद रहे।



भींडर में राजपूत समाज के लोगों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया।

**उदयपुर/डूंगरपुर/भींडर, (कासं)।** श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में हुई हत्या के बाद प्रदेश में विरोध-प्रदर्शन व तनाव के बीच बुधवार को उदयपुर पूरी तरह से बंद रहा। शहर के बाजारों में दुकानें व प्रतिष्ठान स्वत: बंद रहे वहीं कुछ स्थानों पर खुली दुकानों, बैंक व कार्यालयों को विरोध कर रहे लोगों ने बंद करवाया। सुबह सेवाश्रम चौराहे पर इस विरोध-प्रदर्शन की शुरूआत हुई जो दोपहर तक कलेक्ट्री पर पहुंच गया जहां आक्रोशित लोगों ने पुलिस से हुई झड़प के बीच कलेक्ट्री के अंदर पत्थर भी फेंके हालांकि कुछ ही देर में पुलिस अधीक्षक ने लोगों को समझाइश कर मामला शांत करवाया। शाम 4 बजे बाद शहर में स्थिति सामान्य हो गई। बंद के दौरान शहर की सवीना सब्जी मंडी में विरोध कर रहे लोगों ने सब्जियां फेंक दी वहीं सड़कों पर डिवाइडर पर लगी लोहे की रैलिंगे भी उखाड़ दी।

सेवाश्रम पर सुबह 9 बजे सभा हुई इसके बाद रैली निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में शामिल लोग बापूबाजार, देहलीगेट होते हुए कलेक्ट्री पहुंचे। यहां लोगों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। उदयपुर कलेक्ट्री के बाहर प्रदर्शन के दौरान कई बार स्थिति तनावपूर्व भी हो गई। आक्रोशित युवकों ने कलेक्ट्री पर पत्थर, लकड़ी के डंडे व जूते-चप्पल फेंके। एसपी भुवनभूषण ने समझाइश कर उन्हें शांत

- **उदयपुर बंद के दौरान कलेक्ट्री पर तनातनी, कलेक्ट्री में पत्थर व डंडे फेंके**

करवाया। करणी सेना की ओर से कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंप हत्यारों को सख्त सजा की मांग की गई।

परशुराम चौराहे के समीप एक होटल पर तोड़फोड़ व सवीना सब्जी मंडी में वहां लगे कुछ खोमचों का सामान भी सड़क पर फेंक दिया। चेतक सर्किल के समीप एक जेवरात की दुकान के बाहर लगे बोर्ड और कांच को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। रैली के दौरान आक्रोशित बंद समर्थकों के सड़क के डिवाइडरों पर लगी लोहे की रेलिंग भी तोड़ दी। बजरंग सेना मेवाड ने बंद को समर्थन देते हुए हिरणमगरी उपनगरीय क्षेत्र में दुकानें बंद करवायी। भाजपा की ओर से बंद को समर्थन देते हुए भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी कलेक्ट्री पहुंचे और जिलाधीश को राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया।

**डूंगरपुर संवाददाता के अनुसार :** डूंगरपुर शहर सहित आसपुर, सागवाडा,वरदा सहित पूरे जिले के गांवो में विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंप कर हत्यारों को फांसी की मांग की है। शहर में हत्या के विरोध में सुबह से ही सर्वसमाज सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों का प्रताप सर्कल पर जुटना शुरू हो गया। जिसके बाद विशाल रैली व नारेबाजी के साथ सभी लोग जिला कलेक्ट्रेट के बाहर पहुंची। जहां नारेबाजी व प्रदर्शन किया।

**भीण्डर संवाददाता के अनुसार :** गोगामेडी की हत्या के विरोध में बुधवार को सम्पूर्ण भीण्डर नगर पूरे दिन बंद रहा। सभी व्यापारिक संगठनों ने बंद को समर्थन दे दिया था, जिसके चलते सुबह से बाजार नहीं खुले, छूटपुट दुकानें खुली तो उनको भी निवेदन के साथ बंद करवा दिया। इसके बाद सूरजपोल चौराहे पर एकत्रित हुए सैकडों युवा व नागरिकों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया और रैली के रूप में पुलिस थाने पहुंच करके उपखण्ड अधिकारी पर्वतसिंह चुण्डावत को ज्ञापन सौंपा।

## भीलवाड़ा व शाहपुरा में प्रदर्शन, टायर जलाकर विरोध जताया



भीलवाड़ा में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन की पटरियों पर डेरा डाला और ट्रेन को रोक दिया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की मंगलवार को जयपुर में घर में घुस कर की गई गोली मारकर हत्या के मामले में प्रदेश भर में चल रहे विरोध की आग बुधवार को भीलवाड़ा तक पहुंच गई। सर्वसमाज ने भीलवाड़ा, गंगापुर, शाहपुरा, कोटड़ी, आसीन्द, बनेड़ा सहित अन्य कस्बे बन्द रखे और कहीं रैली निकालकर तो कहीं टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। वहीं भीलवाड़ा में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन की पटरियों पर डेरा डाला और ट्रेन को

- **भीलवाड़ा, गंगापुर, शाहपुरा, कोटड़ी, आसीन्द, बनेड़ा सहित अन्य कस्बे बन्द रहे**

रोक दिया। विरोध के चलते शहर पूरी तरह से बन्द है और गली-मौहल्ले तक की दुकानें नहीं खोली गई। आक्रोशित भीड़ ने जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

शाहपुरा जिला के सुजान क्षत्रिय संस्थान अध्यक्ष सम्पत सिंह राणावत ने बताया कि जयपुर में मंगलवार को गोगामेड़ी हत्याकांड मामले में करणी सेना, क्षत्रिय महासभा आदि राजपूत संगठनों द्वारा राजस्थान बंद के आव्हान पर शाहपुरा जिले के भी कई कस्बे बंद रखे गए। गोवर्धन सिंह राणावत ने बताया कि इस हत्याकांड मामले में जब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक शाहपुरा अनिश्चितकालीन बंद रहेगा। इसी तरह गंगापुर, बनेड़ा, कोटड़ी और जिले के अन्य क्षेत्रों में भी इस हत्याकांड के विरोध ने बाजार बंद रहे और विरोध प्रदर्शन किया गया।

## दौसा में आक्रोश, सड़कों पर उतरा सर्व समाज

**दौसा, (निसं)।** राजपूत करणी सेना के चीफ गोगामेडी मर्डर कांड के विरोध में उपजा आक्रोश बुधवार को सड़कों पर नजर आया। राजपूत समाज सहित सर्व समाज ने विभिन्न जगहों पर

- **पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की**

जाम लगाकर प्रदर्शन करते हुए हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।



गोगामेड़ी हत्याकांड के विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद रखे।

वहीं सड़कों पर टायर जलाए गए एवं हत्याकांड के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई। गोगामेडी हत्याकांड का असर जिले भर में देखने को मिला जहां पर युवाओं द्वारा प्रदर्शन करते हुए विरोध स्वरूप बाजार बंद कराये। जहां व्यापारियों द्वारा राजस्थान बंद के आव्हान को समर्थन देते हुए इस हत्याकांड के समर्थन में बाजार बंद रखे गए। जिले के बांदीकुई, महुआ, सिकराय, लालसोट सहित जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन के दौरान राजपूत समाज द्वारा कहा गया कि जब सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को जान से मारने की धमकी मिल रही थी इसकी शिकायत शासन प्रशासन को की गई, लेकिन शासन द्वारा गोगामेड़ी को सुरक्षा उपलब्ध नहीं कराई गई नतीजन उनकी हत्या हो गई। इसी तरह बांदीकुई उपखंड मुख्यालय पर भी बुधवार को राजपूत समाज सहित अन्य समाज के लोगों द्वारा प्रदर्शन करते हुए हत्याकांड के आरोपियों को 24 घंटे में गिरफ्तार करने की मांग की।

## करणी सेना के आव्हान पर अजमेर बंद सफल रहा

**अजमेर, (कासं)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के बाद राजपूत समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया। करणी सेना ने विरोध स्वरूप बुधवार को राजस्थान बंद का ऐलान किया। अजमेर शहर सहित जिले भर में श्री करणी सेना की ओर से बंद का आव्हान किया गया, जिसके अंतर्गत अजमेर शहर पूरी तरह बंद सफल रहा। वहीं बंद को लेकर एसपी के दिशा निर्देशों पर पुलिस ने शहर सहित जिले भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए, जगह-जगह पुलिस का जाब्ता तैनात रहा।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष यज्ञ प्रताप सिंह के नेतृत्व में बुधवार को अजमेर में करणी सेना के कार्यकर्ता और राजपूत समाज के लोग व युवा सड़कों पर लाठी-डंडों के साथ निकले और व्यापारियों से दुकानें बंद रखकर बाजार की अपील की, साथ ही खुले हुए बाजारों में दुकानों को बंद कराया गया। करणी सेना के कार्यकर्ता रोडवेज बस स्टैंड पहुंचे और बस स्टैंड पर खुली दुकानें देख कार्यकर्ता




अजमेर में बंद के कारण बाजार सूने दिखे।

आक्रोशित हो गए और दुकानों को उन्होंने बंद कराया। करणी सेना के बंद के आव्हान के चलते अजमेर शहर सहित जिलेभर में बंद का असर देखने को मिला। जिले के नसीराबाद, किशनगढ़, सरवाड़, केकड़ी, ब्यावर सहित आसपास के क्षेत्रों में कस्बों का बाजार पूरी तरह बंद रहा। राजपूत समाज के लोगों ने बुधवार को बंदर के दौरान पुलिस व प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। जिला पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट, सहित आला अधिकारी स्थित की मॉनिटरिंग करते रहे। जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने अफसरों से समय-समय पर फीडबैक भी लिया। बंद को लेकर कहीं से भी कोई तोड़फोड़ अथवा हिंसक वारदात की सूचना नहीं मिली, बंद शांतिपूर्ण रहा।

## बीकानेर रेंज में ए श्रेणी की नाकेबंदी

**बीकानेर, (निसं)।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के बाद पूरे प्रदेशभर में राजपूत समाज में विरोध है। लॉ एंड ऑर्डर को बनाये रखने के लिए डीजीपी के निर्देश पर सभी संभागों व जिलों में पुलिस प्रशासन को अलर्ट रहने को कहा गया है। ऐसे में बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश पासवान ने संभाग के सभी जिलो में ए श्रेणी की नाकेबंदी करने निर्देश दिए है। इस आदेश के अनुसार रेंज के सभी डीवाईएसपी व थानाधिकारी फील्ड में रहेंगे। साथ ही गोगामेड़ी के हत्यारे जिस स्कूटी पर सवार होकर फरार हुए उस स्कूटी पर भी नजर बनाये रखने की हिदायत दी गई है।

## जोधपुर बंद का व्यापक असर, पुलिस ने मोर्चा संभाला



जोधपुर में राजपूत समाज और सर्वसमाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।

**जोधपुर, (कासं)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेवसिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में राजपूत समाज और सर्वसमाज की ओर से आहूत राजस्थान बंद का व्यापक असर जोधपुर शहर में भी देखने को मिला।

हालांकि इस घटना के बाद पुलिस के आला अधिकारियों ने बिगड़े हालात को काबू पाने के लिये व्यवस्था चाक चौबंद कर रखी थी। सुबह नौ बजे के करीब ही इस घटना से आक्रोशित राजपूत समाज और सर्व समाज के युवा और वृद्ध नेता पावटा चौराहा पर इकट्ठे हो गए। इस दौरान कुछ कुछ दुकानें खुलनी शुरू हो गई थी। पांवटा चौराहे पर जुटी भीड़ जोधपुर बंद कराने के लिये सोजती गेट की तरफ निकल पड़ी।

नई सड़क पर आकर आक्रोशित लोगों ने रास्ता जाम करने के साथ धरना प्रदर्शन किया। बंद सर्मथकों ने जोधपुर की मुख्य सड़कों पर स्थित दुकानों के साथ नई सड़क और घंटाघर क्षेत्र में भी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कराए। आक्रोशित युवाओं ने नई सड़क चौराहे पर आवागमन बाधित करने के साथ टायर जलाकर रास्ता बन्द करवा कर भी अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसके बाद बंद समर्थकों की भीड़ शहर में प्रवेश किया और सिरे बाजार और एमजीएच रोड़ होते हुए जालोरी गेट चौराहे पर आकर अपना आक्रोश प्रकट किया। किसी अनहोनी के डर से शहर के दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान नहीं खोले।

पुलिस अधिकारियों के साथ भारी मात्रा में शहर के प्रमुख सड़कों और चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया है और नई सड़क पर आक्रोशित बंद समर्थकों के साथ भी भारी तादाद में पुलिस जाब्ता तैनात किया।

## कोटा बंद रहा, सर्व समाज ने कलेक्ट्री पर प्रदर्शन किया



कोटा में राजपूत समाज की महिलाओं ने भी प्रदर्शन में हिस्सा लिया।

**कोटा, (निसं)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी कि उनके घर में ही घुसकर अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी इस हत्या के बाद लोगों में काफी आक्रोश है।

श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की दिनदहाड़े हुई हत्या के विरोध में गैंगस्टरों का एनकाउंटर करने की मांग को लेकर राजपूत समाज के लोग सड़क पर उतर आये। करणी सेना राजपूत समाज और विभिन्न समाज के संगठनों ने संयुक्त रूप से जिला कलेक्ट्री पर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। कोटा बंद को सफल बनाने के लिए समाज के लोग राजपूत छात्रावास में इकट्ठे हुए और टोली बना कर सैकड़ो युवाओं के साथ गुमानपुरा, स्टेशन, बजरंग नगर, कोटड़ी पूरे नए कोटा में घूम कर कोटा बंद को सफल बनाया। स्टेशन क्षेत्र में सुबह से ही अधिकतर दुकानें खुली हुई थी। टोली ने स्टेशन क्षेत्र पहुंचकर खुली हुई दुकानों को बंद कराया। स्टेशन क्षेत्र में दुकानों को बंद करने के दौरान समाज के लोगों और दुकानदारों के बीच कहासुनी हुई कुछ दुकानदारों ने स्वयं ही दुकानों को बंद रखा और कुछ ने टोली की पहुंचने बाद दुकानों को बंद कर दिया।

राजपूत करणी सेना और राजपूत समाज के लोग अलग-अलग गुटों में बाजार को बंद कराते हुए सर्किट हाउस के सामने इकट्ठा हुए और सड़क पर धरना देकर बैठ गए बाद में सर्किट हाऊस से जिला कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। जिला कलेक्ट्री पर प्रदर्शन करते हुए घटनाक्रम की न्यायिक नहीं सीबीआई जांच करने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर कोटा राज परिवार के महाराज और पूर्व सांसद इज्यराज सिंह ने कहा कि मामले में जल्द से जल्द एक्शन होना चाहिऐं।

मामले की निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपियों की जल्दी ही गिरफ्तार होनी चाहिऐं। मामले को लेकर राजपूत महिलाए भी आकोर्षित नजर आई। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने भी पुख्ता बंदोबस्त किए हुए थे। एडिशनल एसपी सहित 4 डीएसपी काफी संख्या में जवानों को तैनात किया था। कोटा बंद को देखते हुए कलेक्टर ने भी शहर में अलग-अलग स्थान पर आठ कार्यपालक मजिस्ट्रेट तैनात किए हुए थे।


**राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

राज सीड्स

Regd. Office: Pant Krishi Bhawan, Janpath, Jaipur-302005, CIN- U75132RJ1978SGC001781, www.rajseeds.org, Tel- 0141-2227665, 2227514 e-mail- csrajseeds@gmail.com

**45वीं वार्षिक साधारण सभा**

**कम्पनी सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राजस्थान स्टेट सीड्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड की 45वीं वार्षिक साधारण सभा, शुक्रवार दिनाँक 29 दिसम्बर 2023 को मध्यान्ह 12:15 बजे सभागार, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, टोंक रोड़, दुर्गापुरा, जयपुर में, सभा की सूचना में वर्णित विषय-वस्तु अनुसार कार्यवाही सम्पन्न करने के लिये, होनी निश्चित हुई है। वार्षिक साधारण सभा की सूचना कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अन्तर्गत व्याख्यात्मक विवरण एवं वर्ष 2022-23 का वार्षिक प्रतिवेदन निगम के सदस्यों को अलग से डाक द्वारा प्रेषित किया जा चुका है तथा निगम की वेबसाईट **www.rajseeds.org** पर भी अपलोड कर दिया गया है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 के प्रावधानों के तहत निदेशक की नियुक्ति के लिये इच्छुक व्यक्ति स्वयं या उसके द्वारा प्रस्तावित अन्य सदस्य का निदेशक की उम्मीदवारी का आवेदन मय 1,00,000/- रुपये अमानत राशि के साथ निगम के पंजीकृत कार्यालय में उक्त वार्षिक साधरण सभा की तिथि से 14 दिन पूर्व करवाया जाना आवश्यक है।

नोटः- समस्त अंषधारकों को बैठक में उपस्थित होने हेतु निगम का अषंधारक होने का प्रमाण-पत्र व निगम द्वारा जारी परिचय-पत्र/दस्तावेज लाना अनिवार्य है। अंशधारियों से यह भी निवेदन है कि वे अपने पत्राचार के पते को निगम के पंजीकृत कार्यालय में अपडेट करवावें।

निदेशक मण्डल की आज्ञा से

जयपुर
04.12.2023

प्रबन्ध निदेशक
DIN 08383856

राज.संवाद/सी/23/11321



राजस्थान सरकार

**कार्यालय उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक, वृत्त पाली**

क्रमांक-उमनि/लेखा/संविदा/2023/7924 दिनांक-22/11/2023

**ई-निविदा सूचना संख्या 03/2023-24**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर निम्नलिखित कार्यों हेतु पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत अनुबन्धों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

| | |
|---|---|
| निविदा का कार्य | पाली प्रथम में 2 एवं शेष पूर्णकालिक उप पंजीयन कार्यालयों में 1-1 (कुल 14) कम्प्युटर मय प्रशिक्षित कार्मिक 31.03.2024 तक सेवा प्रदाता के माध्यम से लेने बाबत |
| निविदा की कुल लागत व धरोहर राशि | 14.00 लाख रूपये व 28000 रूपये |
| निविदा प्रपत्र को अपलोड करने की तिथि | 22.11.2023 से 08.12.2023 |
| निविदा प्रपत्र शुल्क चालान प्रस्तुत करने एवं तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय क्रमशः | 22.11.2023 से 08.12.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक एवं 08.12.2023 को सायं 04.00 बजे |

इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in/ पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। निविदा का पूर्ण विवरण sppp-NIB Code- RSD2324A0039 एवं eproc-Tender ID-2023_DORS_375858_1 पर है।

(उदयभानू चारण) उप महानिरीक्षक
पंजीयन एवं मुद्रांक, वृत्त-पाली

DIPR/C/15652/2023

# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए एकजुट हुआ सर्व समाज


## कोविड महामारी के लॉकडाऊन के बाद पहली बार पसरा रहा राजधानी की सड़कों पर सन्नाटा


-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए ना सिर्फ राजपूत समाज, बल्कि सर्व समाज एकजुट हुआ नजर आया। संघर्ष समिति के "राजस्थान बंद" आव्हान पर जयपुर के व्यापारियों ने पूर्ण समर्थन दिया। परकोटे के बाजारों से लेकर एम.आई.रोड, विद्याधर नगर, झोटवाड़ा, सीकर रोड, कालवाड रोड, खातीपुरा, सांगानेर, मानसरोवर और राजापार्क समेत तमाम पॉश एरिया में दुकानें नहीं खुली। यहां तक कि शहर में सिटी बसों व लो-फ्लोर बसों का संचालन भी नहीं हुआ।

सुखदेव सिंह हत्याकांड से उग्र हुए राजपूत समाज और करणी सेना से जुड़े लोगों ने शहर में जगह-जगह बीच सड़क पर धरना-प्रदर्शन कर ट्रेफिक जाम किया। यहां तक कि पांच बत्ती, सीकर रोड पर भवानी निकेतन कॉलेज, एक नंबर चौराहा, वीकेआई एरिया, 14 नंबर पुलिया, कालवाड़ रोड, अंबाबाड़ी, पानीपेच और रावण गेट कालवाड़ रोड पर टायर जलाकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की। प्रदर्शनकारियों ने बीच सड़क पर टायर जलाकर और कुछ जगह तोड़फोड़ करके विरोध जताया। राजपूत युवकों की टोलियां सुबह से ही बाजार बंद करवाने के लिए मोटर साइकिलों और गाड़ियों पर बाजारों में निकल पड़ी थी। इन युवकों के हाथों में लाठी-डंडे देखकर अधिकांश लोग सहमे हुए थे। चाय-पान की थड़ियां तक बंद हो गए। इन युवकों ने सड़कों पर चल रहे यातायात को भी रोकना शुरू कर दिया। आलम यह रहा कि जयपुर शहर में हर एक-दो किलोमीटर पर 5-10 युवक लाठी लेकर रास्ता रोक रहे थे, कुछ जगह पर बीच सड़क टायर जला रहे थे। जगह-जगह जाम की स्थिति बन गई और सीकर रोड पर एंबुलेंस भी फंसी देखी गई।

सुबह से लेकर शाम तक सड़कों पर बैठे प्रदर्शनकारियों ने आम लोगों को भी आवाजाही से रोका, ताकि बंद का व्यापक असर देखा जाए। हालांकि इस दौरान पुलिस का भारी जाप्ता शहर में तैनात रहा, लेकिन पुलिस भी सिर्फ लोगों से समझाइश करती हुई नजर आई।





सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड़ के विरोध में 'राजस्थान बंद' का राजधानी जयपुर के बाजार पर पूर्ण असर दिखा। बाजारों में जो दुकानें खुली थी, उन्हें बंद करवाने के लिए राजपूत समाज के युवाओं का रैला सड़कों पर उतरा। फोटो-राष्ट्रदूत

- जयपुर के व्यापारियों ने दिया 'राजस्थान बंद' को पूर्ण समर्थन, नहीं खुले बाजार, स्कूल और निजी ऑफिस
- सुखदेव सिंह हत्याकांड से उग्र राजपूत समाज ने सड़कों पर टायर जलाकर प्रदर्शन किया, नारेबाजी कर विरोध जताया
- जयपुर शहर में राजपूत युवकों की टोलियां सुबह से ही बाजार बंद करवाने के लिए मोटर साइकिल और गाड़ियों पर सवार होकर घूमती रही

जानकारी के मुताबिक प्रदर्शनकारियों ने शहर के तमाम प्रमुख मार्गों पर रास्ता रोककर ट्रेफिक जाम किया। अजमेर-दिल्ली 200 फुट बाईपास पर भी प्रदर्शनकारियों ने यातायात रोक दिया, इस कारण पुलिया पर करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। हाई-वे पर जाम के कारण वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। शाम होते-होते आवाजाही के लिए रास्ते खोले गए।


जानकारी के मुताबिक प्रदेश भाजपा कार्यालय के बाहर भी पुलिस तैनात रही। लेकिन यहां से गुजर रहे राजपूत समाज के युवाओं ने जमकर उत्पात मचाया। हुआ यूं कि समाज के युवा यहां रोडवज बस व अन्य वाहनों से गुजर रहे थे। इस दौरान कुछ युवाओं ने बेरिकेड्स को गिरा दिया और नारेबाजी की। इस पर पुलिस ने उन्हें वहां से हटाया। इससे नाराज युवक कुछ दूर जाकर वापस लौटै और भाजपा कार्यालय के बाहर जमकर उत्पात मचाया। ना केवल बैनर-पर्दे फाड़े बल्कि बेरिकेड्स गिराकर खुद हंगामा मचाया। इस दौरान पुलिस मूकदर्शक की तरह देखती रही। मौके पर मौजूद पुलिस ने आला अधिकारियों ने युवकों को समझाकर वहां से रवाना किया।

### 'सुखदेव सिंह को न्याय व परिवार को सुरक्षा दें'

**जयपुर** । श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या से सर्वसमाज स्तब्ध है। जिस तरह प्रदेश की राजधानी में घर में प्रवेश कर घटना को अंजाम दिया गया, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि इस घटना की महाराव शेखा संस्थान घोर भर्त्सना करता है। समाज के सभी वर्गों, नौजवानों से प्रार्थना है कि अपनी भावनाओं को नियंत्रण में रखते हुए न्याय प्राप्त करने की अपील कानून के दायरे में रहते हुए करें। महाराव शेखा संस्थान राज्य सरकार से न्याय की मांग करते हुए स्वर्गीय सुखदेव सिंह के परिवार को सुरक्षा प्रदान करने, परिवार को तुरन्त राहत प्रदान करने हेतु पैकेज, परिवार को संरक्षण प्रदान करने के लिए सुखदेव सिंह के परिवार से किसी एक आश्रित को राजकीय सेवा में नियुक्ति प्रदान करने का आग्रह करता है तथा हत्यारों के विरूद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की अपील करता है।



"राजस्थान बंद" के कारण जयपुर-सीकर रोड पर भवानी निकेतन कॉलेज के बाहर दिनभर मुख्य सड़क पर सन्नाटा पसरा रहा, ऐसा लगा जैसे राजधानी जयपुर में कर्फ्यू लगा हुआ हो। फोटो-राष्ट्रदूत





राजपूत समाज के सैकड़ों लोगों ने सुखदेव सिंह के हत्यारों को सजा देने की मांग को लेकर पांच बत्ती चौराहे और सीकर रोड स्थित भवानी निकेतन कॉलेज के बाहर एकत्रित होकर टायर जलाकर विरोध जताया। इस दौरान नाराज प्रदर्शनकारियों ने पुलिस-प्रशासन मुर्दाबाद जैसे नारे भी लगाए। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य सड़क पर पेड़ों के तने और बैरिकेड्स लगाकर यातायात भी अवरुद्ध किया। फोटो-राष्ट्रदूत

### 'सुखदेव सिंह की हत्या, कन्हैया हत्याकांड जैसा ही आतंकवाद'

**जयपुर** । सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक गोपाल शर्मा ने बुधवार को एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर जाकर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी पर हमले के दौरान घायल हुए लोगों की कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान वे उनके परिजनों से मिले भी और चिकित्सकों से घायलों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने चिकित्सा व्यवस्था में किसी भी तरह की कमी नहीं आने देने के अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए।

इस दौरान शर्मा ने घायलों के परिजनों को स्वयं के स्तर पर 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी। साथ ही पीड़ितों को न्याय का दिलाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान नवनिर्वाचित विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या कन्हैयालाल हत्याकांड जैसा ही आतंकवाद है। कांग्रेस सरकार के समय में पुलिस ने पहले ढिलाई बरती थी। कांग्रेस सरकार की कमजोर कानून और सुरक्षा व्यवस्था के चलते यह भयावह घटनाक्रम हुआ है, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा। इस मामले में सख्त कार्रवाई होगी और आरोपियों फांसी की सजा दिलाने का प्रयास होगा।

उन्होंने कहा कि पुलिस सर्वसमाज की भावनाएं आहत ना करते हुए अगले 24 घंटे में सख्त एक्शन ले। गोपाल शर्मा ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि सर्व समाज शहर में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### श्याम भजन संध्या का आयोजन



**जयपुर**। मालवीय नगर सेक्टर 4 स्थित डा. हेडगेवार गार्डन(पूर्व दशहरा मैदान) में श्री श्याम सत्संग मंडल समिति के छठे वार्षिकोत्सव समारोह के तहत श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। देर रात तक भजनों की रसधार बहती रही और श्रोता भक्ति रस में डूबे रहे।

समिति पदाधिकारी दीपक मगनानी और सुनील कटारिया ने बताया कि प्रतिवर्ष वार्षिकोत्सव के तहत श्याम भजन संध्या का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश भर के गायक आमंत्रित किए जाते हैं। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक काली चरण सराफ ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता बनी रहती है। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद गोविंद छीपा, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्षा सुमन शर्मा समाज सेवी सुनील बड़जात्या, नरेन्द्र खटनानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सफल बंद के लिए व्यापारियों का आभार जताया फोर्टी ने

**जयपुर** (कासं)। श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की नृशंस हत्या से पूरे प्रदेश में आक्रोश है। गोगामेड़ी की हत्या करने वाले अपराधियों को जल्दी से जल्दी पकड़ कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग को लेकर बुधवार को सर्व समाज ने पूरे राजस्थान में स्वैच्छिक बंद की घोषणा की थी। इसका समाज के सभी वर्गों ने खुलकर समर्थन किया। प्रदेश के सभी शहरों, कस्बों और गांवों में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख कर इस घटना का विरोध किया।

फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री (फोर्टी) के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल का कहना है कि ने प्रदेश के सभी व्यापारियों और उद्योगपतियों से एक दिन के लिए अपने प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की थी। जिसका पूरे प्रदेश में व्यापारियों ने पुरजोर तरीके से समर्थन किया। गोगामेडी के हत्यारों को जल्दी से जल्दी पकड़ने और प्रदेश में कानून का राज कायम करने के लिए सर्व समाज के साथ एकजुटता दिखाने के लिए मैं प्रदेश के सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त करता हूं। उम्मीद करता हूं की पुलिस प्रशासन त्वरित गति से कार्वाई करते हुए जल्दी ही अपराधियों को उनके अंजाम तक पहुंचाएगा, क्योंकि प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए उसका अपराध मुक्त होना जरूरी है। प्रदेश में नई भाजपा सरकार से भी फोर्टी अपील करता है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को अपने नीतिगत फैसलों में सबसे आगे रखे। अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा की भावना सरकार का पहला उद्देश्य होना चाहिए।

### आंदोलन को ब्राह्मण समाज का समर्थन

जयपुर, (कासं)। सर्व ब्राह्मण समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष अंबिका प्रकाश पाठक ने श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या की कडी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि राजधानी में संगठित अपराध बढ गए हैं और गत कांग्रेस सरकार की लचर नीतियों के कारण अपराधियों में पुलिस का खौफ समाप्त हो गया है। उन्होंने इस मामले के आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के साथ त्वरित जांच और फास्ट ट्रेक कोर्ट में मुकदमा चलाने की मांग की है।

### 'कांग्रेस सरकार की अनदेखी के कारण सुखदेव सिंह की हत्या'

**जयपुर** (कासं)। श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या पर समस्त ब्राह्मण समाज स्तब्ध है और दुख की इस घड़ी में राजपूत समाज के साथ खडा हुआ है।

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बयान जारी कर कहा है कि निवर्तमान सरकार की अनदेखी के कारण एक सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या हो गई। मिश्रा ने कहा कि संपत नेहरा गैंग जो कि अंतरराष्ट्रीय गेंग बन रहा है। उसके द्वारा कई बार धमकियां, टेलिफोन कॉल गोगामेडी को किये जा रहे थे और उन्होंने अपनी सुरक्षा की मांग की थी। यहां तक कि 6 माह पहले प्रेस कांफ्रेंस करके अपनी सुरक्षा की गुहार भी की थी और इस संदर्भ में मुख्य सचिव से मिले भी थे। परन्तु किसी ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया। पूर्व में पंजाब के डीजीपी ने भी पत्र लिखकर राजस्थान पुलिस को आगाह किया था कि रोहित गोदारा गेंग गोगामेडी पर हमला कर सकते है। परन्तु इस पर कोई ध्यान नहीं किया गया। ये पूरी तरह से पिछली कांग्रेस सरकार की बडी भूल थी। आज पूरे राजस्थान में भय का माहौल है, ऐसे माहौल में हर व्यक्ति अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहा है।

### जे.डी.ए ने सील की अवैध इमारत



**जयपुर** (कासं)। जे.डी.ए. की प्रवर्तन शाखा ने बुधवार को पृथ्वीराज नगर-उत्तर में कार्रवाई कर अवैध इमारत को सील कर दिया। इसके अलावा तीन अवैध कॉलोनियों को भी ध्वस्त किया। प्रवर्तन शाखा के मुख्य नियंत्रक धर्मेंद्र यादव ने बताया कि महाराणा प्रताप रोड स्थित मां करणी नगर-बी में बिना भू रूपातंरण कराए आवासीय भूखंड पर व्यावसायिक इमारत का निर्माण किया जा रहा था। बेसमेंट के अलावा दो मंजिला निर्माण कार्य पूरा हो चुका था। पहले निर्माणकर्ता को नोटिस जारी कर काम रुकवाने और अवैध निर्माण हटाने को कहा। लेकिन, निर्माण कार्य चलता रहा। कार्रवाई के दौरान प्रवेश और निकास द्वार पर ईंटों की दीवार खड़ी कर अवैध निर्माण सील कर दिया।

## सार-समाचार

### कैरम टूर्नामेंट आंध्र प्रदेश में 10 से

**जयपुर** (कासं)। 28वां ऑल इंडिया फेडरेशन कप कैरम टूर्नामेंट 10 से 13 दिसंबर तक आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में आयोजित होंगे। इस टूर्नामेंट में पुरुष और महिला खिताबों के अलावा पुरुष और महिला डबल्स के मैच भी आयोजित होंगे। राजस्थान कैरम संघ की ओर से टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पुरुष और महिला टीम में भेजी जा रही है। यह जानकारी देते हुए राजस्थान कैरम संघ के अध्यक्ष सूरज खत्री ने बताया कि विशाखापट्टनम में फेडरेशन कप का यह टूर्नामेंट गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के आर एम इंडोर स्टेडियम गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। राजस्थान कैरम संघ के अध्यक्ष सूरज खत्री को इस टूर्नामेंट की आयोजन समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है। सूरज खत्री ने बताया कि नेशनल कैरम रैंकिंग 2022-23 के अनुसार के श्रीनिवास एक नंबर की रैंकिंग पर और असम के जुगल किशोर दत्ता दूसरी तथा संदीप दाइव तीसरी और पीएसबी के मोहम्मद गुफरान चौथी रैंकिंग पर रहे थे टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी टीम 9 दिसंबर की शाम तक विशाखापट्टनम पहुंच जाएगी।

### ए.आई. और प्रबंधन शिक्षा पर चर्चा

**जयपुर** । जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने "कृत्रिम बुद्धिमत्ता और विकसित वैश्विक आर्थिक आउटलुक: प्रबंधन शिक्षा के लिए निहितार्थ" विषय पर डीन और निदेशकों के लिए एआईएमएस के उत्तरी क्षेत्र गोलमेज सम्मेलन की मेजबानी की। कार्यक्रम में एआई और वैश्वीकरण के सामने प्रबंधन शिक्षा के भविष्य पर चर्चा हुई। इसमें एआईएमएस के पूर्व अध्यक्ष प्रो. एम.आर. राव, (पंजाब और राजस्थान चैप्टर) के अध्यक्ष डॉ. प्रभात पंकज, यूनाइटेड यूनिवर्सिटी के कुलपति आनंद मोहन अग्रवाल, आईएमटी गाजियाबाद के निदेशक प्रोफेसर विशाल तलवार ने अपने विचार रखे। सुधीर शर्मा, अध्यक्ष-एआईएमएस, संस्थापक-मास्टर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एमएसएम), डॉ. आर. नंदगोपाल, तत्काल पूर्व अध्यक्ष-एआईएमएस, महानिदेशक-सरस्वती त्यागराज कॉलेज, प्रो. अशोक जोशी, पूर्व अध्यक्ष-एआईएमएस, महानिदेशक-भारतीय लागत एवं प्रबंधन अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान, प्रोफेसर उदय सालुंखे, पूर्व अध्यक्ष-एआईएमएस, समूह निदेशक-वी-स्कूल ने प्रबंधन शिक्षा पर एआई प्रभाव पर चर्चा की।



### International Civil Aviation Day

In 1901, something was accomplished that hadn't happened in the history of mankind. A man flew upon a glider and covered a respectable distance in a manmade device that was not held aloft by lighter-than-air gas. The skepticism that greeted this event was profound, with people all over the world saying that the Wright Brothers were more liars than fliers. International Civil Aviation Day celebrates the science, art and sport of aviation that grew out of this initial glide and the men and women who push the frontiers of it today.

#AI

# Rogue Waves Are Real & Now Predictable

Long considered myth, freakishly large rogue waves are very real





Using 700 years' worth of wave data from more than a billion waves, scientists have used artificial intelligence to find a formula for how to predict the occurrence of rogue waves.

Long considered myth, freakishly large rogue waves are very real and can split apart ships and even damage oil rigs. The new knowledge can make shipping safer.

Stories about monster waves, called rogue waves, have been the lore of sailors for centuries. When a 26-meter (85-foot) rogue wave slammed into the Norwegian oil platform, Draupner in 1995, digital instruments were there to capture and measure the North Sea monster. It was the first time that a rogue wave had been measured and the event provided scientific evidence that abnormal ocean waves really do exist.

Researchers from the University of Copenhagen's Niels Bohr Institute have used AI methods to discover a mathematical model that provides a recipe for how, and not least when, rogue waves can occur.

With the help of enormous amounts of big data about ocean movements, researchers can predict the likelihood of being struck by a monster wave at sea, at any given time.

"Basically, it is just very bad luck when one of these giant waves, hits. They are caused by a combination of many factors that, until now, have not been combined into a single risk estimate. In the study, we mapped the causal variables that create rogue waves and used artificial intelligence to gather them in a model which can calculate the probability of rogue wave formation", says Dion Häfner, a former PhD student at the Niels Bohr Institute and first author of a paper on the work in the Proceedings of the National Academy of Sciences.

### Rogue Wave Data

In their model, researchers combined available data on ocean movements and the sea state as well as water depths and bathymetric information. Most importantly, wave data was collected from buoys in 158 different locations around US coasts and overseas territories that collect data, 24 hours a day. When combined, this data, from more than a billion waves, contains 700 years' worth of wave height and sea state information.

The researchers analysed many types of data to find the causes of rogue waves, defined as being waves that are at least twice as high as the surrounding waves, including extreme rogue waves that can be over 20 meters (65 feet) high. With machine learning, they transformed it all into an algorithm that was then applied to their dataset.

The new study also breaks with the common perception of what causes rogue waves. Until now, it was believed that the most common cause of a rogue wave was when one wave briefly combined with another and stole its energy, it caused one big wave to move on.

However, researchers establish that the most dominant factor in materialization of these freak waves is what is known as "linear superposition." The phenomenon, known about, since the 1700s, occurs when two wave systems cross over each other and reinforce one another for a brief period.

"If two wave systems meet at sea in a way that increases the chance to generate high crests followed by deep troughs, the risk of extremely large waves arises. This is knowledge that has been around for 300 years and which we are now supporting with data", says Häfner.

### Cargo Ships At Sea

The researchers' algorithm is good news for the shipping industry, which at any given time, has roughly 50,000 cargo ships sailing around the planet. Indeed, with the help of the algorithm, it will be possible to predict when this "perfect" combination of factors is present to elevate the risk of a monster wave that could pose a danger for anyone at sea.

"As shipping companies plan their routes well in advance, they can use our algorithm to get a risk assessment of whether there is a chance of encountering dangerous rogue waves along the way. Based on this, they can choose alternative routes", says Häfner.

"AI and machine learning are typically black boxes that don't increase human understanding. But in this study, Dion used AI methods to transform an enormous database of wave observations into a new equation for the probability of rogue waves, which can be easily understood by people and is related to the laws of physics", concludes professor Markus Jochum, Dion's thesis supervisor and co-author.

# Perils of a 'Good' Boss



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

Prithvi Raj Singh Oberoi was a good boss who remembered the names of his employees and supported them, when required. However, sometimes too much of a good thing can also be bad.

Whenever we used to meet during our brief courtship period, it was mostly about how he told Mr. Oberoi about his impending arranged marriage and how he would advise him about the various dos and don't of marriage.



PRS Oberoi or Prithvi Raj Singh Oberoi (Biki) - this name was an integral part of my life when I got married. My husband used to work as an airport manager for the Oberoi hotels. Mine was an arranged marriage. When my parents heard that he was working as an airport manager, they assumed it to be a good post. We were told that he had been working in the same hotel chain for the last 15 years. For my parents, at that time, it signified stability.

My husband, Mohit, was a *bhakt* of PRS Oberoi. For him, his Oberoi sir was GOD. His day 'began and ended with Mr. Oberoi said this and Mr. Oberoi said that.' He was in awe of the man who, despite having thousands of employees, would always address him (a mere airport manager according to him) by his name. Every time he would land at the Delhi Airport, it was Mohit and his team who would receive him when he embarked from his private jet and see him off in his car. Sometimes, he would pick him up from his farmhouse in Chattarpur and escort him to the airport, get him through the customs and then bid him adieu as he hopped aboard his private jet. Whenever we used to meet during our brief courtship period, it was mostly about how he told Mr. Oberoi about his impending arranged marriage and how he would advise him about the various dos and don'ts of marriage.

My introduction to PRS Oberoi was a brief hello during our wedding reception. But his gift, a pink silk brocade saree became a hot topic of discussion for months. 'Mr. Oberoi is so generous, Mr. Oberoi has such a good taste, Mr. Oberoi went out of his way to get you this saree, you should be grateful', dialogues like these popped up in every discussion. Yes, the saree was beautiful, no doubt, but it wasn't exactly Burj Khalifa, to be honest. It was just a brocade saree, slightly more expensive than what you would ordinarily spend on a sari!

For our honeymoon, we went to Udaipur. We stayed at the Trident Hotel (at an employee discount, of course!). The facilities were excellent, as has been the case with all Oberoi properties. However, that did not last long since my husband got a heart attack in the next couple of days. A few of our relatives in Udaipur helped my husband to get admitted to the city hospital there. Here too, the magnanimous Mr. Oberoi

> My husband, Mohit, was a *bhakt* of PRS Oberoi. For him, his Oberoi sir was GOD. His day 'began and ended with Mr. Oberoi said this and Mr. Oberoi said that.' He was in awe of the man who, despite having thousands of employees, would always address him (a mere airport manager according to him) by his name.

and his company helped us to foot the bill. Afterwards, we flew back to Delhi where Mohit got admitted to Escorts for his angioplasty and there too, it was Mr. Oberoi who came for the rescue. Naturally, when he recovered, he was completely debted to Mr. Oberoi which meant even longer work hours, zero work life balance and no family life.

## #THE OTHER BOSS

As a wife of some one who has spent more than a decade in an organization (he started off as an intern and graduated to a manager), I have gleaned some interesting insights. One, if you happen to marry someone like him, beware that your husband will always be more loyal to the company than you! Forget work life balance! The boss may have thousands of employees but if he calls an



employee by his name, everytime he meets him, then the employee is likely to lay down his life for him (actually and figuratively). At times, when he was late, I would berate his organization but my husband could hear nothing against his beloved 'Mr. Oberoi' despite the long working hours or the crazy schedule he had to follow owing to his boss's erratic comings and goings.

In India, particularly in Northern regions, winter is the time for extensive tourism business. In Delhi, owing to fog during winters, most flights are either delayed or postponed and it is during these times that hotels capitalize on and earn huge revenues from airlines and customers. Mohit's job was to ensure that all the customers stay at the Oberoi hotels rather than any other five-star property and this job was an all-nighter during those times.

Secondly, your husband will always try to emulate the life style of his boss to the best of his ability, regardless of his ability to do so. In our home, it was all about how Mr. Oberoi eats a rich diet or how he eats gold or silver *bhasm* which makes him so healthy and hearty. He would always narrate an incident of how he happened to visit Oberoi Farm in Chattarpur where Mr. Oberoi's personal chef was preparing his food and how he made him taste it and Mohit literally sweated because food was 'pure and potent' because of the *bhasms*. Or it was also about how Mr. Oberoi, despite his old age (he was about 80 at the time), was always surrounded by beautiful

> Since he worked in the hotel industry, my husband wanted the home to resemble a hotel too. It had to be spick and span, all the curtains vacuumed and bedsheets pristine and tightly tucked in. His logic? 'When Mr. Oberoi's home could be like that, why can't his own home follow it?'

women who were immaculately dressed 24 X7.

Another aspect of being such an employee for such a boss is also about emulating everything he sees in the office, at his own home. Since he worked in the hotel industry, my husband wanted the home to resemble a hotel too. It had to be spick and span, all the curtains vacuumed and bedsheets pristine and tightly tucked in. His logic? 'When Mr. Oberoi's home could be like that, why can't his own home follow it?' Of course, a tiny detail that is conveniently missed out is that hotel has a huge house keeping staff that is especially hired for this purpose while home has just one employee - his wife. He wanted his wife to also resemble one of the hotel's female employees- immaculate saree, coiffed hair and perfectly made up face every day, each day. An impossible target which was obviously never met!


Once Mohit told me that the Oberoi Hotels sell cakes on a discounted rates to their employees. When I tasted the cake, I was floored! I jokingly told Mohit that he is the luckiest person in the world to get such cakes at such a low cost. Mohit made a face and said, 'I know what you mean but now I cannot even taste these cakes because during my earlier days in The Oberoi, my friend who was a chef and knew about my love for these cakes, used to open the walk in refrigerator for me and lock me up there till I had my fill. Now, I cannot even look at them!'

If you observe the lives of most of these super achievers of the world, they are known more for their work than their 'perfect' family life. Probably, that's the reason why their work grows and cracks appear in their family lives. But when people around them try to emulate their formula for their own success, it doesn't work out because those people don't have either finances or support or the help to lead such a crazy jet setting life. The result? Frustration and addiction to alcohol or smoking or other such vices grow and health declines.

One fine day, as was his usual custom, Mohit accompanied the company officials to their chartered plane at the airport and saw them off. Perhaps he was tired, so while returning in the bus, he placed his head on the window to take a quick nap. He never woke up. He had suffered a heart attack. In better days, whenever asked about his love for his boss and the Oberoi hotels, Mohit often used to sing Raj Kapoor's famous song, 'Jeena yahan, marna yahan, iske siva jaana kahan….'. He lived that till the end.

Though I have only met the man once, Mr. P R S Oberoi has been a part of my life in more ways than one and has taught me many important lessons for rest of my life. The most important out of them is that a good boss sometimes is not necessarily a good thing for a hardworking employee. Sometimes, it leads to employees undoing too and if that happens, there is no one to blame!

rajeshsharma1049@gmail.com



Trident Udaipur



Biki Oberoi

#EVENT

# ROLES, REALITIES & REFLECTIONS

In an engaging talk with the FICCI Ladies Organization in Jaipur, Divya Dutta unveils her inspiring journey from personal loss to literary celebration in 'Me and Ma.' Overcoming challenges with resilience, she reflects on her cinematic odyssey, emphasizing the transformative influence of Bollywood luminaries and the parallel essence of being an actor and writer, in expressing her authentic self.







Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*



In a riveting talk session with the FICCI Ladies Organization in Jaipur, acclaimed actress and author, Divya Dutta opened up about her deeply personal journey, tracing the contours of her life, loss and the inspiration behind her two books – 'Me and Ma' and 'The Stars in My Sky'.

The narrative begins with Dutta's poignant reflection on the early loss of her father, a pivotal moment that cast a shadow of fear over her life – the fear of losing her mother. Dutta revealed, "My life revolved around her and we shared every big and small thing. When I learned of her ailing health, the idea of writing 'Me and Ma' emerged as a celebration of her life." Connecting with Penguin, the publishing house readily embraced her idea, culminating in the creation of her book.

During the talk, Dutta discussed the challenges she faced in the aftermath of her mother's passing. Battling anxiety and depression, she found solace and purpose in her writing, emerging stronger from the ordeal. In her second literary endeavor, acclaimed actor, Divya Dutta shares poignant anecdotes of her encounters with Bollywood luminaries who played pivotal roles in shaping her cinematic journey.

Her reflections delve into the profound impact these industry stalwarts had on her life, detailing the inspirations drawn from their actions and the invaluable lessons learned.

Delving into her early life, Dutta highlighted the unique freedom of choice that she enjoyed at home. Despite her family's medical background, she defied convention and pursued her passion for acting. Recounting her entry into the industry through a Stardust magazine, Talent Hunt, she shared how her mother's unwavering support became a guiding force. "I was passionately attracted to cinema and my mother, recognizing this, stood by me during crucial moments in my career", she expressed.

Having completed 27 illustrious years in the film industry, Dutta fondly reminisced about her iconic role as Shabbo in 'Veer Zaara.' Initially hesitant to play the part of the heroine's friend, she credited filmmaker, Aditya Chopra's conviction and her mother's encouragement for her decision, marking the beginning of her journey into stardom.

Discussing her life philosophy, Dutta emphasized living in the present and embracing unpredictability. "I don't plan life; I want to flow with it. Going beyond my comfort zone, unlearning and learning new things – that's how I want to grow", she stated. With a smile, she added, "Life should be reflected upon with joy, not taken too seriously."

Answering an audience question about the parallel roles of an actor and writer, Dutta highlighted their similarity, as both provide a platform for her, to express herself. On request of the audience, she also recited a poem penned by her mother and narrated a dialogue from Veer Zaara.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# कृषि उपज मंडी में लगी आग से लाखों रुपये का नुकसान

## कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू, ग्वार, मूंगफली, व सरसों जलकर राख

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। कृषि उपज मंडी परिसर में अलसुबह दो दुकानों के बाहर रखे माल में अचानक आग लग गई। आग की लपटों व धुएं को देखकर चौकीदार मौके पर दौड़ कर आया और उसने आनन फानन में मंडी के व्यापारी विकास कुमार चौधरी को जानकारी दी। जिसके बाद विकास चौधरी ने दोनों फर्मों के मालिकों को फोन कर सूचना दी और मौके पर आकर नगर पालिका तथा पुलिस प्रशासन को सूचना दी।

■ आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया

आग लगने की सूचना के बाद मौके पर श्रीमाधोपुर तथा रींगस की फायर ब्रिगेड पहुंची। सुबह तक आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा था। अल सुबह 3 बजे से लगी आग को सुबह 5 बजे जाकर करीब 2 घंटे में काबू पाया। लेकिन फिर भी हल्की-हल्की आग की लपटें उठ रही थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार मंडी परिसर में व्यापारी रमेश कुमार अमरचंद व चिमनलाल टेकचंद की दुकानों के बाहर रखे सरसों ग्वार तथा मूंगफली के अनाज में आग लगी। जिसके चलते दोनों व्यापारियों का करीब 25 से 30 लाख रुपए का नुकसान हो गया। फिलहाल मौके पर जेसीबी से अनाज के कट्टों को इधर-उधर कर फायर ब्रिगेड की सहायता से आग बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। वही मौके पर पुलिस भी पहुंची। आगजनी की सूचना के बाद मंडी परिसर में काफी व्यापारियों और आमजन की भीड़ इकट्ठी हो गई।



श्रीमाधोपुर में कृषि उपज मंडी परिसर में दुकानों के बाहर रखे माल में अचानक आग लग गई।

# नशीला कोल्ड ड्रिंक पिलाकर महिला से दुष्कर्म

**बीकानेर,** (निसं)। तलाकशुदा महिला के साथ हुई मुलाकात व बातचीत के सिलसिले का पड़ौसी ने फायदा उठाते हुए एक दिन कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला उसको पिला दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। यही नहीं अश्लील वीडियो बनाया तथा उसके फोटो खींच लिए। जिसको वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। इसकी शिकायत पर हरकत में आई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

■ अश्लील वीडियो बनाया तथा उसके फोटो खींच लिए

मामला श्रीगंगानगर के जवाहर नगर पुलिस थाना क्षेत्र का है। पीड़िता की शादी हुए पन्द्रह साल हो गए। उसका अपने पति के साथ तलाक हो गया। उसके बाद वह अपनी मां के साथ जवाहर नगर पुलिस थाना क्षेत्र में रहने लगी। इसी दौरान उसका सम्पर्क पड़ोस में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ। युवक ने बातचीत शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने नशायुक्त कोल्ड ड्रिंक उसको पिला उसका फायदा उठाते हुए उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बना लिया तथा अब वह उसको वायरल करने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बालाजी मंदिर से चांदी के मुकुट एवं दानपात्र चोरी



जिला मुख्यालय पर फलसे वाले बालाजी मंदिर में दान पात्र को तोड़ते सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर।

**दौसा,** (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज के पीछे फाल्स वाले बालाजी के प्राचीन मंदिर से चोर बीती रात को चांदी के मुकुट एवं छत्र सहित वहां रखे दान पात्रों से नगदी चोरी कर ले गये। चोरी की पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

घटना का पता जब लगा जब सुबह पुजारी मंदिर की पूजा करने पहुंचा तो वहां के गेट खुले मिले व दान पात्र आदि सब टूटे हुए थे एवं मूर्ति से चांदी के छत्र मुकुट आदि भी गायब थे। मंदिर के पुजारी ने बताया कि वह मंगलवार रात्रि को आरती करने के बाद मंदिर के पट सुरक्षित तौर पर बंद कर वहां से हमेशा की तरह चले गए थे। जहां अज्ञात चोरों द्वारा पुजारी के जाने के बाद इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। वहीं मंदिर में लगे हुए सीसीटीवी कैमरे में दो अज्ञात चोर दान पात्र को तोड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इसी के चोर चांदी के छत्र, मुकूट आदि भी चोरी करते हुए स्पष्ट नजर आ रहे हैं जिनकी पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।

कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं घटनास्थल का बारीकी से जायज लेकर सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की लाइव वारदात को देखा व साक्ष जुटाने के प्रयास किए गए। चोरी की घटना की जानकारी मिलने के बाद भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर एकत्र हो गए एवं चोरी की घटना पर रोष जता पुलिस प्रशासन से जल्दी इस घटना का खुलासा करने एवं मंदिर से चोरी हुए सामान को बरामद करने की मांग की गई। वहीं कोतवाली थाना पुलिस सीसीटीवी से प्राप्त हुलिए के आधार पर चोरों की तलाश करने के लिए विभिन्न टीम में गठित कर नकबजनी खुलासे के कार्य में लगी हुई है।

# दिनदहाड़े सोने की सिल्ली छीनकर भागा युवक

**बीदासर,** (निसं)। कस्बे के भीड़भाड़ वाले व्यस्तम मण्डी बाजार में बुधवार की दोपहर दिनदहाड़े विजय कुमार सोनी की स्वर्ण आभुषण की दुकान पर एक अज्ञात युवक दुकनदार से लगभग 116 ग्राम से अधिक सोने की सिल्ली छीनकर ले गया। जिसकी बाजार कीमत लगभग सात लाख रूपये है। दिनदहाड़े हुई वारदात से मुख्य बाजार में दहशत फैल गई। वारदात को लेकर स्वर्ण आभुषण कारोबारियों में आक्रोश देखा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय कुमार सोनी की स्वर्ण आभुषण की दुकान पर दोपहर 1.45 बजे एक अज्ञात युवक चॉदी का ताबीज लेने आया, तो अज्ञात युवक ने ताबीज के पैसे दे दिये, तथा फिर आधा ग्राम सोना पुजा के लिये मांगा तो दुकानदार ने अलमारी से सोने की सील्ली निकालकर आधा ग्राम काटने का ज्यौही प्रयास किया तो अज्ञात युवक दुकानदार से सोने की सील्ली लेकर पैदल ही बाजार के बीच से भाग निकला।

अज्ञात युवक का भागते हुये आस पास की दुकानो में लगे सीसीटीवी कैमरो में घटना कैद हो गई है। घटना की सूचना देने पर मौके पर पुलिस थाना के एएसआई रतनलाल लुहार ने मौके पर पहुचकर घटना की जानकारी ली तथा सीसीटीवी के फुटेज को भी देखा लेकिन समाचार लिखे जाने तक पुलिस थाना में मामला दर्ज नही हुआ और न ही सोना छीन कर भागने वाले युवक का पता चला है।

# अधेड़ ने आत्महत्या की

**टोंक,** (निसं)। सोहेला ग्राम पंचायत की ढाणी सरदारपुरा में एक व्यक्ति ने खेत पर स्थित पेड़ पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की।

बरौनी थाना अधिकारी ओमप्रकाश ने बताया कि ढाणी सरदारपुरा निवासी ओमप्रकाश (55) पुत्र लादूराम बैरवा ने अपने खेत पर स्थित पेड़ पर अपनी धोती से फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की है। जिसकी सूचना पर बरौनी थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक को सआदत अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों के सुपुर्द किया। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक खेती कर अपना जीवनयापन करता था। वहीं मृतक की पत्नी का पूर्व में देहांत हो चुका है तथा मृतक के दो लड़के है, जो खेतीहर मजदूर हैं।

# संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई

**अजमेर,** (कासं)। संविधा निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब की पुण्यतिथि के अवसर पर बुधवार को शहर सहित जिलेभर में राजनीतिक, सामाजिक सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों व समाज के लोगों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

अजमेर के रोडवेज बस स्टैंड चौराहा स्थित अंबेडकर सर्किल में लगी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर शहर कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर विजय जैन सहित कांग्रेसी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जैन ने कहा कि उनके कृतित्व व्यक्तित्व के बखान के साथ ही उनके पदचिह्नों का अनुसरण और उनके आदर्शों को आत्मसात कर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। बाबा साहेब ने सदैव जाति-पांति से ऊपर उठकर देश हित में निर्णय लिया और सभी को जीने का समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करते रहे।



अजमेर में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व कई समाज के लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

इस मौके पर दक्षिण विधानसभा प्रत्याक्षी दौपदी कोली, ब्लाक अध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रवाल, आरिफ हुसैन त्यागी, दिनेश के शर्मा, सोना धनवानी, डॉ. ईश्वर राजोरिया, कशिश बायला, महेन्द्र कटारिया, नितिन जैन, पार्षद वसीम खान, सुनील धानका नरेश सत्यावना, लक्ष्मी बुंदेल, कमल गंगवाल, शिवराज भडाना, ईश्वर टहलियानी, राजीव कच्छावा, कमलेश खींची, संजय यादव, विनोद नगवाल शमसुद्दीन, अशोक सुकरीया, हरिप्रसाद जाटव, दिनेश वासन, राजकुमार गर्ग कार्यकर्ता मौजूद थे।

इसी प्रकार अनुसूचित जाति जनजाति आरक्षण मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा अम्बेडर के 68वें परिनिर्वाण दिवस पर अम्बेडर की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान जिला महासचिव रविशंकर बंजारा, एडवोकेट शिवप्रसाद, कुलदीप, बत्तीलाल मीणा, एडवोकेट रविन्द्र चौहान, सुरेन्द्र सिंह, राजेश मीणा, रामरूप मीणा, भानुप्रताप, खुशीराम, सरोज जाटव, पूनम व सोनू सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# सीमा सुरक्षा बल ने दो कश्मीरी युवकों को पकड़ा

**जैसलमेर,** (निसं.)। सीमा सुरक्षा बल ने दो कश्मीरी युवकों को पकड़ा है। पकड़े गए कश्मीरी बिना परमिशन के रोजानियों की बस्ती में घूम रहे थे। ग्रामीणों ने सीमा सुरक्षा बल को इसकी जानकारी देकर बुलाया। 108 बीएन बटालियन के जवानों ने कश्मीरियों को पकड़ा और पूछताछ के बाद उनको सम थाना पुलिस के सुपुर्द किया। सम थाना पुलिस अब दोनों कश्मीरी नागरिकों को संयुक्त जांच कमेटी के सुपुर्द करेगी जहां सभी सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ करेंगी।

सम थाना प्रभारी ऊर्जा राम ने बताया कि सम थाना के प्रतिबंधित इलाके में पकड़े गए दोनों कश्मीरी नागरिक सरहदी इलाके में आने का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसलिए अब दोनों को संयुक्त जांच कमेटी के सुपुर्द किया जाएगा जहां सभी सुरक्षा एजेंसियां उनसे कड़ाई से पूछताछ करेगी और प्रतिबंधित इलाके में आने का कारण जानेगी। ऊर्जा राम के अनुसार 108 बीएन बटालियन के कम्पनी कमान्डर ने बताया कि मंगलवार देर शाम सीमा क्षेत्र में गांव रोजाणियों की बस्ती में दो संदिग्ध व्यक्ति देखे गए। बीएसएफ की फील्ड टीम को सूचना मिलने पर कंपनी कमांडर अपने पांच जवानों के साथ रात को गांव रोजाणियों की बस्ती पहुंचे। गांव में दो व्यक्ति जम्मू कश्मीर के मोहम्मद रियाज (43) निवासी पून्छ जम्मू और मकसूद अहमद (40) निवासी जिला पून्छ जम्मू मिले। दोनों व्यक्ति सीमा क्षेत्र के गांव में मौजदूगी का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। दोनों का मेडिकल करवाया गया और दोनों को सम थाना पुलिस को सौंपा गया। ऊर्जा राम ने बताया कि अब दोनों को संयुक्त जांच कमेटी के सुपुर्द किया जाएगा।

# शेखावाटी में पारा गिरा, सर्दी बढ़ी

**चूरू,** (कासं)। शेखावाटी में बुधवार को पारे में गिरावट आई है। इससे यहां सर्दी और बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार चूरू में आज न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। पिछले दिवस की तुलना में आज यहां न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री सेल्सियस गिर गया है। साथ ही अधिकतम तापमान में भी 0.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। सर्दी के कारण बच्चों और बुजुर्गों को अधिक परेशानी हो रही है। निश्चित रूप से आने वाले दिनों में सर्दी के तेवर और तीखे होने वाले हैं।

# आर.जी.एच.एस. घोटाले के मास्टरमाइंड झंवर के खिलाफ एक और केस दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। शहर में आरजीएचएस घोटाले में एक और मामला सामने आया है। सरकारी चिकित्सालय से सेवानिवृत महिला चिकित्साकर्मी के पुत्र की तरफ से मुख्य आरोपी जुगल झंवर के खिलाफ महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई है। इसमें आरजीएचएस के नाम पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है।

उसकी माताजी कैंसर रोगी है। महामंदिर के मानसागर ब्रह्मपुरी निवासी विजेंद्र दवे पुत्र बालकिशन की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी माताजी मंजू रानीदवे चिकित्सा विभाग से सेवानिवृत होने के साथ कैंसर रोगी भी है। वर्ष 2015 से उसकी माताजी मंजू रानीदवे का मेदांता अस्पताल में उपचार चल रहा था। जहां से बाद में अलग-अलग अस्पतालों के डॉक्टर से संपर्क करवाया गया। फिर दवाईयों की पर्ची और इलाज खर्च के लिए जालोरी गेट स्थित जुगल झंवर की मेडिकल दुकान पर भेजा गया था। यहां से जुगल झंवर ने उसकी माताजी को झांसे में लिया था। उसकी माताजी की दवाई का खर्च 50 हजार रूपए आता था। जिसमें वह बाद में हेरफेर करने लगा।

जानकारी के अनुसार मामला सितंबर में सामने आया था। आरजीएचएस मामले में आरोपी करमास समदड़ी निवासी महेंद्र पुत्र चैनाराम और राहुल पुत्र विजयकुमार परिहार को गिरफ्तार किया था।

महेंद्र जनकल्याण विभाग में सिवाड़ा में पदस्थ है। वहीं राहुल ने अपने पिता विजय और दादा गोपाल का कार्ड खुद के नंबर से लिंक करवा लिया था। इसकी जानकारी परिवार में किसी को नहीं थी। दोनों आरोपी जुगल झंवर के बेटे तुषार और उमेश परिहार के संपर्क में आ गए। राहुल के पिता के कार्ड से झंवर मेडिकल संचालक ने 20 लाख रुपए की दवाईयां उठाई हैं, जिसमें से 1.80 लाख रुपए का कमिशन राहुल ने लिया था।


वहीं महेंद्र को 60 से 70 हजार रुपए कमिशन मिला था। इस बारे में पहले बासनी थाने में 45 कार्ड होल्डरों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें से करीब 25 से पूछताछ हो चुकी है। बचे हुए 20 कार्ड होल्डरों से पूछताछ की जाना बाकी है। बताया जाता है कि इन कार्ड होल्डरों में से कई और आरोपी निकल सकते हैं। यदि गड़बड़ी की होगी तो उन्हे गिरफ्तार किया जाएगा।

# सुखदेव सिंह की हत्या का विरोध, चूरू व सुजानगढ़ के बाजार बंद रहे





सुजानगढ़ में राजपूत समाज के लोगों ने विरोध रैली निकाली।



चूरू में सर्व समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया।

**चूरू/सुजानगढ़,** (कासं)। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या करने के विरोध में बुधवार को चूरू शहर के बाजार बंद रहे। सुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए डीएसपी जयप्रकाश अटल पुलिस जाब्ते के साथ शहर में जगह-जगह गाड़ी लेकर राउंड कर रहे थे। शहर में किसी भी प्रकार की अशांति का माहौल पैदा नही हो, इसके लिए शहर में जगह-जगह पुलिस के जवान तैनात रहे।

बुधवार सुबह करीब दस बजे शहर के इंद्रमणी पार्क में राजपूत करणी सेना के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, राजपूत समाज के युवक, जनप्रतिनिधियों के अलावा सर्व समाज के लोग भी एकत्रित हो गये। जिन्होंने घटना की घोर निंदा की। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शहर में कई निजी स्कूल भी बंद रहे। करणी सेना की ओर से शहर के इंद्रमणी पार्क में घटना को लेकर एक बैठक भी की गई। इसके बाद शहर में रैली निकालकर घटना के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कलेक्ट्रेट सर्किल पर टायर जलाकर सड़कों पर बैठकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने एडीएम व एसपी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा और जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

**सुजानगढ़ संवाददाता के अनुसार :-** सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में बुधवार को शहर के बाजार बंद रहे। बाजार बंद कर सर्वसमाज के बैनर तले बस स्टैण्ड से विरोध रैली शुरू हुई। विरोध रैली में सुखदेव सिंह के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर नारेबाजी चलती रही। रैली के दौरान मौजूद लोगों ने रास्ते में खुली कई दुकानों को बंद भी कराया। रैली उपखण्ड कार्यालय पहुंची। जंहा पर एडवोकेट विजेन्द्र सिंह ने घटना की निंदा जताई। रैली में शामिल भाजपा प्रत्याशी व बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल ने घटना की निंदा जताई।

दीवान सिंह भानीसरिया ने भी घटना को लेकर दु:ख जताते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। उपखण्ड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी रमेश कुमार को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जयपाल सिंह, कुलदीप सिंह, रोशन सिंह, नरेन्द्र सिंह, हंसराज नायक, वैद्य भंवरलाल शर्मा, बुद्धिप्रकाश सोनी, राजू सिंह, बबलू सिंह, शेर सिंह, प्रेम सिंह गोपालपुरा, रफीक खान सहित क्षेत्र के सैंकडो लोग विरोध रैली में शामिल हुए।

# गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में मण्डावा व सूरजगढ़ बन्द रहे



गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या करने के मामले को लेकर राजपूत समाज, करणी सेना एवं सर्व समाज ने प्रदर्शन किया।



सर्व समाज के लोगों ने अंगद बन्ना के नेतृत्व में एसडीएम ओमप्रकाश चंदेलिया को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा।

**मण्डावा/सूरजगढ़,** (निसं)। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या करने के मामले को लेकर राजपूत समाज करणी सेना एवं सर्व समाज की अपील पर मण्डावा कस्बे का बाजार बंद रहा। चूड़ी अजीतगढ़ के पूर्व सरपंच गिरवर सिंह के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगों ने बाजार को बंद करने की अपील की जिस पर व्यापार मंडल ने सहयोग देते हुए व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे।

सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की निर्मम हत्या के अपराधियों को गिरफ्तार करने व उन्हें सख्त सजा दिलाने की मांग को लेकर सर्व समाज के लोगों द्वारा अंगद बन्ना के नेतृत्व में एसडीएम ओमप्रकाश चंदेलिया को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में गिरवर सिंह शेखावत, पूर्व पालिका अध्यक्ष राधेश्याम सैनी, राजकुमार निर्वाण, महिपाल सिंह तोलियासर, भंवर सिंह तेतरा, दीपेंद्र सिंह मोजास, भवानी सिंह कुहाडु, अयूब खत्री, किशोर सिंह जाटू, रविंद्र सिंह तिहावली, दीपक खांडल, चंद्रपाल सिंह पाटोदा, मनोज सैन, किशोर सिंह तेतरा, मोहम्मद इब्राहिम, लक्ष्मण सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

**सूरजगढ़ संवाददाता के अनुसार :-** सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में राजपूत समाज के युवाओं ने सडक़ों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह बिजौली व तहसील अध्यक्ष अनिल चौराड़ी के नेतृत्व में सर्व समाज के लोगों ने दुकानदारों से अपील करते हुए बाजार बंद करवाये व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली।

इस मौके पर उप प्रधान मुकेश सिंह, रूपेन्द्र सिंह शेखावत, तहसील उपाध्यक्ष आशीष तंवर, नरेन्द्र चौहान, दिनेश तंवर, लक्ष्मण सिंह, कुलदीप सिह, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन सिंह, हीरा सिंह, शिव सिंह, भवानी सिंह, कुंदन सिंह, दिनेश सिंह, पुनित बडगुर्जर, विरेन्द्र फतेहपुरा, अभिषेक शर्मा, पवन मेघवाल, राहुल सोनी, मनीष सैनी, राहुल कुमावत, राजेश, विनय अग्रवाल, मनजीत सैन, अशोक सैनी सहित सैकड़ों युवा मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में न्यायालय परिसर में 9 दिसंबर, शनिवार को चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष एवं एडीजे अरविंद कुमार जांगिड़ के अनुसार श्रीमाधोपुर न्यायालय परिसर में स्थित सिविल न्यायालयों के लिए 2 बैंचो तथा खंडेला न्यायालय के लिए 1 बेंच का गठन किया गया है, इनमें न्यायालयो में लंबित राजीनामा योग्य विभिन्न प्रकरणों के अतिरिक्त बैंक ,बीमा ,विद्युत निगम व पानी से संबंधित लंबित बिल के प्रकरणों का निस्तारण किया जाना प्रस्तावित है समिति अध्यक्ष ने बताया कि प्रथम बेंच में अध्यक्ष अरविंद कुमार जांगिड़ एडीजे तथा सदस्य एडवोकेट रक्षपाल स्वामी, द्वितीय बेंच में अध्यक्ष पायल गौतम एसीजेएम क्रम संख्या 2 तथा सदस्य एडवोकेट हरिप्रसाद गुप्ता एवं तृतीय बेंच में अध्यक्ष सुरेश कुमार तृतीय जे एम खंडेला तथा सदस्य एडवोकेट राजेंद्र कुमार मीणा होंगे। जिन पक्षकारों को अपने प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण करवाना है वे शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक न्यायालय परिसर श्रीमाधोपुर व खंडेला में आकर अपने प्रकरणों का निस्तारण करवा सकते हैं।

# गोगामेड़ी हत्याकांड के विरोध में पुलिस प्रशासन के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये



सर्व समाज के लोगों ने प्रदर्शन व रैली निकालकर विरोध जताया।

- श्रीमाधोपुर में विरोध रैली निकाली, मूंडरू में टायर जलाकर रोड जाम किया

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजधानी जयपुर में मंगलवार दोपहर को राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की गई हत्या के विरोध में बुधवार को सर्व समाज के लोगों ने प्रदर्शन व रैली निकालकर विरोध जताया।

राजपूत समाज के आव्हान पर व्यापारियों ने भी एकजुटता का परिचय देते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। राजपूत तथा सर्व समाज के लोग पंचायत समिति श्रीमाधोपुर कार्यालय के सामने एक जगह इकट्ठे होकर विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली के साथ संपूर्ण शहर में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। सर्व समाज के लोगों ने सरकारी अस्पताल के समक्ष मुख्य सड़क मार्ग पर बैठकर विरोध जताया और उसके बाद सुराणी बाजार चौपड़ बाजार होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर श्रीमाधोपुर एसडीएम दिलीप सिंह राठौड़ को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

एसडीएम कार्यालय के सामने भी करीब 20 मिनट तक सर्व समाज के लोगों ने सड़क मार्ग जामकर विरोध प्रदर्शन किया। ज्ञापन के माध्यम से सर्व समाज के लोगों ने सुखदेव सिंह गोगामेडी को सुरक्षा प्रदान क्यों नहीं की गई इसकी जांच करने, हत्या के पीछे किसका हाथ है इसकी जांच वर्तमान हाईकोर्ट के जज द्वारा कमेटी बनाकर करवाने, परिवार को 5 करोड़ की आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, सभी सामाजिक संगठनों के जितने भी अध्यक्ष हैं उन सब को सरकारी सुरक्षा प्रदान करने, सुखदेव सिंह गोगामेडी को शहीद का दर्जा देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। सर्व समाज के लोगों ने इस हत्याकांड को लेकर कड़ी निंदा की। वहीं विरोध प्रदर्शन को लेकर डिप्टी राजेंद्र सिंह निर्वाण तथा थानाधिकारी विजय सिंह के नेतृत्व में शहर के प्रत्येक चौराहे पर पुलिस का जाप्ता तैनात रहा और पुलिस मुस्तैद नजर आई। इस दौरान एड.दिनेश सिंह शेखावत,शंकर सिंह महरोली,उपसरपंच श्याम सिंह मऊ, विक्रम सिंह बागरियावास, महेश शर्मा,जितेंद्र सिंह, इसाक महरोली, सतीश कुमावत, विक्रम सिंह राठौड़, अजय मिश्रा, मोती सिंह,मुकेश शर्मा, मनोहर रेगर, दीपक यादव, विजय पारीक, गजेंद्र सिंह, मालीराम सैनी, धीरज सिंह, दीपक शर्मा, अर्जुन लाल,भंवर सिंह शेखावत, दिनेश जांगिड़ सहित सैकड़ो की तादाद में राजपूत एवं सर्व समाज के लोग मौजूद रहे।

श्रीमाधोपुर के पूर्व विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत ने राजस्थान के महामहिम राज्यपाल को पत्र लिखकर हत्याकांड की त्वरित जांच कराने , हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार कर दोषियों को सजा दिलाने के साथ ही पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाकर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित कराने हेतु पत्र लिखा है।

थाना इलाके के ग्राम मूंडरू में सर्व समाज के लोगों ने बुधवार को संपूर्ण बाजार को सर्वसम्मति से बंद करवा कर गोगामेडी हत्याकांड को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और ग्राम के मुख्य बस स्टैंड पर पहुंचकर अजीतगढ़ श्रीमाधोपुर स्टेट हाईवे को 20 मिनट तक जामकर ,टायर जलाकर, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

## सार-समाचार

### अम्बेडकर का निर्वाण दिवस मनाया



**टोंक, (निसं)।** भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी टोंक के जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा सहित कांग्रेस जनों ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि आजाद भारत के संविधान निर्माण और शोषित वर्ग के उत्थान में उनका योगदान हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। जिलापूर्व प्रवक्ता जर्रार खान ने बताया कि इस अवसर पर कैलाशी देवी मीणा सेवादल जिला अध्यक्ष अब्दुल खालिक कमल बेरवा पूर्व विधायक इरशाद खान सेवादल मनिंदर बेरवा मूलचंद बेरवा पूर्व पार्षद अशोक महावर कमलेश चावला मनीष चौकी अजीज कुरैशी मुराद गांधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जनों ने डॉ. अंबेडकर को याद किया।

### लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज के तत्वावधान में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 6 दिसंबर को श्रीमाधोपुर के रोटरी भवन में 51 वें नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया रोटरी क्लब के गिरिराज कयाल के अनुसार आयोजित हुए शिविर में 102 मरीजों के आंखों की जांच की गई तथा इनमें से चयनित 64 मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया गया जहां चयनित मरीजों का नि:शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर खानपान व रहने की संपूर्ण व्यवस्था नि:शुल्क की जाएगी व चश्मे भी निशुल्क दिये जायेगें। इस मौके पर शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉक्टर मधुमिता, अजीत सिंह तंवर, आसना, साक्षी सोनाली , कुलकर्णी तरुण, पूर्व सप्रान्तपाल गिरिराज कयाल, पूर्व अध्यक्ष सुरेश कुमार चुटिया पुरुषोत्तम शर्मा, संतोष कुमार सोनी आदि ने उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी। इससे पहले आयोजित 50 शिविरों में 4693 पंजीकरण किए गए जिनमें से 1226 मरीजों की आंखों के सफल ऑपरेशन हो चुके है।

### युवाओं ने बाबा साहब को याद किया

**शाहपुरा, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के गांव बिदारा में युवाओं ने बुधवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 68वां महानिर्वाण दिवस मनाया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय बलाई महासभा के जिलाध्यक्ष हिमांशु कुमार रिया, सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर, डॉ तरूण बाकोलिया, सहायक अनुभाग अधिकारी भुवनेश कुमार, प्रधानाचार्य अनिता वर्मा, सूरजमल बुनकर आदि ने बाबा साहब की जीवनी के बारे में बताया। बाबा साहब के जीवन संघर्ष और शिक्षाओं को सभी के सामने उजागर किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जलन कर की। कार्यक्रम में राकेश कुमार शर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, आशीष पांचाल आदि वक्ताओं ने कहा कि मानक मात्र की अस्थिरता और सम्मान की रक्षा के लिए डॉ.भीमराव अंबेडकर ने आजीवन संघर्ष किया जो आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने संविधान सभी वर्गों के साथ ही नारी जाति के मानवीय अधिकारों में संरक्षण देना एवं राष्ट्रीय एकता और अखंडता का मार्ग प्रशस्त किया।

### विधायक प्रेमचंद बैरवा का स्वागत किया

**दूदू, (निसं)।** विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रेमचंद बैरवा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहा कि आमजन को साथ लेकर बिना भेदभाव के क्षेत्र का विकास करना मेरी प्राथमिकता होगी। बैरवा कहा कि क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा बना रहे यह मेरी भावना है। उन्होंने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को दिया तथा कहा कि क्षेत्र की मुख्य समस्या पेयजल, शिक्षा, बेरोजगार की है जिसका समाधान करने का पूरा प्रयास करूंगा। बैरवा का अभिभाषक संघ दूदू के प्रतिनिधि मंडल द्वारा जीत पर जयपुर आवास जाकर स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष अशोक दायमा अभिभाषक राजेंद्र सिंह मंडावरी नानूराम धाभाई खुशराज सिंह सतपाल खारोल शिवराम शर्मा मोनू सेन सहित अभिभाषक मौजूद रहे।

### अम्बेडकर का निर्वाण दिवस मनाया

**निवाई, (निसं)।** अंबेडकर विकास मंच निवाई के तत्वावधान में डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का महापरि निर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने अंबेडकर सर्किल पर डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धाजंली दी। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी में बाबा साहेब के जीवन पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। इस दौरान अंबेडकर विकास कुमार संदेश किशन संगत, महामंत्री बनवारीलाल बैरवा,रमेश बैरवा, राजेश नकवाल, धनराज नकवाल,शंकर लाल हाथीवाल, निराला, लोकेश वर्मा, प्रमोद गंगवाल, महेंद्र बैरवा, हेमराज बैरवा, रामप्रसाद नगावंश, रामगोपाल सेवालिया व सुनील वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

## बाल स्वास्थ्य मेला आयोजित

**निवाई, (निसं)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झिलाय में बुधवार को कल्प सेंटर फार अनफोल्डिंग लर्निंग पोटेंशिअल्स एवं देसाई फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा शिक्षा विभाग के सहयोग से बाल स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

इस बाल स्वास्थ्य मेले में लगभग एक हजार बच्चों ने भाग लिया। मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता एवं विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना है। मेले में कक्षा 1 से 12 तक के बालक बालिकाओं के अलग-अलग समूह बनाए। जिन्हें उनके निर्धारित गतिविधि कक्षा में बैठा कर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां की गई।

बच्चों की एनीमिया जांच एवं जागरूकता, वृद्धि निगरानी, विज्ञान के प्रयोग एवं चमत्कार, विज्ञान के उपकरणों का परिचय, शारीरिक संरचना, फिल्म प्रदर्शन एवं विभिन्न प्रकार के खेल, प्राथमिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता तथा किशोरी बालिकाओं के साथ माहवारी स्वच्छता प्रबंधन एवं जागरूकता प्रमुख रहे। भारत ज्ञान विज्ञान समिति जयपुर के सदस्यों ने बच्चों के साथ अंध-विश्वास एवं चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या कर इनके बारे में फैली भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। दोनों विद्यालयों की प्रधानाचार्या मंजू मीना एवं अनुराधा वर्मा ने बाल स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन एवं आयोजित गतिविधियों का अवलोकन किया साथ ही बच्चों का उत्साह-वर्धन किया।

कल्प संस्था के निदेशक सुधीर उपाध्याय ने बताया कि आम तौर पर यह देखा जाता है की ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को अच्छे स्वास्थ्यए स्वच्छता एवं विज्ञान की पर्याप्त शिक्षा व जागरूकता नहीं होने के करण वे इसके महत्व को नहीं समझ पाते हैं जिसके कारण बच्चों का शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य तो प्रभावित होता है साथ ही विज्ञान के क्षेत्र में भी बच्चे पीछे छूट जाते हैं।

## अलवर बंद आज

**अलवर, (निसं)।** करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में गुरूवार को अलवर बंद रखने का जिला करणी सेना एवं राजपूत सभा द्वारा आहूत किया गया है। इस बंद को अलवर के सभी व्यपारियों सहित निजी शिक्षण संस्थाओं ने अपना समर्थन दिया है।

मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान अलवर (राजस्थान) के जिला अध्यक्ष लालाराम ठाकुर ने स्व. सुख देव गोगामेडी की साजिश पूर्ण हत्या के विरोध में 7 दिसंबर को अलवर जिले की प्राइवेट स्कूल बंद करने का आव्हान किया है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि सुखदेव गोगामेड़ी समाज और राष्ट्र के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। उनके आदर्शों को भुलाया नहीं जा सकता है। अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जावे। एवं सुखदेव गोगामेडी को शहीद का दर्जा दिया जावे। व परिवार को 5 करोड रुपए की सहायता राशि प्रदान करें।

# बाजार बंद रख राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा


सर्व समाज ने रैली निकाल उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया।

**राजगढ़, (निसं)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में बाजार बंद रख राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

इससे पूर्व पंडित भवानी सहाय स्मारक से व्यापार संघ के अध्यक्ष बसंत गुप्ता एवं सर्व समाज की ओर से प्रमुख बाजारों में होकर रैली निकाली एवं गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

राजपूत समाज के जिला संरक्षक राजपूत सभा बृजेंद्र सिंह बबेली, दिनेश प्रधान, प्रभु दयाल शर्मा, ब्राह्मण समाज के संत ज्ञानेश्वर शर्मा एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष खेम सिंह आर्य एवं अन्य प्रमुख बाजारों में सुखदेव सिंह की हत्या की आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने एवं कठोर सजा दिलाने की मांग सहित गोगामेडी अमर रहे के नारे लगाए। प्रमुख बाजार गोल मार्केट, चौपड़ बाजार, मालाखेड़ा बाजार, गोविंद देव जी बाजार, रेलवे स्टेशन मार्ग एवं सराय बाजार सहित प्रमुख मार्केट दोपहर 12 बजे तक बंद रहे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्षदेवेंद्र शर्मा, विश्वेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, मुकेश जेमन, राजीव विजय, किशन मुखिजा, राजेंद्र चेयर वाल, राजकुमार विजय, राजकुमार चौहान, अन्य समाजों के लोग व व्यापारी मौजूद रहे।

## परिनिर्वाण दिवस मनाया

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** विधायक दीपचन्द खैरिया के नेतृत्व में डॉ. भीमराव अंबेडकर का महा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। विधायक खैरिया के निजी सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि बुधवार को विधायक कार्यालय पर विधायक दीपचन्द खैरिया के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ. अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस उनकी तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। परिनिर्वाण दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया साथ ही उनके महान कार्यों को याद कर उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। इस मौके पर कृषि उपज मंडी चेयरमैन घीसाराम भड़ाना, मजदूर यूनियन अध्यक्ष धीरसिंह मेघवाल, प्रकाशचंद पूर्व सरपंच, किशन चंद मंडल अध्यक्ष, सुनील सांवरिया पार्षद, अनिल भड़ाना, लोकेश खैरिया, हिम्मत पहाड़िया, दिनाराम सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हवन कर बालकनाथ को सी.एम. बनाने की कामना की


बहरोड़ में कार्यकर्ताओं ने पंचमुखी हनुमान मंदिन में हवन किया।

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** पंचमुखी हनुमान मंदिर बहरोड़ में प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति में तिजारा से विधायक बने महंत बालकनाथ योगी के राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने की कामना करते हवन किया।

सुबह करीब 10:15 बजे पंचमुखी हनुमान मंदिर बहरोड़ में कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देकर बहरोड़ से भाजपा प्रत्याशी डॉ. जसवंत सिंह यादव को जिताने के लिए अपने कार्यकर्ताओं के साथ समर्थन देने के बाद प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव तथा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ ही अन्य वरिष्ठ लोगों के नेतृत्व में तिजारा से सांसद के रूप में रहकर विधायक चुनाव में भी विजयी होने एवं उनके मुख्यमंत्री बनने की कामना करते हवन किया गया।

इस दौरान बहरोड़ प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव, रोहिताश पार्षद, नेता प्रतिपक्ष ओमप्रकाश यादव नगर पालिका बहरोड़, पार्षद मनोज यादव, एडवोकेट सुभाष यादव, एडवोकेट राजाराम यादव, वरिष्ठ एडवोकेट सुमेर सिंह ओला, बर्डोद नगर पालिका पार्षद प्रतिनिधि विक्रम सिंह, रामफल गुर्जर एवं भाजपा वरिष्ठ पंडित उमेश चंद शर्मा, सरपंच सुरेश चंद भेडी, कृष्ण मीणा आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## 'पल्स पोलियो अभियान को गंभीरता से लें'

- अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिये

**खैरथल, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश साहरण ने 10 दिसम्बर से शुरू होने वाले 3 दिवसीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर बुधवार को खैरथल तिजारा सचिवालय पर जिला स्तरीय ट्रास्क फोर्स की बैठक ली और अधिकारियों कहा राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रति लापरवाही बरतने पर अधिकारी कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई के करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओम प्रकाश सहारण ने उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को प्रचार प्रसार संघन मॉनिटरींग व सुपरविजन के निर्देश दिये। उन्होंने कहा राष्ट्रीय कार्यक्रम को आधिकारिक कार्मिक गंभीरता से लेवें और ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने पर अधिकारियों एवं कार्मिकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिये।

अतिरिक्त कलेक्टर ने बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए स्काउट व एनसीसी से जुड़े छात्रों को राष्ट्रीय अभियान से जोड़ा जाकर अभियान को निचले स्तर तक सफल बनाने पर जोर दिया और अधिकारियों को सघन निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं । बैठक में आरसीएचओ डॉ0 आर पी मीना ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी ।

# सर्वसमाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया


बौंली में सर्वसमाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर मौन जुलूस निकाला।

**बौंली, (निसं)।** श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में मित्रपुरा, खिरनी, बामनवास, मलारना डूंगर एवं बौंली उपखंड मुख्यालय पर सर्व समाज के लोगों ने राजपूत समाज के लोगों के साथ काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया एवं शांतिपूर्ण तरीके से मौन जुलूस निकाला व व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान बंद करने का अनुरोध किया।

इस दौरान व्यापारियों ने सर्व समाज की एकता व मांग को देखते हुए अपने प्रतिष्ठान विरोध स्वरूप बंद किया एवं सभी ने एकत्रित होकर बौंली उपखंड मुख्यालय पर एसडीएम को निर्मम गोली मारकर हत्या कर देने वालों की गिरफ्तारी को लेकर ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व बौंली नगर पालिका चौराहे पर राजपूत समाज के लोगों ने विरोध स्वरुप अपने विचार व्यक्त किए। फोटो- विरोध प्रदर्शन में बौंली उपखंड मुख्यालय के नगर पालिका चौराहे पर एकत्रित सर्व समाज के लोग।

**दूदू में आक्रोश जताया :** जिला मुख्यालय पर स्थित राजपूत सभा भवन में सर्व समाज के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजपूत करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर आक्रोश जताया वह 7 दिसंबर गुरुवार को दूदू बंद रखने का निर्णय लिया गया। सभा भवन में राजपूत समाज के राजेंद्र सिंह मंडावरी, मोहन सिंह ककराला, तेजपाल सिंह, रघुराज सिंह, शंकर सिंह, ब्राह्मण समाज के महेश चंद्र शर्मा, कपिल खांडल, शंकर सिंह सहित अन्य प्रतिनिधियों ने हत्या की निंदा की तथा कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान उठाते हुए आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग की। सभा भवन से ही प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर कार्यालय तक पैदल चलकर प्रदर्शन किया तथा जिला कलेक्टर डॉक्टर आर्तिका शुक्ला को राज्यपाल के नाम ज्ञापन पेश किया।

## सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के संबंध में बैठक

**अलवर, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर नरेश सिंह तंवर की अध्यक्षता में बुधवार को मिनी सचिवालय में 7 दिसम्बर को मनाए जाने वाले सशस्त्रा सेना झण्डा दिवस के संबंध में बैठक आयोजित हुई। एडीएम शहर ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वीर सैनिकों की याद व उनके सम्मान में 7 दिसम्बर को सशस्त्रा सेना झण्डा दिवस मनाया जाना है अत: संबंधित अधिकारी इसकी समुचित तैयारियां पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि वार्षिक झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में एकत्रित की हुई राशि का उपयोग इन शूरवीर योद्धाओं व उनके आश्रितों के कल्याण हेतु किया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि कार्यक्रम के सफल कार्यान्वयन हेतु पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं एवं दानदाताओं को आमंत्रित करें। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया किसशस्त्रा सेना झण्डा दिवस वीर सैनिकों की याद व उनके सम्मान में 7 दिसम्बर को पूरे भारत वर्ष में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी क्रम में 7 दिसम्बर को प्रात: 11 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय अलवर में कार्यक्रम आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि यह दिवस देश की रक्षा, एकता तथा अखण्डता के लिए विभिन्न युद्धों के दौरान अपने प्राणों की आहूति देने वाले सैनिकों की याद व उनके सम्मान में मनाया जाता है।

# गोगामेडी की हत्या से सर्व समाज में आक्रोश व्याप्त



निवाई में हत्या के विरोध में सर्व समाज के लोगों ने रैली निकाली।

- आक्रोशित लोगों ने निकाली रैली, निवाई शहर रहा बंद

**निवाई, (निसं)।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की उनके घर में घुसकर दिन दहाडे गोली मारकर हत्या करने के विरोध में आक्रोशित सर्व समाज के लोगों ने बुधवार को रैली निकालकर प्रदर्शन किया एवं आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

सर्व समाज के आव्हान पर निवाई शहर पूरी तरह बंद रहा। बंद को व्यापारियों का भरपूर समर्थन मिला। कृषि मण्डी में भी आधे दिन व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर आक्रोश जताया। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेंद्र जयसिंहपुरा और करण सिंह राजावत ने बताया कि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या को लेकर सर्व समाज के लोगों में आक्रोश है। इसी को लेकर सर्व समाज के लोगों द्वारा आज शहर को बंद करने का निर्णय लिया। इसी को लेकर बुधवार की सुबह 11 बजे सर्व समाज के लोग कंकाली माता मंदिर से एकत्रित होकर रैली के रूप में शहर के गणगौरी बाजार, खारी कुई, सर्राफा मार्केट, पुरानी सब्जी मंडी, बिलाला मार्केट, बडा बाजार, पटेल रोड, बस स्टेण्ड, अहिंसा सर्किल तक रैली निकाली गई। जहां पर टायर जलाकर घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सर्व समाज के लोगों ने उपखंड अधिकारी रविकांत सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधान राम अवतार लांगडी, राजपूत समाज के अध्यक्ष गजेंद्रसिंह, एडवोकेट तेजभंवर सिंह, नरेन्द्र सिंह प्यावडी, नटवरसिंह लोदेडा, जगदीश बैरवा, मदनलाल रैगर, पूर्व सरपंच मुरली मीणा, माली समाज के अध्यक्ष राम अवतार सैनी, गणेशसिंह, विक्रम सिंह जयलालपुरा, आशु गोड, राजेश भट्ट, राहुल जायसवाल, अनिल जाट, दीपेश चंवरिया, राजेश चौधरी, मायाराम शर्मा, पार्षद गिर्राज जाट, वीरेंद्र गौतम, भंवरसिंह राजावत, टिंकू सिंह, नगेंद्रसिंह, सरपंच रमेश यादव, आसाराम डोई, हरि मंडालिया सहित सैकडों लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम जयसिंहपुरा स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बाढ़ की ढाणी में बुधवार को भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर भामाशाह विरेन्द्र चौधरी पुत्र रामेश्वर मान का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत व अभिनंदन किया गया। साथ ही उन्होंने विद्यालय को कम्प्यूटर प्रिंटर, फर्श भी भेंट की। इस मौके पर विद्यार्थियों को निःशुल्क यूनिफॉर्म का वितरण भी किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य सुरेश चंद यादव, महावीर प्रसाद, हरिश अवाना, मोहित, आदित्य, मोनिका, हरदयाल दौराता, हंसराज आर्य व धर्मेन्द्र आर्य आदि ने भामाशाह का माला व साफा पहनाकर धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

### भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाई

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** भारतरत्न डॉ.भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर बुधवार को चौमूं शहर के कचोलिया रोड स्थित विधायक कार्यालय पर विधायक डॉ. शिखा मील बराला के सानिध्य में क्षेत्रवासियों, पूर्वी ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस पार्षदगणों व कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब अम्बेडकर को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक डॉ.शिखा मील बराला ने कहा कि बाबा साहब ने जीवनभर कमजोर, पिछड़े वर्ग व किसानों के उत्थान एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए अहम कार्य किये हैं। बाबा साहब ने सामाजिक न्याय, एकता और समानता के लिए अपना जीवन समर्पित किया है। उनके कार्य व विचार सदैव हमें प्रेरित करते रहेंगे। साथ ही इस अविस्मरणीय योगदान के लिए यह राष्ट्र सदैव कृतज्ञ रहेगा।

### बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी

**मालपुरा, (निसं)।** देश के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। अम्बेडकर विचार मंच व सेवा समिति के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। बस स्टैण्ड अम्बेडकर सर्किल पर पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी, अम्बेडकर विचार मंच सेवा समिति अध्यक्ष पूजा लोकेश लोदी, रामदेव बैरवा, राजकुमार वर्मा, रामजीलाल बैरवा, एडवोकेट राजकुमार जैन, मनोहर लाल धनजाणी, गजेन्द्र कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में जुटे नागरिकों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निर्वाण दिवस पर श्रद्धाजंली दी।

# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में सर्वसमाज के लोग सड़कों पर उतरे

- कस्बे में विरोध प्रदर्शन किया, बाजार बंद करवाये, राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाया
- जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा


कोटपूतली में आक्रोशित लोगों ने राजकीय बी.डी.एम. जिला अस्पताल के सामने जाम लगाया।

**कोटपूतली, (निसं)।** मंगलवार दोपहर राजधानी जयपुर में श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या कर देने के घटनाक्रम के विरोध में प्रदेश भर की तरह बुधवार को कोटपूतली में भी राजपूत समाज का आक्रोश जमकर फूटा। हत्याकाण्ड के विरोध में राजपूत समेत सर्वसमाज के लोग सड़कों पर आ गये एवं विरोध प्रदर्शन करते हुए दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी कार्यवाही की मांग की। इस दौरान बुधवार तडके कई घण्टों तक कस्बे में भारी नारेबाजी भी की गई।

घटना के विरोध में बुधवार सुबह कस्बा स्थित नगर परिषद पार्क में पूर्व प्रधान विक्रम सिंह तंवर बनेठी के नेतृत्व में राजपूत व सर्वसमाज के लोग एकत्रित हुये। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने घटना को लेकर घोर नाराजगी व्यक्त की। साथ ही पुलिस प्रशासन को इसके लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। वक्ताओं का कहना था कि, जब पंजाब पुलिस द्वारा 06 माह पूर्व ही इस घटना की सम्भावना जताते हुए राजस्थान पुलिस को जानकारी दे दी गई थी तो फिर इतनी बड़ी लापरवाही पुलिस द्वारा किसके ईशारे पर बरती गई। घटना के असल दोषियों के चेहरे भी प्रदेश के सामने आने चाहिये। पार्क में सभा के बाद प्रदर्शनकारी मुख्य सड़कों से होते हुए कस्बे के विभिन्न बाजारों में पहुंचकर दुकानों को बंद करवाया। दुकानदारों ने भी अपना समर्थन देते हुए प्रतिष्ठान बंद किये। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्टर शुभम चौधरी को मुख्य चौराहे पर ज्ञापन देना चाहा, लेकिन कलेक्टर के वहां नहीं पहुंचने पर आक्रोशित लोगों ने राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के सामने राजमार्ग पर जाम लगा दिया।

मौके पर मौजूद एसडीएम मुकुट सिंह, डीएसपी मदन लाल जैफ व एसएचओ राजेश कुमार शर्मा ने समझाईश कर जाम खुलवाया। बाद में जिला कलेक्टर के नाम एसडीएम को ही ज्ञापन सौंपा गया। वहीं विधायक हंसराज पटेल की ओर से भी घटना की निंदा करते हुए सहयोग प्रदान किया गया। इस दौरान करणी सेना के जिला उपाध्यक्ष रूप सिंह टसकोला, विनोद सिंह, विजय पाल सिंह बनेठी, रविन्द्र सिंह शेखावत, हेमराज सिंह, राकेश पाल सिंह, संजय सिंह नारेहड़ा, टिंकू सिंह पाथरेड़ी, ममित राठौड़, शंकर सिंह शेखावत, ब्राह्मण समाज के तहसील अध्यक्ष नवरत्न शर्मा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अशोक गोयल, धर्म सिंह भैंसलाना, अभिषेक बंसल, रतन सिंह, महेश सिंह, रविन्द्र सिंह, सुबेसिंह, नागेन्द्र सिंह, विकास सिंह, अमरसिंह राठौड़, हेमंत राठौड़, विक्रम सिंह, पवन सिंह पवाना, अजय सिंह कुजोता, नरेन्द्र सिंह, पवन सिंह कुजोता, विक्रम सिंह, गोपाल सिंह, अशोक सिंह, अशोक नृसिंहपुरा, पृथ्वी सिंह, विरेन्द्र सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**फुलेरा में बन्द सफल रहा :** फुलेरा कस्बे में बुधवार को प्रातः 11 बजे सर्व समाज के आव्हान पर सर्व समाज एवं राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संयुक्त तत्वावधान में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्या कांड के विरोध में शांतिपूर्वक मौन जुलूस निकाला गया। वहीं फुलेरा का बाजार भी बंद रखा।

## हत्या के विरोध में सांभर के बाज़ार बंद रहे


**सांभरझील, (निसं)।** राजधानी में मंगलवार को श्री करणी राजपूत समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव गोगीमेडा की गोली मारकर हत्या करने पर क्षेत्र के राजपूत समाज के लोगों में भी उबाल आया हुआ है। हत्या करने की घटना को राजपूत समाज ने कड़ी निंदा करते हुए हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी करने, पंजाब पुलिस द्वारा करीब 9 महीने पहले राजस्थान पुलिस को हत्या की साजिश के संबंध में कुछ अहम जानकारी देने के बाद सुरक्षा प्रदान नहीं करने, डीजीपी को बर्खास्त करने आदि को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त रहा।

सांभर फुलेरा क्षेत्र से आए समाज के लोगों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान सर्किल पर खड़े होकर पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा समाज के लोगों ने इसे राजनीतिक हत्या होना बताया। इसके बाद यहां से राजपूत समाज के लोगों ने हत्या के विरोध में सांभर के बाजारों को भी बंद करवाया। लोगों ने भी इसमें अपना पूर्ण सहयोग दिया। इस मौके परराजपूत समाज सांभर के अध्यक्ष एडवोकेट कालूसिंह खंगारोत. ओमशिव प्रताप सिंह महेशवास. लाखन सिंह रोजड़ी, अरविन्द सिंह एडवोकेट,. महेश गोड सहित अनेक लोगों की मौजूदगी रही।

## खाटूश्यामजी का मुख्य बाज़ार बंद रहा

**खाटूश्यामजी, (निसं)।**श्री राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या करने के मामले में खाटूश्यामजी के लोगों में भी आक्रोश नजर आया। खाटूधाम व्यापार मण्डल द्वारा कस्बे का बाजार बंद किया गया तथा मुख्य बाजार में सांकेतिक धरना दिया गया। राजपूत समाज के जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान व खाटूधाम व्यापार मण्डल के अध्यक्ष सुरेश हरनाथका के नेतृत्व में आयोजित धरने में श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि गोगामेड़ी की हत्या की घटना निंदनीय व अमानवीय है। पुलिस - प्रशासन को हत्यारों को जल्दी से जल्दी गिरफ्तार करना चाहिए।वहीं पप्पू शर्मा ने कहा कि गोगामेड़ी सर्वसमाज के नेता थे।उनकी हत्या राजस्थान पर कलंक है।

## नौकरी से हटाने पर सफाई कर्मचारियों में रोष


पावटा में नौकरी से हटाये गये सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू उल्टा कर घंटा घर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया।

**पावटा, (निसं)।** नगरपालिका पावटा प्रागपुरा के सफाई कर्मचारियों को नौकरी से हटाने से सफाई कर्मचारियों में रोष है। जिसको लेकर कर्मचारियों ने झाडू उल्टा कर कस्बे के घंटा घर चौक पर विरोध प्रदर्शन किया और सफाई ठेकेदार व नपा प्रशासन विरोधी नारेबाजी की।

विरोध प्रदर्शन करते हुए सफाईकर्मी शुभम, सन्नी, संजय, निरंजन, कमलेश, शिवम, संजू देवी, बिल्लो देवी, सरोज देवी, रेखा देवी, नयना देवी, संतोष देवी, राजबाला देवी, मधु देवी, पायल देवी ने बताया कि पालिका द्वारा कई बार सफाई ठेकेदार बदल दिये गए है। हर बार जो भी नया ठेकेदार आता है वह भेदभाव करते हुए पुराने सफाईकर्मियों को हटा कर अपने लोगों को लगा देते हैं। जो कर्मचारी पिछले कई वर्षों से काम पर थे, पहले उनको काम दिया जाए। षड्यंत्र के तहत पुराने कर्मचारियों को हटा दिया है। जिन परिवारों के पास काम नहीं है और वे भुखमरी के कगार पर हैं, उन्हें प्राथमिकता से काम दिया जाए। अब तक ऐसा होता आया है कि सफाईकर्मी वही रहे हैं, लेकिन ठेकेदार बदलते रहते थे। अब जो नए ठेकेदार आए हैं, ये नहीं चाहते हमारी रोजी रोजी बनी रहे और हमें निकालना चाहते हैं। बता दें कि सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि ठेकेदार की मनमानी के चलते उन्हें नौकरी से निकाला जा रहा है, जबकि वह कई वर्षों से पालिका में सफाई का काम कर रहे हैं। निकाले गए सफाई कर्मियों में करीब 15 महिलाएं और 8 पुरुष हैं।

## सार-समाचार

### पटेल ने प्रदेशाध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट की



**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक हंसराज पटेल राजधानी जयपुर के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने प्रदेश भाजपा मुख्यालय पहुंचकर प्रदेशाध्यक्ष सी.पी. जोशी, राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर से शिष्टाचार भेंट की। पटेल ने तीनों नेताओं का पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिवादन किया। साथ ही कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सहयोग की बात कही। इस मौके पर सभी ने उन्हें विधायक बनने पर बधाई देते हुए स्वागत किया। साथ ही कोटपूतली के विकास में हरसम्भव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### टी.बी. रोग के प्रति जागरूक किया

**टोंक, (निसं)।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को एमडीएस नर्सिंग कॉलेज टोंक में टीबी जागरुकता अभियान चलाया गया एवं नर्सिंग विद्यार्थियों को टीबी रोग के कारण एवं उपचार की जानकारी दी गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने नर्सिंग विद्यार्थियों को बताया कि पौष्टिक आहार, अच्छी देखभाल और नियमित दवा से टीबी बीमारी को समाप्त किया जा सकता है। डॉ. मित्तल ने बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, वजन कम होना, धीमा बुखार होना, बलगम में खून आना, कमजोरी लगना आदि टीबी के लक्षण है। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पतालो में टीबी का इलाज निःशुल्क किया जाता है। इस दौरान प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं से टीबी से संबंधित प्रश्न पूछे गये। जिसका जिला क्षय रोग अधिकारी ने जवाब दिया। नर्सिंग विद्यार्थी अफजान खान, गिरीश, प्रियंका सैनी, खुशबू सैनी एवं योगेश प्रजापत को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर डीपीसी मसर्रत मियां, मंजूर खान, कॉलेज प्रिंसिपल सुधीर पारीक, वाइस प्रिंसिपल सीमा सांखला सरल सैनी, आशुतोष चौधरी एवं इंद्रजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### परीक्षा फॉर्म के आवेदन शुरू

**कोटपूतली, (निसं)।** राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा नियमित एवं स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए स्नातक पार्ट प्रथम के प्रथम सेमेस्टर हेतु आवेदन शुरू कर दिये गये हैं। राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इसको लेकर आवेदन पत्रों के संग्रहण व जांच के लिए समितियों का गठन किया गया है। नई शिक्षा नीति के संयोजक प्रो. जगराम गुर्जर ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रायें सेमेस्टर प्रणाली से परीक्षायें देंगी। वे अपना परीक्षा फॉर्म बिना अन्तिम तिथि का इंतजार किये जल्द से जल्द ई-मित्र से ऑनलाईन करके आवश्यक दस्तावेजों के साथ हार्ड कॉपी महाविधालय में जमा करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में प्रो. भावना चौधरी, विशम्भर दयाल, डॉ.उदयवीर तोषावर, विमल कुमार यादव, मनोज कुमार सैनी, डॉ. कमलेश यादव, प्रतिभा पोषवाल आदि स्टॉफ सदस्य मौजूद थे।

### विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री बांटी

**मालपुरा, (निसं)।** संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर सुप्रिम फाउण्डेशन जसवंतगढ नागोर के मुख्य ट्रस्टी व भामाशाह बजरंग लाल तापडिया द्वारा बुधवार को राजकीय उच्च प्राथमिक संस्कृत विद्यालय संवारिया में अध्यनरत विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षण सामग्री बांटी गई। प्रधानाचार्य रमेश चन्द पारीक सहित शिक्षक प्रहलादराय शर्मा, ओमप्रकाश चौपडा, अनिता शर्मा, बलराम शर्मा, सहित मौजूद अभिभावकों ने फाउण्डेशन के ट्रस्टी व भामाशाह द्वारा उपलब्ध शिक्षण सामग्री कक्षा 1 से 5 तक के बच्चो को बांटी गई तो शिक्षण सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रधानाध्यापक ने बताया कि फाउण्डेशन द्वारा संस्कृत शिक्षा को बढावा देने की कडी में संस्कृत विद्यालयों में स्वयं सेवको की नियुक्तियां कर विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं।

### 'डॉ. अंबेडकर के विचारों को अपनायें'

**जयपुर, (निसं)।** दलित शोषण मुक्ति मंच डीएसएमएम के जिला संयोजक मंडल की ओर से आज भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर डीएसएमएम कार्यकर्ताओं ने अलवर के अंबेडकर सर्किल पर अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष कैंडल प्रज्वलित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की तथा बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर डीएसएमएम जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा, सह संयोजक फतेहसिंह एवं एडवोकेट श्यामसुंदर जाटव, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जिला सचिव रईसा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### नव निर्वाचित विधायक का स्वागत

**चाकसू, (निसं)।** बुधवार को भाजपा के प्रधान कार्यालय पर माधोराजपुरा एवं बिंची भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं के द्वारा भाजपा के नवनियुक्त विधायक रामावतार बैरवा एवं पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष कैलाश शर्मा का माल्यार्पण कर साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। इस दौरान बैरवा ने भी उन्हें मिली जीत पर चाकसू कस्बे समेत विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने मुझपर विश्वास करके जो जनादेश दिया है उस पर मैं सदैव खरा उतरूंगा और अब विधानसभा में तेजी के साथ विकास कार्य करवाया जायेगा। इस दौरान कस्बे सहित विधानसभा क्षेत्र के कई भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद रहे।

## कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश

**टोंक, (निसं)।** स्थानीय सहायक निदेशक सभागार में कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक के के मंगल की अध्यक्षता में बुधवार को सहायक कृषि अधिकारियों एवं कृषि पर्यवेक्षकों की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें अधिक से अधिक किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिये।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक के के मंगल ने कृषि पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे विभागीय योजनाओं का किसानों के बीच अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें ताकि वे अधिक से अधिक किसान विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हो सके।

संयुक्त निदेशक मंगल ने कहा कि किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबन्धन पर जानकारी देवे ताकि मृदा की उर्वरा क्षमता पर भी कमजोर नहीं हो एवं उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी हो। कृषि पर्यवेक्षक एवं सहायक कृषि अधिकारी तारबन्दी, फार्म पौण्ड, सिचाई पाइप लाइन, कृषि यंत्रों, सब्जी मिनिकिट, बायो फर्टीलाईजर, चाप कटर, रिज बेड मेकर, का राज किसान पोर्टल पर स्वयं के स्तर पर लम्बित पत्रावलियों का अविलम्ब निस्तारण करे। इस अवसर पर सहायक कृषि अधिकारी बलराम मीणा, रेखा मीणा, लेखराज, कृषि पर्यवेक्षक जिलाध्यक्ष लड्डू राम मीणा, शंकरलाल मीणा, राजवीर सिंह, ममता महावर सहित अनेक कृषि पर्यवेक्षक मौजूद थे।

## विधायक सुरेश गुर्जर का स्वागत किया

**कोटपूतली।** झालावाड़ के खानपुर से कांग्रेस टिकिट पर नवनिर्वाचित विधायक सुरेश गुर्जर का बुधवार को राजधानी दिल्ली जाते वक्त ग्राम सुन्दरपुरा में कांग्रेस नेता देव कसाना के निवास पर स्वागत किया गया। इस दौरान उनका माला व साफा पहनाकर विधायक बनने पर अभिनंदन भी किया गया। उल्लेखनीय है कि कसाना व गुर्जर लम्बे समय से युवा कांग्रेस के संगठनात्मक कार्यो में सक्रिय रहे है। साथ ही विभिन्न राज्यों में युवा कांग्रेस की चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाया है।

## विधायक ने जनसुनवाई के लिए रोडमैप बनाया

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित भाजपा विधायक कुलदीप धनकड जनसमस्याओं के समाधान के लिए बेताब नजर आ रहे हैं।

कुलदीप धनकड ने क्षेत्र के विकास के लिए विजन तैयार कर जनसमस्याओं की सुनवाई का रोडमैप बना लिया है। नवनिर्वाचित भाजपा विधायक कुलदीप धनकड ने बताया कि उन्होंने हर माह में कोई दिन निश्चित कर लिया है कि क्षेत्र में जाकर जनसुनवाई करेंगे और जनता की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई साप्ताहिक, त्रैमासिक, मासिक की जायेगी। जिसके तहत पावटा प्रधान कार्यालय पर साप्ताहिक, विराटनगर, भांकरी- मंढा में मासिक व मैड, तेवडी, भाबरु में त्रैमासिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं की सुनवाई की जाएगी और उसके अनुसार प्रशासनिक कारिंदों एवं सरकार से कार्य कराये जाने के प्रयास किए जाएंगे।

# गोगामेडी हत्याकांड के विरोध में पावटा उपखंड के बाज़ार पूर्णता बंद रहे

**पावटा, (निसं)।** सुखदेव सिंह गोगामेडी हत्याकांड के विरोध में बंद के आव्हान पर पावटा उपखंड क्षेत्र के सभी बाजार पूर्णता बंद रहे।

राजपूत सभा भवन से गोगामेडी के समर्थक एवं राजपूत समाज सहित सर्व समाज ने बुधवार को पावटा राजपूत सभा भवन में इकट्ठा होकर सभा आयोजित कर गोगामेडी को श्रद्धांजलि दी। उसके बाद रैली निकाल कर कस्बे के मुख्य बाजारों से होते हुए सुभाष चौक होली चौक और घंटाघर चौक पर प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए पावटा उपखंड कार्यालय पहुंच कर राज्यपाल के नाम पावटा उपखण्ड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी को ज्ञापन दिया गया। सत्ताइसा राजपूत समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर घटना की निंदा करते हुए सरकार और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए हत्याकांड का विरोध जताया।

- गोगामेडी के समर्थक एवं राजपूत समाज सहित सर्व समाज के लोगों ने रैली निकाल कर राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन


राजपूत समाज के आव्हान पर पावटा में संपूर्ण बाजार बंद रहे।

साथ ही घटना की निंदा करते हुए जल्द जल्द से आरोपियों को फांसी की सजा देने की-मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विभिन्न व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों ने अपना समर्थन देते हुए बंद के आव्हान पर संपूर्ण व्यापारिक कार्य बंद रखे। प्रदर्शनकारियों द्वारा जयपुर दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर आकर भी सांकेतिक प्रदर्शन किया गया। जिससे राजमार्ग पर यातायात कुछ समय के लिए बाधित हो गया। जिस पर उपखण्ड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी सहित प्रागपुरा थाना प्रभारी ने समझाइस करते हुए सड़क पर हो रहे प्रदर्शन को शांत करवाया। जिसपर प्रदर्शनकारियों ने विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन करते हुए अपराधियों के खिलाफ जल्द और कडी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर प्रागपुरा थाना पुलिस के अधिकारी व जवान तैनात रहे।

वहीं नवनिर्वाचित भाजपा विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या की घटना बेहद दुखद ह मैं ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति एवं परिजनों को इस आघात को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करता हूं। वहीं अराजकता फैलाने वाले ऐसे अपराधियों को तुरंत गिरतार किया जाना चाहिए।

## चौमूं शहर व कालाडेरा के बाज़ार बन्द रहे

**चौमूं/कालाडेरा, ( निसं)।** श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में चौमू शहर व कालाडेरा के बाजार बन्द रहे। राजपूत समाज व सर्व समाज द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखे गए।

क्षेत्र के आसपास करणी सेना के सदस्यों द्वारा शांतिपूर्ण बंद का आव्हान किया। इस पर सभी वर्ग के व्यापार मंडलों ने समर्थन देखकर सफल बनाया। इस अवसर पर राजपूत समाज तथा करणी सेना ने मांग रखी कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही हो। शांतिपूर्ण बंद के पश्चात तहसीलदार को राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। तहसीलदार ने कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत, भंवर सिंह नाथावत ,एडवोकेट अजय सिंह ढोढ़सर, एडवोकेट अजीत सिंह मानपुरा ,एडवोकेट जितेन्द्र सिंह बिजावत, रविन्द्र सिंह ईटावा, जितेन्द्र सिंह आष्टी, अजय श्री कंवर, रणवीर सिंह साहू, गिरवर सिंह ईटावा, एडवोकेट महेन्द्र सिंह, एडवोकेट जितेन्द्र सिंह करीरी, विक्रम सिंह जोधा, अजय सिंह गुढ़ा तथा राजकुमार शर्मा , महेन्द्र विजय, कैलाश बजाज, जनरल व लालाराम गुलिया एवं मंत्री गोपाल झालानी मनीष गोयल कालाडेरा व्यापार मण्डल अध्यक्ष महेश कुमार योगी सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

# मालपुरा व डिग्गी कस्बा पूर्ण रूप से बंद रहा

**मालपुरा, (निसं)।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में राजपूत समाज के आव्हान पर बुधवार को तीर्थ स्थल डिग्गी व मालपुरा पूर्ण रूप से बंद रहा।

राजपूत समाज के आव्हान पर अजमेर रोड छात्रावास में हुई बैठक में सर्वसमाज के लोगों ने मौन रख श्रद्धांजली दी। छात्रावास से आक्रोश जूलूस के रूप में रवाना हुये तथा मुख्य बाजार में व्यापारियों से बाजार बंद करने की अपील की तो सभी व्यापारिक संगठनों ने एक स्वर में घटना की कड़े शब्दों में निन्दा कर अपने प्रतिष्ठान बंद किये। आक्रोशित भीड ने टायर जला कर विरोध प्रदर्शन किया तथा राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। हिन्दू समरसत्ता मंच व सर्वसमाज ने इस प्रकार की घटना की पुनरावृति रोकने के लिए सख्त कार्यवाही करने की मांग की तो साथ ही पूर्व में पंजाब पुलिस द्वारा अवगत करवाये जाने तथा गोगामेडी द्वारा पुलिस सुरक्षा मांगने के बावजूद आलाधिकारियों द्वारा बरती गई लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की।

- जूलूस निकाल राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा



गोगामेडी हत्याकाण्ड के विरोध में मालपुरा में जूलूस निकाला।

तीर्थ स्थल डिग्गी के बाजार बंद रहने से कल्याण जी दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालूओं को प्रसाद तक नहीं मिल सका। श्रद्धालूओं ने मंदिर में दर्शन कर मत्था टेक दरबार में हाजरी लगाई। विरोध जूलूस के दौरान शहर में कडा पुलिस जाप्ता तैनात रहा। बुधवार 6 दिसम्बर को बावरी विध्वंस की बरसी होने को भी प्रशासन ने गंभीरता से ले शहर में कडा पुलिस जाप्ता तैनात किया गया।

**चाकसू में सर्वसमाज ने हत्याकांड का विरोध जताया :** श्री राजपूत करणीय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की मंगलवार को घर में घुसकर की गई हत्या के विरोध में बुधवार को चाकसू में बाजार बंद रखकर विरोध जताया।

सर्वसमाज के लोगों ने बंद को अपना समर्थन देते हुए मुख्य बाजार, कृषि मंडी सहित सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखकर ज्योतिबा फुले सर्किल पर टायर जलाकर हत्याकांड का विरोध जताया।



चार्ली डीन का भी पेट खराब हुआ है और उनको ठीक होने समय लगेगा। उसके मैच में खेलने पर संदेह है। हमने कड़ा क्वारंटाइन समय बिताया है और हम देखेंगे कि वह कैसे प्रगति करती हैं।
- हेदर नाइट

इंग्लैंड टीम के कप्तान, चार्ली डीन के खेलने पर संदेह जताते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी



**ग्लेन मैक्सवेल**

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि अगले साल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग में अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भाग लेना चाहिए ताकि वे टी-20 विश्वकप की तैयारी कर सकें। मैक्सवेल ने कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया की नजर अब अगले साल जून में वेस्टइंडिज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप पर है। उन्होंने कहा कि जब तक उनके पैर चलेंगे वह आईपीएल खेलते रहेंगे। भारत से लौटकर एक सप्ताह आराम करने के बाद मैक्सवेल अब बिग बैश लीग में मेलबर्न स्टार्स के कप्तान के रूप में खेलेंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** सबसे कम टेस्ट मैचों में 3000 रन बनाने और 350 विकेट लेने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के इमरान खान के नाम है। इमरान ने मात्र 79 टेस्टों में 3262 रन बनाए व 351 विकेट लिये।

## हाथ से बॉल पकड़ने के कारण आउट हुए मुशफिकुर रहीम

### ढाका टेस्ट में बांग्लादेश 172 पर ऑलआउट, न्यूज़ीलैंड का स्कोर 55/5

ढाका, 6 दिसंबर। मुशफिकुर रहीम बॉल हैंडल करने के कारण टेस्ट में आउट हो गए। ऑफिशियल नियमों के अनुसार वह ओबस्ट्रक्टिंग द फील्ड हुए। मुशफिकुर ने गेंद को बैट से डिफेंस करने के बाद उसे हाथ से पकड़ लिया था। क्रिकेट में बल्लेबाज को बैटिंग के दौरान गेंद को हाथ से पकड़ने की परमिशन नहीं रहती है। मुशफिकुर ओबस्ट्रक्टिंग द फील्ड नियम के तहत टेस्ट में आउट होने वाले पहले बांग्लादेशी प्लेयर बने। उनके आउट होने के बाद बांग्लादेश टीम 172 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। टेस्ट में पहले दिन का खेल खत्म होने तक न्यूज़ीलैंड ने भी 55 रन पर ही अपने 5 विकेट गंवा दिए हैं।

बांग्लादेश और न्यूज़ीलैंड के बीच ढाका के शेर-ए बांग्ला नेशनल स्टेडियम में टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। बुधवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 47 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। टीम से मुशफिकुर रहीम और शहादत होसैन क्रीज पर थे। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को संभाला। लेकिन 41वें ओवर की चौथी बॉल पर मुशफिकुर गेंद को हाथ से पकड़ने के कारण आउट हो गए। 41वें ओवर में न्यूज़ीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जेमिसन ने गुड लेंथ पर बॉल फेंकी। मुशफिकुर ने बैकफुट डिफेंस किया और गेंद पिच से दूर जाने लगी। तभी मुशफिकुर ने अपने हाथ से गेंद पकड़ने की कोशिश की लेकिन बॉल उनसे दूर चली गई। मुश्फिकुर के ऐसा करते ही कीवी प्लेयर्स ने अंपायर से आउट की अपील कर दी।

न्यूज़ीलैंड की अपील पर फील्ड अंपायर ने फैसले के लिए टीवी अंपायर से मदद मांगी। थर्ड अंपायर अहसान रजा ने रिप्ले देखने के बाद फैसला किया कि मुशफिकुर ने जानबूझकर शॉट खेलने के बाद बॉल को हाथ से पकड़ने की कोशिश की। क्रिकेट के नियमों में ऐसा करने की परमिशन नहीं है, इसलिए थर्ड अंपायर ने मुशफिकुर को आउट करार दे दिया।



मुशफिकुर ने जब गेंद पकड़ी तब वो स्टंप्स में नहीं लग रही थी। लेकिन क्रिकेट के नियम बनाने वाली संस्था के नियम नंबर 37.1.2 के अनुसार, बैटर अगर बैटिंग के दौरान जानबूझकर गेंद पर हाथ लगाता है तो उसे आउट करार दिया जा सकता है। साल 2017 से पहले तक ये नियम हैंडलिंग द बॉल कहलाता था, लेकिन 2017 में इसे ओबस्ट्रक्टिंग द फील्ड के तहत गिना जाने लगा। ओबस्ट्रक्टिंग द फील्ड यानी फील्डिंग टीम की फील्डिंग में रुकावट डालना।

पिछले दिनों में भारत में हुए वनडे वर्ल्ड कप के दौरान श्रीलंका के एंजलो मैथ्यूज टाइम आउट हो जाने के कारण आउट करार दिए थे। उस वक्त बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने ही आउट की अपील की थी। दरअसल, मैथ्यूज विकेट गिर जाने के 2 मिनट बाद भी बॉल खेलने के लिए तैयार नहीं थे। जबकि क्रिकेट में नए बैटर को अगली गेंद खेलने के लिए 2 ही मिनट का समय मिलता है। अगर इतने टाइम में बैटर रेडी नहीं है तो उन्हें गेंदबाजी टीम की अपील पर आउट करार दिया जा सकता है।

दिन का खेल खत्म होने के बाद बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज ने कहा, उनका (मुशफिकुर) हाथ बैटिंग के फ्लो में गेंद को पकड़ने की ओर चला गया। ऐसे मोमेंट में बैटर को स्प्लिट सेकेंड में डिसिजन लेना होता है। उन्होंने अपना विकेट बचाने के लिए ऐसा नहीं किया था। कॉमेंट्री के दौरान बांग्लादेशी ओपनर तमीम इकबाल ने भी कहा, बैटर्स को नेट प्रैक्टिस के दौरान गेंद पकड़ने की आदत होती है। नेट्स में गेंद उठाने के लिए फील्डर नहीं होते, तब बैटर को ही गेंद बॉलर की ओर देना होता है। मुशफिकुर ने भी शायद इसी कारण गेंद पकड़ ली थी।

न्यूज़ीलैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर मिचेल सैंटनर ने कहा, मुशफिकुर का विकेट हमें किस्मत से मिला। वह शहादत के साथ बेहतरीन बैटिंग कर रहे थे। दोनों अच्छी पार्टनरशिप कर चुके थे, ऐसे में उनका विकेट मिलना हमारे लिए फायदेमंद रहा।

मुशफिकुर 83 बॉल पर 35 रन बनाकर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद बांग्लादेश ने 68 रन बनाने में ही आखिरी 6 विकेट गंवा दिए। टीम 172 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गई। न्यूज़ीलैंड से सैंटनर और ग्लेन फिलिप्स को 3-3 विकेट मिले। एजाज पटेल को 2 और टिम साउदी को एक सफलता मिली।

## वानखेड़े की उछाल से तालमेल बिठाना होगा : नाइट

मुम्बई, 6 दिसंबर। इंग्लैंड की कप्तान हेदर नाइट ने कहा उनकी टीम को वानखेड़े स्टेडियम में मिलने वाले उछाल से जल्द तालमेल बिठाना होगा। बुधवार को वानखेड़े में शुरु होने वाले पहले टी-20 में ऑफ स्पिनर चार्ली डीन का खेलना संदिग्ध है। इंडिया ए के खिलाफ तीन टी -20 मैचों की सीरीज़ के दौरान इंग्लैंड ए कैंप में कई खिलाड़ियों के पेट खराब हुए थे और अब डीन भी इसका शिकार हो गई हैं। मैच से एक दिन पहले इंग्लैंड की कप्तान हेदर नाइट ने कहा, चार्ली डीन का भी पेट खराब हुआ है और उनको ठीक होने समय लगेगा। उसके मैच में खेलने पर संदेह है। हमने कड़ा क्वारंटाइन समय बिताया है और हम देखेंगे कि वह कैसे प्रगति करती हैं। डीन, बायें हाथ की स्पिनर सोफी एक्लेस्टन और लेग स्पिनर साराह ग्लेन के साथ पार्ट टाइम ऑफ स्पिनर ऐलिस कैप्सी इंग्लैंड के स्पिन के विकल्प हैं। एक्लेस्टन भी सर्जरी के बाद वापसी हो रही हैं। उन्हें महिला हंड्रेड मैच के दौरान कंधे में चोट लगी थी। और वह महिला बिग बैश लीग में तथा श्रीलंका के खिलाफ सफद गेंद श्रृंखला में भी वह नहीं खेल पाई थीं। भारत में आने से पहले एक्लेस्टन ओमान में लगे इंग्लैंड के दो सप्ताह के कैंप का हिस्सा थीं। नाइट का मानना है कि एक्लेस्टन में काफी सुधार हुआ है। नाइट ने कहा, वह अच्छा कर रही हैं और वह गेंदबाजी पर लौट आई हैं। गेंदबाजी में कोई समस्या नहीं होगी। क्षेत्ररक्षण में हो सकता है कि थोड़ी नर्वस रहें क्योंकि मेरे साथ भी ऐसा पहले कई बार हुआ है। जैसे मैच शुरू होगा सोफी इससे बाहर आ जानी चाहिए। वह प्रशिक्षण में अच्छा कर रही हैं।

## 'होप्स' पर टिकी है दिल्ली की होप

नयी दिल्ली, 6 दिसंबर। देर से ही सही दिल्ली की फुटबॉल का ग्राफ दिन-पर-दिन और मैच-दर-मैच ऊपर चढ़ रहा है। सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले दिल्ली के पुरुष खिलाड़ियों के बाद अब महिला खिलाड़ी भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जिसका बड़ा प्रमाण है 'होप्स' फुटबॉल क्लब। 'होप्स' क्लब ने 2022-23 की दिल्ली महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतकर बड़ी पहचान बनाई थी। होप्स देश के शीर्ष आठ महिला क्लबों में शामिल है, जिसे इंडियन वुमन लीग (आईडब्लूएल) में खेलने का सम्मान मिला है। साल 2023-24 की आईडब्लूएल के लिए होप्स ने दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम को अपना होम ग्राउंड बनाया है। नौ दिसम्बर को खेले जाने वाले पहले मैच में होप्स को कर्नाटक के किक स्टार्ट क्लब से खेलना है, जिसके लिए क्लब के अध्यक्ष संजय यादव और कप्तान अनुष्का सैमुअल आशावान हैं। संजय ने कहा कि उनकी टीम अपने मैदान का लाभ उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। कप्तान अनुष्का के अनुसार हम अपने होम मैदान पर खेलकर विजयी शुरुआत करना चाहती हैं और किसी प्रकार का कोई दबाव महसूस नहीं कर रही है। संजय ने बताया कि उनकी टीम पूरी तरह फिट है। दो विदेशी खिलाड़ी घाना से हैं और अनुष्का की अगुआई में सभी लड़कियां इस बार हट कर प्रदर्शन करने के लिए कटिबद्ध है। उनके अनुसार, उनकी टीम में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की भरमार है। खुद कप्तान अनुष्का सैमुअल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुकी है। नजफगढ़ के पापरावत गांव में क्लब के दो स्तरीय फुटबॉल मैदान हैं, जहां एकेडमी से हर साल कई अच्छी लड़कियां उभरकर आती हैं।

## कैलिस ने ऑलराउंडर्स को लेकर क्रिकेट वर्ल्ड को किया आगाह

नई दिल्ली, 6 दिसंबर। दिग्गज हरफनमौलाओं की सूची में शामिल जैक्स कैलिस ने कहा है कि सभी प्रारूपों में काफी अधिक क्रिकेट के कारण आधुनिक क्रिकेट, विशेषकर टेस्ट क्रिकेट में स्तरीय ऑलराउंडर की कमी हो गई है। सर गारफील्ड सोबर्स (8032 रन और 235 विकेट) को सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर माना जाता है जबकि इसमें कोई संदेह नहीं कि कैलिस (25 हजार से अधिक रन और 235 विकेट) आधुनिक युग के महान ऑलराउंडर में से एक हैं। क्रिकेट जगत ने 1980 के दशक में इमरान खान, रिचर्ड हैडली, इयान बॉथम और कपिल देव के रूप में चार महान ऑलराउंडर देखे जबकि नई सदी में कैलिस और एंड्रयू फ्लिंटॉफ का जलवा देखने को मिला। लेकिन टी20 क्रिकेट के आने और दुनिया भर में नए नियमों के साथ कई लीग के शुरू होने से हरफनमौलाओं के विकास पर असर पड़ा।

कैलिस ने एक साक्षात्कार में कहा, इसका उत्तर देना कठिन है, हरफनमौला खिलाड़ी आपको हर दिन नहीं मिलते। क्रिकेट के इतिहास में बहुत सारे ऑलराउंडर नहीं हैं। बहुत सी चीजें, क्रिकेट की मात्रा भी निश्चित रूप से एक भूमिका निभाती है। दक्षिण अफ्रीका का यह पूर्व कप्तान लीजेंड्स लीग क्रिकेट में खेलने के लिए भारत में है। कैलिस ने इंडियन प्रीमियर लीग का नाम नहीं लिया लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स का यह पूर्व कोच इंपैक्ट प्लेयर नियम का समर्थक नहीं है जहां टीम अपनी बल्लेबाजी या गेंदबाजी पारी के दौरान अपनी जरूरत के अनुसार एक खिलाड़ी को बदल सकती है।

उन्होंने कहा, कुछ टी20 प्रतियोगिताओं में वैकल्पिक खिलाड़ी होते हैं (आईपीएल) और मैं इसका बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं क्योंकि यह आपकी टीम में ऑलराउंडर की भूमिका खत्म कर देता है। मैं इसका बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के मुश्किल दौरे पर रवाना हो गई है। यह टेस्ट खेलने वाला एकमात्र बड़ा देश है जहां भारत ने 31 साल में एक भी टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। भारत इस दौरे पर वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले भी खेलेगा लेकिन सभी की नजरें दो टेस्ट पर रहेंगी जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र का हिस्सा हैं। दोनों टीमों के स्टार खिलाड़ी (विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, कागिसो रबादा) इस दौरान सिर्फ पांच दिवसीय प्रारूप में खेलेंगे।

कैलिस ने कहा, यह अच्छी भारतीय टीम है लेकिन दक्षिण अफ्रीका को दक्षिण अफ्रीका में हराना मुश्किल है। सेंचुरियन संभवत: दक्षिण अफ्रीका के जबकि न्यूलैंड्स भारत के अनुकूल होगा यह अच्छी सीरीज होगी और अंत में एक या दो सत्र से फैसला होगा कि कौन सी टीम दूसरी से बेहतर खेली। यह करीबी मुकाबला होगा। भारतीय टीम के अनुभवी खिलाड़ी कप्तान रोहित (36 साल), कोहली (35 साल), रविचंद्रन अश्विन (37 साल) और रविंद्र जडेजा (35 साल) के अलावा मोहम्मद शमी (33 साल) अगले कुछ वर्षों में टीम का साथ छोड़ेंगे और बदलाव का दौर आएगा। कैलिस का मानना है कि अगर प्रतिभावान युवाओं को सीनियर टीम के साथ रखकर निखारा जाता है तो बदलाव के दौर आसानी से बीत जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के लिए 166 टेस्ट में 45 टेस्ट शतक जड़ने वाले कैलिस ने कहा, बेशक अनुभवी खिलाड़ियों को जानकारी होती है और आपको इसका इस्तेमाल युवा खिलाड़ियों के साथ करना होता है।

## गढ़वाल एफसी की बड़ी जीत, खुपसांगलेन और पप्पू चमके

नयी दिल्ली, 5 दिसंबर। दिल्ली फ्यूचर स्टार यूथ लीग के एकतरफा मुकाबले में आज गढ़वाल हीरोज एफसी ने 90 मिनट्स एफसी को 23-0 से रौंदकर अपना विजय अभियान जारी रखा। दिन के अन्य एकतरफा मुकाबलों में सुदेवा दिल्ली एफसी ने ग्लोरियस को 8-0 और दिल्ली टाइगर्स ने सीमापुरी को 19-0 से करारी शिकस्त दी। ईमी हीरोज ने जुबां संघा को 2-1 से हराकर संघर्षपूर्ण जीत हासिल की, तो सिग्नेचर ने दिल्ली एफसी को 3-1 से और तरुण संघा ने होप्स को 4-1 हराने में कड़ा संघर्ष किया। उत्तराखंड एफसी और द ड्रीम टीम के बीच खेला गया मैच 1-1 की बराबरी पर छूटास जबकि सिटी ने ग्रोइंग स्टार्स को 2-2 के स्कोर पर रोक कर अंक बांटे। गढ़वाल हीरोज के लिए पप्पू द्योरी ने दोहरी तिकड़ी जमाई। ओम बासफोर और सिद्धार्थ खिंची ने भी हैट्रिक लगाई। ईमी हीरोज के पासोनी वीनी ने दो और दिल्ली टाइगर्स के प्लेयर ऑफ द मैच खुपसांगलेन ने दोहरी हैट्रिक लगाई।

## एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप में भारत ने न्यूज़ीलैंड को हराया

सैंटियागो, 6 दिसंबर। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने चौथे मुकाबला 3-3 से बराबरी पर समाप्त होने के बाद हुए पेनल्टी शूट आउट में न्यूज़ीलैंड को 3-2 से हरा दिया।

भारत की ओर से निर्धारित 60 मिनट में रोपनी कुमारी ने आठवें मिनट में, ज्योति छत्री ने 17वें मिनट, और सुनेलिता टोप्पो ने 53वें मिनट में एक-एक गोल किया। जबकि न्यूज़ीलैंड की ओर से इसाबेला स्टोरी ने 11वें, मेडलिन हैरिस ने 14वें और रियाना फो ने 49 वे मिनट में गोल किए।

निर्धारित समय पर मुकाबला 3-3 की बराबरी से छूटने पर पेनल्टी शूटआउट में साक्षी राणा और प्रीति भारत के लिए मौके भुनाने में सफल रहीं, जबकि मुमताज खान ने सडन डेथ में गोल किया। दूसरी ओर न्यूज़ीलैंड की हन्ना कॉटर और रियाना फो ही गोल कर सकी।

मुकाबले के पहले क्वार्टर में रोपनी कुमारी ने आठवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई। हालाँकि उसके बाद न्यूज़ीलैंड की इसाबेला स्टोरी ने 11 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर गोल से स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मैडलिन हैरिस ने 14 मिनट में मैदानी गोल कर न्यूज़ीलैंड को आगे कर दिया।

भारत ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रुख अपनाया और ज्योति छत्री ने 17 वें मिनट में गोल कर मुकाबले को फिर से बराबरी पर ला दिया। न्यूज़ीलैंड चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर का फायदा उठाते हुए रिआना फो ने 49वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने

## जिम्बाब्वे ने आयरलैंड टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में किया नये चेहरों को शामिल

हरारे, 5 दिसंबर। टी-20 विश्वकप के लिए क्वालीफाइ करने में विफल रही जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए टीम में नये चेहरों को जगह दी है। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी-20 के लिए टीम में कई बदलाव किए गए हैं। मध्यक्रम के बल्लेबाज ब्रायन बेनेट और तेज गेंदबाज ट्रेवर ग्वांडू को टीम में शामिल किया है। लेग स्पिनर ब्रैंडन मावुता और बल्लेबाज टोनी मुनयोंगा को भी टीम वापस बुला लिया गया है तथा अफ्रीका क्वालीफायर के पहले मुकाबले में कमर में चोट के कारण बाहर हुए क्रेग एर्विन की भी 15 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। तेज गेंदबाज तेंडाई चटारा, बाएं हाथ के स्पिनर वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, सलामी बल्लेबाज इनोसेंट कैया और निक वेल्च को टीम से बाहर किया है। तीन मैचों की टी-20 सीरीज सात दिसंबर को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में शुरू होगी। जिम्बाब्वे टी-20 टीम इस प्रकार है:- सिकंदर रज़ा (कप्तान), ब्रायन बेनेट, रयान बर्ल, क्रेग एर्विन, ट्रेवर ग्वांडू, ल्यूक जोंगवे, क्लाइव मदांडे, वेस्ली मधेवेरे, तादिवानाशे मारुमानी, ब्रैंडन मावुता, कार्ल मुंबा, टोनी मुनयोंगा, ब्लेसिंग मुजाराबानी, शॉन विलियम्स और रिचर्ड नगारवा।

## ट्वंटी-20 विश्वकप के मद्देनजर अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में भाग ले : मैक्सवेल

सिडनी, 6 दिसंबर। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा है कि अगले साल होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग में अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भाग लेना चाहिए ताकि वे टी-20 विश्वकप की तैयारी कर सकें।

मैक्सवेल ने कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया की नजर अब अगले साल जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप पर है। उन्होंने कहा कि जब तक उनके पैर चलेंगे वह आईपीएल खेलते रहेंगे। भारत से लौटकर एक सप्ताह आराम करने के बाद मैक्सवेल अब बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न स्टार्स के कप्तान के रूप में खेलेंगे। वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा हैं।

उन्होंने कहा, आईपीएल में मैं अपने करियर के आखिर तक खेलता रहूंगा। संभवत: यह मेरे करियर का आखिरी टूर्नामेंट होगा। जब तक मैं चल-फिर सकता हूं, तब तक मैं आईपीएल खेलता रहूंगा। आईपीएल का मेरे करियर में बहुत अहम योगदान रहा है। इस टूर्नामेंट में स्तरीय खिलाड़ी और कोच हिस्सा लेते हैं, जिनसे आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आप इस टूर्नामेंट में दो महीने तक एबी डीविलियर्स और विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खेलते हैं, जो किसी के जीवन का भी सबसे बड़ा अनुभव होगा।

मुझे उम्मीद है कि इस बार के आईपीएल में अधिक से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी भाग लें ताकि उन्हें टी-20 विश्व कप की तैयारियों में मदद मिले। अब वेस्टइंडीज में भी लगभग वही परिस्थितियां होती हैं, जैसा कि भारत में है- सूखी, धीमी पिच और स्पिनरों को अधिक मदद।

उन्होंने कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई सीमित ओवर टीम अब टी-20 विश्वकप जीतकर 'डबल'बनाने की कोशिश करेगी। मैक्सवेल ने बताया कि पूरी टीम की नजरे अब टी-20 विश्वकप पर है। उन्होंने कहा, विश्वकप जीतने के बाद हमने आपस में बातचीत की और कहा कि हमारा अगला लक्ष्य टी-20 विश्वकप होना चाहिए। उससे पहले मैं बीबीएल के एक और सत्र के लिए उत्साहित हूं।

## क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचने पर आउट होने वाले पहले मुशफिकुर बांग्लादेश बल्लेबाज

मीरपुर, 6 दिसंबर। विकेटकीपर बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण आउट होने वाले बंगलादेश के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में आज बंगलादेश और न्यूज़ीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन के 41वें ओवर के दौरान काइल जेमीसन की गेंद को बल्ले से खेलने के बाद मुश्फिकुर ने अपने दाहिने हाथ से रोका। इसके बाद न्यूज़ीलैंड के खिलाड़ियों ने अपील की और टीवी अंपायर अहसान रजा ने मुश्फिकुर को आउट करार दिया। पहले ऐसे आउट होने को 'हैंडल्ड द बॉल' की श्रेणी में रखा जाता था।

## मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकता हूं : डुप्लेसी

अबु धाबी, 6 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि टी-20 विश्वकप से पहले वह एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं और उन्होंने टीम के रॉब वाल्टर के साथ इस संदर्भ में बात की हैं। डुप्लेसी ने अबू धाबी टी-10 लीग में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से वापसी कर सकता हूं। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ वर्षों से इस बारे में बात कर रहे हैं। हमने अगले साल होने वाले टी-20 विश्व कप के टीम संतुलन के बारे में बात की है। इसके अलावा नए कोच के साथ और कई चीज़ों के बारे में बात हुई है। उल्लेखनीय है कि डुप्लेसी ने आखिरी बार टी-20 में तीन साल पहले 2020 में और आखिरी अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच फरवरी 2021 में खेला था। डुप्लेसी घरेलू स्तर के साथ-साथ दुनिया भर की टी-20 लीगों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी वर्ष आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स के लिए खेलते हुए डुप्लेसी ने 14 मैचों में 730 रन बनाए थे। वह इस साल आईपीएल में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। हालांकि सफेद गेंद के क्रिकेट से आधिकारिक तौर पर कभी संन्यास नहीं लेने के बावजूद टूर्नामेंट के पिछले दो संस्करणों के लिए उनके नाम पर विचार नहीं किया गया।

## भारत ने दक्षिण कोरिया को 4-2 से हराया

कुआलालंपुर, 6 दिसंबर। फारवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल की हैट्रिक की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 के अपने शुरुआती मुकाबले में मंगलवार को दक्षिण कोरिया को हराया। आज यहां बुकित जलील के राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में खेले के मुकाबले में अरायजीत ने 11वें, 16वें, 41वें मिनट में तीन बार गोल किए, जबकि अमनदीप ने 30वें मिनट गोल किया। दक्षिण कोरिया के लिए दोह्युन लिम ने 38 वें और मिंकवोन किम ने 45वें मिनट ने गोल दागे। भारत ने कोरिया के सर्कल के अंदर बढ़त बनाना जारी रखा और मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। अरायजीत ने 11वें मिनट में गतिरोध को तोड़ते हुए पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर के शुरुआती मिनट में अरायजीत ने दूसरा गोल किया। अमनदीप ने 30वें मिनट में गोलकर बढ़त 3-0 कर दिया। दूसरे हाफ में कोरिया ने 38वें मिनट में डोह्युन के पेनल्टी कॉर्नर स्ट्राइक के अपना पहला गोल किया। मैच के 41वें मिनट में अराजित ने रिवर्स फ्लिक पर अपनी हैट्रिक पूरी की। तीसरे क्वार्टर में तीन मिनट शेष रहते भारत के पास नौ खिलाड़ी रह गए और कोरिया ने इसका फायदा उठाया। उन्हें पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे मिंकवोन किम ने गोल में बदलकर तीसरे क्वार्टर के आखिर में स्कोर 4-2 कर दिया। भारत टूर्नामेंट के अपने दूसरे मुकाबले में गुरुवार को स्पेन से भिड़ेगा।

## दूसरे टेस्ट की पहली पारी में न्यूज़ीलैंड ने बांग्लादेश को 172 रन पर समेटा

मीरपुर, 6 दिसंबर। न्यूज़ीलैंड ने ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर के तीन-तीन विकेट और एजाज पटेल के दो विकेट की बदौलत मेजबान बंगलादेश को आज यहां दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 172 रनों पर समेट दिया। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश अपने चार शीर्ष बल्लेबाजों जाकिर हुसैन आठ रन, महमुदुल हसन जॉय 14 रन, मोमिनुल हक पांच रन और नजमुल शान्तो को नौ रन को 15 ओवर तक टीम के 47 स्कोर पर पवेलियन भेज दिया था। मुशफिकुर रहीम 35 रन पर गेंद को हाथ से रोकने के प्रयास में आउट हुए। इसे क्रिकेट की भाषा में 'हैंडलिंग द बॉल' कहा जाता हैं। इसके साथ ही वह इस तरह आउट होने वाले पहले बंगलादेशी क्रिकेटर हैं। वह जब 41ओवर की चौथी गेंद पर आउट हुये उस समय टीम का स्कोर 104 रन था। इसके बाद शहादत हुसैन 31 रन फिलिप्स के हाथों कैच आउट करा दिया। नुरुल हसन सात रन पर आउट होने वाले बंगलादेश के सातवें बल्लेबाज थे। मेहदी हसन मिराज 20 रन बनाकर आउट हुये। तैजुल इस्लाम छह रन, शोरिफुल इस्लाम 10 रन बनाकर आउट हुये। नईम हसन 13 रन बनाकर नाबाद रहे। और बंगलादेश की पूरी टीम पहली पारी में 66.2 ओवर में 172 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। न्यूज़ीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर ने तीन-तीन विकेट लिये। वहीं एजाज पटेल के दो बल्लेबाजों को आउट किया। टिम साउदी को एक विकेट मिला।

## अजमेर के हर्ष ने भारत के लिए जीता अंतर्राष्ट्रीय पदक

अजमेर, 6 दिसम्बर। नेपाल के काठमांडू में 28 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक आयोजित 7वीं साउथ एशियन करांटे चैम्पियनशीप में अजमेर के शाओलिन मार्शल आर्टस कोटड़ा व सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय महाविद्यालय के बी.कॉम प्रथम वर्ष के छात्र सागर विहार कॉलोनी निवासी हर्ष अग्रवाल ने भारत के लिए कास्य पदक जीत कर अजमेर व राजस्थान का नाम रोशन किया है। लोकेश अग्रवाल ने बताया कि 7वीं साउथ एशियन कराटे चैम्पियनशीप में सभी सार्क देशों के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें हर्ष अग्रवाल ने मेल कुमिते माईनस 55 किलो भार वर्ग में कास्य पदक जीत कर अजमेर व राजस्थान का नाम देश रोशन किया है। छात्र के कास्य पदक जितने से सभी खिलाड़ियों में हर्ष का माहौल रहा। मालूम हो कि पूर्व में भी हर्ष अग्रवाल पिछले वर्ष यूके में आयोजित कॉमन वेल्थ में भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

## एचएआर, आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स, राउंडग्लास पंजाब और नामधारी इलेवन अपने-अपने मुकाबले जीते

नयी दिल्ली, 6 दिसंबर। पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 के तीसरे दिन (जोन ए) में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने सब जूनियर वर्ग में जीत हासिल की तथा जूनियर वर्ग में एचएआर, राउंडग्लास पंजाब और नामधारी इलेवन ने अपने-अपने मुकाबले जीते। सब जूनियर वर्ग में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 31-0 से हराया।

राउंडग्लास अमनदीप ने नौवें, 23वें, 50वें, 54वें, दीपकप्रीत सिंह ने 12वें, 17वें, 32वें, 34वें और सनी ने 28वें, 52वें, 59वें, 60वें मिनट में चार-चार गोल किए। जसमीत ने सिंह ने पांचवें, 39वें, 44वें मिनट में गोल कर हैट्रिक बनाई। सैमुअल ने पहले, और तीसरे मिनट में अर्जनदीप सिंह ने 24वें , 27वें मिनट में, इंद्रजीत सिंह ने 26वें, 49वें मिनट में और चरणजीत सिंह ने 29वें , 48वें मिनट में गोल किए।

# सरयू नदी के गुप्तार घाट पर पंचवटी और श्री राम केंद्र बनेंगे

लखनऊ, 6 दिसंबर। भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ अयोध्या में सरयू नदी के तट पर गुप्तार घाट पर 75 एकड़ में राम अनुभव केंद्र और पंचवटी द्वीप का निर्माण किया जायेगा।

आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि, पंचवटी द्वीप पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का उद्देश्य भारतीय जन मानस को अपनी वैदिक सभ्यता पर गौरव करने को प्रोत्साहित करना है, ताकि वो इसे अपने दैनिक जीवन में भी आत्मसात करके एक स्वस्थ व सुखी जीवनयापन कर सकें।

प्रस्ताव के अनुसार राम अनुभव केंद्र के निर्माण के लिए अस्थाई स्ट्रक्चर का इस्तेमाल किया जाएगा। वर्षा ऋतु में इस स्ट्रक्चर को डिसमैंटल कर दिया जाएगा एवं इस दौरान श्री राम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं किया जाएगा। सरयू नदी के निकट होने के कारण योगी सरकार ने बाढ़ सुरक्षा और प्रबंधन के तहत प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि एक हजार एकड़ में फैले पंचवटी द्वीप में 75 एकड पर राम अनुभव केंद्र के निर्माण का प्रस्ताव है। वर्षा ऋतु के अलावा पंचवटी द्वीप के आसपास नदी का जल स्तर भूमि के लेवल से लगभग 12 फीट नीचे रहता है। इसी वजह से वर्षा ऋतु में बाढ़ की आशंका के चलते श्री राम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं किया जाएगा,

- गुप्तार घाट पर 75 एकड़ क्षेत्र में पंचवटी द्वीप व राम अनुभव केन्द्र बनेगा।
- प्रस्ताव है कि राम अनुभव केन्द्र अस्थाई स्ट्रक्चर होगा जिसे बरसात में तोड़ दिया जाएगा।
- शृद्धालुओं को पूर्वजों की स्मृति में पौधा लगाने का अवसर भी दिया जाएगा।

जिससे बाढ़ का प्रभाव केंद्र पर नहीं होगा। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने हाल ही में एक उच्चस्तरीय बैठक में निर्माण से जुड़ी एनओसी के लिए अपनी संस्तुति प्रदान कर दी है।

प्रस्ताव के अनुसार पंचवटी द्वीप पर बाढ़ सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली पर फोकस रहेगा।

इसके तहत वर्षा ऋतु में न श्री राम अनुभव केंद्र का संचालन नहीं होगा, जबकि वर्षा ऋतु की समाप्ति के बाद अक्टूबर माह में इन स्ट्रक्चर को पुनः असेंबल कर श्री राम अनुभव केंद्र का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। यही नहीं, स्ट्रक्चर को नदी से पर्याप्त दूरी पर एक 100 फीट का बफर जोन बनाते हुए स्थापित किया जाएगा, ताकि दुर्घटना की कोई संभावना न रहे।

राम अनुभव केंद्र के निर्माण एवं संचालन के पूर्व सभी रेगुलेटरी डिपार्टमेंट्स (नगर निगम, फायर सर्विस, विद्युत सुरक्षा व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी प्राप्त करने के बाद ही संचालित किया जाएगा। समस्त नियमों के अनुपालन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए एक समिति बनाई जाएगी, जो प्रत्येक 15 दिन के अंतराल पर श्री राम अनुभव केंद्र का आकस्मिक एवं नियमित निरीक्षण करेगी, ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रहने पाए।

संपूर्ण प्रोजेक्ट की डिजाइन सेल्फ सस्टेनेबल मॉडल के आधार पर की गई है, जिसका प्रारूप अर्थ गंगा परियोजना के गाइडलाइंस पर तैयार किया गया है। इस परियोजना के अंतर्गत पंचवटी द्वीप नो प्लास्टिक जोन होगा। किसी भी निर्माण के लिए आरसीसी एवं पीसीसी का उपयोग नहीं होगा। निर्माण विधि एवं सीवरेज, स्लज व कूड़े का निस्तारण पर्ण कुटीर का निर्माण बांस व कुश द्वारा किया जाएगा। मल निस्तारण के लिए बायो डाइजेस्टिव सेप्टिक टैंक का उपयोग किया जाएगा, जबकि जल एसटीपी द्वारा मानकों के अनुसार ट्रीट करके बागवानी एवं कृषि में प्रयोग लाया जाएगा।

इस परियोजना में श्री अन्न (मिलेट्स ठोन) की प्रधानता होगी। योग ग्राम साधकों हेतु ध्यान, प्राणायाम , यज्ञ, हवन आदि के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। नेचुरोपैथी, आयुर्वेद की विधियों के केंद्र स्थापित होंगे। साथ ही कला ठााम में प्रदेश के सभी जिलों के उत्पादों का प्रदर्शन होगा। पंचवटी द्वीप पर जैविक, कॉस्मिक कृषि से फसल उगाई जाएगी। विलुप्त लोक गायकी एवं संस्कृति कार्यक्रमों द्वारा स्थानीय लोक कलाकारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में एक पौधा, अयोध्या की पावन भूमि पर रोपित करने का अवसर दिया जाएगा, जिससे उनमें पर्यावरण के प्रति जागरुकता उत्पन्न हो सके। तरु तल वैदिक विद्यालय की स्थापना होगी, जो आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए होगा। यहां बंबू स्किल डेवलपमेंट एवं साहसिक खेल प्रशिक्षण केंद्र भी स्थापित किए जाएंगे। स्थानीय किसानों एवं श्रमिकों को पंचवटी द्वीप पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तो कलाठााम में हस्तशिल्पियों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

## राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री ने डॉ. अम्बेडकर को श्रृद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 06 दिसंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति, जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कई केंद्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने भी इस अवसर पर

- बाबा साहेब अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर संसद भवन में पुष्पांजलि समारोह का आयोजन हुआ।

श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह तथा राज्यसभा के महासचिव पी. सी. मोदी ने भी ने डॉ. अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बिरला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा , "बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन समतामूलक समाज की स्थापना, राष्ट्र की उन्नित, मानव अधिकार और सर्वजन कल्याण के लिए समर्पित किया।

# 'हम चाहते हैं कि आगे से सब एकजुट होकर चुनाव लड़ें'

## -नीतीश कुमार ने विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद विपक्ष को एकजुट होने का संदेश दिया

पटना, 06 दिसंबर। बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया के दलों को स्पष्ट संदेश देते हुए आज कहा कि, वह चाहते हैं कि बहुत तेजी से विपक्ष एकजुट हो और आगे से सब एकसाथ मिलकर चुनाव लड़े।

कुमार ने बुधवार को यहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में हाल में हुये विधानसभा चुनाव परिणाम से संबंधित प्रश्न पर कहा कि चुनाव में पिछली बार कांठोस उन राज्यों में जीती थी। कांग्रेस को इस बार भी अच्छा वोट आया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीती। तेलंगाना में कांग्रेस जीती है। इन सब चीजों पर कोई खास चर्चा की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि, वह तो यही चाहते हैं कि बहुत तेजी से विपक्ष एकजुट हो।

मुख्यमंत्री ने कहा, खबर में चल रहा था कि हम 'इंडिया' गठबंधन की

- कुमार ने इंडिया गठबंधन की बैठक में नहीं जाने पर कहा कि मेरी तबियत खराब है और कोई बात नहीं है।

बैठक में नहीं जा रहे हैं जबकि ऐसी कोई बात नहीं थी। मेरी तबीयत खराब थी। मुझे सर्दी-खांसी, बुखार लगा हुआ था। अगली बैठक होगी तो हम फिर कहेंगे कि अब देर नहीं कीजिए। आपस में बैठकर सबकुछ जल्दी से तय कर लीजिए। हम एक साल से विपक्षी एकजुटता में लगे हुए हैं। राज्यों के चुनाव में सभी पार्टियां अपनी-अपनी जीत के लिए लग जाती हैं वो अलग चीज है लेकिन हम चाहते हैं कि आगे से सब एकजुट होकर चुनाव लड़े।

कुमार ने 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने के सवाल पर कहा कि, प्रधानमंत्री पद को लेकर उनके बारे में अक्सर खबरें आती हैं कि लेकिन वह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए। वह केवल इतना चाहते हैं कि विपक्ष एकजुट हो और अभी जो पार्टी केंद्र की सत्ता में है उसके खिलाफ चुनाव लड़े।

उन्होंने परोक्ष रूप से भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि, वे लोग देश के इतिहास को बदलने में लगे हुए हैं। नयी पीढ़ी को आाजादी की लड़ाई को याद रखना चाहिए

## कांग्रेस आलाकमान ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चुनने के लिए हाईकमान को पहले ही अधिकृत कर दिया है, इसलिए गहलोत को अब स्वयं को प्रूव करना पड़ेगा।

## तीनों राज्यों...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में उन्हें विधानसभा चुनाव में उतारा गया था।

वह ऐसे पहले केन्द्रीय मंत्री है जिन्होंने हाल ही सम्पन्न विधानसभा चुनावों के बाद इस्तीफा दिया है। जब यह पूछा गया कि क्या वह मुख्यमंत्री पद के प्रत्याशी हैं, तो पार्टी सूत्रों ने उससे इंकार नहीं किया।

## विधानसभा चुनाव जीतने वाले 10 सांसदों ने लोकसभा से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, 06 दिसंबर। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से विधानसभा चुनाव जीतने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 10 सांसदों ने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया है।

इस्तीफ़ा देने वालों में मध्य प्रदेश के पांच सांसद हैं, जिनमे नरेंद्र सिंह

- ये सभी सांसद भाजपा के हैं ज्ञातव्य है कि भाजपा ने विधानसभा चुनावों में 21 सांसदों को टिकट दिया था इसमें से 12 जीते हैं।

तोमर, प्रहलाद सिंह पटेल, रीति पाठक, राव उदय प्रताप सिंह और राकेश सिंह शामिल है। इसके अलावा राजस्थान के सांसद दीया कुमारी, राज्यवर्धन राठौड़ और किरोड़ी लाल मीणा ने भी इस्तीफा दे दिया है, जबकि छत्तीसगढ़ के सांसदों में अरुण साव, गोमती साई ने भी इस्तीफा दिया है।

गौरतलब है कि पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 21 सांसदों को विधानसभा चुनाव में उतारा था, जिनमें से 12 ने जीत हासिल की थी। वहीं चुनाव जीतने वाले दो अन्य सांसद बाबा बालकनाथ और रेणुका सिंह अभी अपना इस्तीफा नहीं दिया है।

# आप व अकाली दल के कई नेता भाजपा में शामिल

अमृतसर, 06 दिसंबर। आम आदमी पार्टी (आप) और अकाली दल को बुधवार को उस वक्त करारा झटका लगा जब इन पार्टियों से जुड़े ज्यादा सक्रिय नेता और कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। पंजाब भाजपा उपाध्यक्ष पूर्व विधायक के.डी. भंडारी और प्रदेश संगठन मंत्री मंथरीश्री निवासुलू ने भाजपा में शामिल हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं को पार्टी चिन्ह देकर स्वागत किया।पंजाब के पूर्व भाजपा विधायक के.डी. भंडारी और श्री निवासुलु ने कहा कि, पंजाब का युवा नशे की गिरफ्त में है, भ्रष्टाचार व्याप्त है और कानून व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि हर कोई असुरक्षित महसूस कर रहा है।

पंजाब सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है, इसलिए व्यापारी और उद्योगपति

- पंजाब भाजपा इकाई के उपाध्यक्ष के.डी. भंडारी ने00 इन नेताओं को पार्टी चिन्ह प्रदान कर भाजपा की सदस्यता प्रदान की।

पंजाब छोड़ रहे हैं। लेकिन पंजाब के मुख्यमंत्री लोगों की इन गंभीर समस्याओं से निपटने के बजाय सिर्फ अरविंद केजरीवाल को खुश करने के लिए पंजाब का खजाना और संसाधन लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब और पंजाब के लोगों को उपेक्षित न समझे। पंजाब भाजपा पंजाब की भलाई के लिए अहम भूमिका निभाएगी। पंजाब के लोग इस बार भाजपा का साथ देगी।

## मोदी उत्तराखंड वैश्विक निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

नयी दिल्ली, 06 दिसंबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार 08 दिसंबर को उत्तराखंड का दौरा करेंगे और राज्य सरकार की ओर से देहरादून में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय उत्तराखंड वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 का उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बुधवार को जारी एक विज्ञिप्त के अनुसार मोदी इस सम्मेलन का उद्घाटन साढ़े दस बजे करेंगे। यह कार्यक्रम देहरादून स्थित राष्ट्रीय वन अनुसंधान संस्थान में आयोजित किया जा रहा है । इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसमूह को भी संबोधित करेंगे।

विज्ञिप्त में कहा गया है कि, उत्तराखंड को निवेश के एक नए केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में उत्तराखंड वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2023 एक कदम है। इस सम्मेलन का विषय ' शांति से समृद्धि ' है। इसमें दुनिया भर से हजारों निवेशक और प्रतिनिधि भाग लेंगे।

# 'तूफान पीड़ितों को त्वरित सहायता दी जाए'

## आन्ध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की प्रशासन को सख्त हिदायत दी

विजयवाड़ा, 06 दिसंबर। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने चक्रवाती तूफान 'मिचौंग' से प्रभावित जिलों के कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को सामान्य स्थिति बहाल करने पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिये हैं।

रेड्डी ने बुधवार को यहां कैंप कार्यालय में मिचौंग तूफान से हुई क्षित पर समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को मानवता और सहानुभूति के साथ सहायता देने के निर्देश दिए। उन्होंने समय पर एहतियाती कदम उठाने और प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों की मदद करने में उनके अच्छे काम के लिए जिला कलेक्टरों और विशेष अधिकारियों की सराहना करते

- जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें राशन के अलावा 10,000 रु. तुरंत दिए जाने के आदेश भी दिए गए हैं।
- तूफान में ड्यूटी के दौरान मारे गए कांस्टेबल के परिवार के लिए 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

हुए पीड़ित परिवारों को वित्तीय मदद देने में उदार होने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि जिन लोगों के घर क्षितठास्त हो गए हैं, उनमें से प्रत्येक को 10,000 रुपये का भुगतान करने एवं राहत शिविरों में शरण लिए हुए लोगों के साथ अच्छा व्यवहार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित जब अपने घर के लिए निकलें तो उन्हें मुआवजा और राशन अनिवार्य रूप से दिया जाना चाहिए और इस दिशा में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से सभी उपलब्ध मानव संसाधनों के साथ जलमग्न कृषि क्षेत्रों से पानी निकालने और आर.बी.के. द्वारा जारी एसओपी के अनुसार फसलों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने को कहा।

मुख्यमंत्री ने तूफान में ड्यूटी के दौरान मारे गए कांस्टेबल के परिवार के लिए 30 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की।

## क्या रैवन्त रेड्डी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शपथ ग्रहण समारोह सोनिया गांधी के जन्मदिन 9 दिसम्बर को आयोजित होगा और यह समारोह तेलंगाना राज्य का गठन करने वाली सोनिया गांधी के लिए एक बर्थडे गिफ्ट होगा। लेकिन ज्योतिषीय कारणों के मद्देनज़र शपथ ग्रहण की तारीख 9 से बदल कर 7 दिसम्बर कर दी गई है।

रजनी से एक रैवन्त रेड्डी के वादे को लेकर एक प्राइवेट टेलीविजन चैनल पर कई सवाल किए जिसमें वह थोड़ी नर्वस नज़र आई। फिर भी उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है वे अपना वादा निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि "रैवन्थना ने स्वयं हस्ताक्षर करके वादा किया और एक तरह से मुझे "गारंटी कार्ड" दिया। मैं आश्वस्त हूं कि मुझे अब नौकरी मिल जाएगी।

रजनी की सहनशीलता, दृढ़ता और कड़ी मेहनत की तारीफ पहले ही बहुत सारे लोग कर रहे हैं और अब प्रतीक्षा इस बात की है कि क्या रैवन्त अपने उस वादे पर खरा उतरते हैं जो चुनाव प्रचार के दौरान पूरे मीडिया की मौजूदगी में किया था।

# जयपुर में सड़कों पर दिनभर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पर बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना से राजपूतों समेत सर्व समाज में भारी रोष उमड़ पडा। सुखदेव सिंह के हत्यारों का एनकाउंटर करने की मांग को लेकर उग्र सर्व समाज के लोग सड़कों पर उतरे। बंद की वजह से पूरे जयपुर में कर्फ्यू जैसा माहौल दिखा। शहर में लो-फ्लोर बस और सिटी बसों का संचालन नहीं हो सका। निजी स्कूल और दफ्तर भी नहीं खुले। जयपुर परकोटे से लेकर एम.आई.रोड, सी-स्कीम, खातीपुरा, झोटवाड़ा, सीकर रोड, विद्याधर नगर, मानसरोवर, सांगानेर व राजापार्क समेत शहर के प्रमुख इलाकों में भी सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। सड़कों पर सिर्फ प्रदर्शनकारी और पुलिस जाप्ता दिखा। खातीपुरा रोड पर राजपूत समाज के लोगों ने उग्र प्रदर्शन किया।

राजपूत युवकों की टोलियां सुबह से ही बाजार बंद करवाने के लिए मोटर साइकिलों और गाड़ियों पर निकल पड़ी थी। इन युवकों के हाथों में लाठी-डंडे देखकर अधिकांश लोग सहमे हुए थे। चाय-पान की थड़ियां तक बंद हो गई। युवकों ने सड़कों पर चल रहे यातायात को भी रोकना शुरू कर दिया। आलम यह रहा कि जयपुर शहर में हर एक-दो किलोमीटर पर 5-10 युवक लाठी लेकर रास्ता रोक रहे थे, कुछ जगह पर बीच सड़क टायर जला रहे थे। जगह-जगह जाम की स्थिति बन गई और कुछ जगह एंबुलेंस भी फंसी देखी गई। इस दौरान पुलिस भी असहाय खड़ी नज़र आई। भाजपा नेता शांति की अपील करते रहे। लेकिन, इसका ज्यादा असर नहीं दिखा।

## राजपूत समाज ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

साथ धरना स्थल पर वार्ता हुई तथा आपराधिक साजिश में शामिल गैंगस्टर लॉरेन्स बिश्नोई, रोहित गोदारा और अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई करने और मामले की जांच एनआईए से करवाने पर भी सहमति बनी।

इसके अलावा गोगामेड़ी को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध नही कराने के संबंध में जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से न्यायिक जांच कराने, केस का ट्रायल फास्ट ट्रैक कोर्ट में करवाने और सुखदेव सिंह के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने और परिजनों को सरकारी नौकरी देने, घटना में घायल अजीत सिंह के परिजनों को भी आर्थिक सहायता दिलाने के लिए राज्य सरकार से अनुशंसा करने की मांग की गई।

आंदोलन समाप्त होने के बाद गोगामेड़ी के पार्थिव शरीर को एसएमएस अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। सुबह सात बजे राजपूत सभा भवन से शव को गोगामेड़ी ले जाएगा, जहां दोपहर दो बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# साइबर धोखाधड़ी करने वाली 100 वेबसाइटों पर प्रतिबंध

## गृह मंत्रालय ने निवेश व नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली इन वैबसाइट्स को बंद कर दिया है

नई दिल्ली, 06 दिसम्बर। गृह मंत्रालय ने निवेश और नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाली 100 वेबसाइटों की पहचान कर उन पर प्रतिबंध लगाते हुए उन्हें बंद कर दिया है।

मंत्रालय ने बुधवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मंत्रालय ने अपने वर्टिकल नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट (एनसीटीएयू) के माध्यम से पिछले सप्ताह संगठित निवेश अथवा कार्य आधारित पार्ट टाइम नौकरी देने की धोखाधड़ा में शामिल 100 से अधिक वेबसाइटों की पहचान कर उन पर अंकुश लगाने की

- पता चला है कि इनमें से अधिकांश विदेशी एजेंटों द्वारा चलाई जा रही हैं।

सिफारिश की थी। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत अधिकार का प्रयोग करते हुए इन वेबसाइटों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

इन वेबसाइटों के बारे में पता चला है कि इन्हें डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेंजर और म्यूल और रेन्टिड खातों का प्रयोग करके विदेशी एजेंटों द्वारा संचालित किया गया हैं। यह भी पता चला कि कार्ड नेटवर्क, क्रिप्टो मुद्रा, विदेशी एटीएम निकासियों और अंतरराष्ट्रीय फिनटेक कंपनियों का उपयोग करके आर्थिक धोखाधड़ी से प्राप्त अवैध धन को भारत से बाहर बड़े पैमाने पर वैध करते हुए (मनीलॉन्ड्रिंग) पाया गया है।

मंत्रालय ने कहा है कि इस बारे में 1930 हेल्पलाइन और एनसीआरपी के माध्यम से कई शिकायतें प्राप्त हुई थीं और ये अपराध नागरिकों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे थे और इसमें डेटा सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी शामिल थीं। मंत्रालय ने कहा है कि साइबर सुरक्षित भारत का निर्माण करना गृह मंत्रालय की एक सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## मासिक जी.एस.टी. वसूली में और बढ़ोतरी की गुंजाइश : शशांक प्रिया

नई दिल्ली, 6 दिसंबर। केंद्रीय अप्रत्यक्ष एवं सीमा शुल्क बोर्ड के विशेष सचिव एवं सदस्य (जी.एस.टी.) शशांक प्रिया ने बुधवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) की वसूली अच्छी चल रही है तथा इसमें अभी और वृद्धि की गुंजाइश है।

यहां जीएसटी पर उद्योगमंडल एसोचैम के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमारा कर राजस्व ( मासिक जीएसटी वसूली) लगातार 1.6 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो रहा है। हम इसे और बढ़ाएंगे क्योंकि अभी ऐसे क्षेत्र हैं जहां राजस्व का दोहन किया जा सकता है।उन्होंने कहा हम जी.एस.टी. अनुपालन को आसान बनाने पर विचार कर रहे हैं, लेकिन साथ ही, हम यह भी देखना चाहते हैं कि अनुपालन में नियमितता बरती जाए, कर विवरण दाखिल करने तथा कर-भुगतान समय पर हो। हम एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार की यात्रा पर निकले हैं और हमें मैदानी स्तर पर आने वाली इन समस्याओं के समाधान की दिशा में लगातार काम करते रहने की जरूरत है।

शशांक प्रिया ने यह भी कहा कि, सी.बी.आई.सी. ने एक बड़ा फैसला किया है कि अब उसका अपना अपना 'बैक एंड सिस्टम' यानी हिसाब-किताब रखने का प्रभाग नहीं होगा।

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उठी राज्यसभा में

नई दिल्ली, 06 दिसंबर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के किरोड़ी लाल मीणा ने गाय को देश का राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करते हुए बुधवार को राज्यसभा में कहा कि यह मुद्दा राष्ट्र की आर्थिक एवं आध्यात्मिक चेतना से जुडा है।

मीणा ने सदन में शून्यकाल के दौरान सदन में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करते हुए कहा कि, भारत के लिये गाय का बहुत महत्व है। यह समाज की आर्थिक एवं आध्यात्मिक चेतना का आधार है। उन्होंने कहा कि गाय का मांस खाना किसी का भी मौलिक अधिकार नहीं हो सकता। कई मुगल शासकों ने भी गाय को पवित्र पशु मानते हुए इसके वध पर प्रतिबंध लगाया था।

- भाजपा के किरोड़ी लाल मीणा ने शून्यकाल के दौरान राज्यसभा में यह मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में गाय का बहुत महत्व है। इसके गोबर- मूत्र से खाद बनायी जाती है जो कृषि के लिए उत्तम मानी जाती है।

भाजपा के कैलाश सोनी ने जंगली चूहों के आतंक का मामला उठाया और इन्हें मारने की अनुमति देने की मांग की। उन्होंने कहा कि इनसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को क्षति पहुंच रही है। सरकार को जंगली चूहों को मारने के लिए अनुदान जारी करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की कांता कर्दम ने उत्तर प्रदेश के हापुड़ में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

# दिल्ली में होगा ए.बी.वी.पी. का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन

## अधिवेशन का आयोजन बुराड़ी के डी.डी.ए. मैदान पर होगा

नई दिल्ली, 06 दिसंबर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) का 69वां राष्ट्रीय अधिवेशन गुरुवार से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बुराड़ी स्थिति दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) मैदान होने जा रहा है।

इस संबंध में दुनिया में छात्रों के सबसे बड़े संगठन एबीवीपी की ओर से अधिवेशन स्थल पर आज संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया कि 28 नवंबर को महाराष्ट्र के रायगड किले से शुरू हुई एबीवीपी की हिंदवी स्वराज्य यात्रा दो हजार किमी की दूरी तय करके गुरुवार की सुबह दिल्ली पहुंचेगी। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय मंत्री होशियार सिंह मीणा, राष्ट्रीय मीडिया संयोजक आशुतोष सिंह, दिल्ली प्रांत इकाई के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री तथा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ की सचिव अपराजिता उपस्थित रहीं। इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि गुरूवार को एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन स्थल पर स्थित दत्ताजी डिडोलकर प्रदर्शनी का उद्घाटन परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्राध्यापक राजकुमार भाटिया तथा मूर्तिकार नरेश कुमावत द्वारा किया जाएगा।

वक्ताओं ने बताया कि परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन के दौरान गुरुवार को 8,500 हजार विद्यार्थी एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गान करेंगे। इस दौरान 150 दृष्टिबाधित दिव्यांग छात्र तिरंगे के आकार में इस समूह का नेतृत्व करेंगे। वंदे मातरम् सामूहिक ज्ञान में शामिल हो रहे विद्यार्थी अलग-अलग प्रदेशों का नेतृत्व करेंगे।

- राष्ट्रीय अधिवेशन स्थल पर बनाए जाने वाला टैंट सिटी को 12 भागों में बांटा जाएगा जिनके नाम भारत की महान हस्तियों के नाम पर रखे जाएंगें।
- ए.बी.वी.पी. ने पत्रकारों का बताया कि रायगढ़ जिले से शुरु हुई हिंदवी स्वराज यात्रा गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचेगा।

एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन स्थल पर भारतीय संस्कृति के सुंदर प्रतीक चिह्नों का समावेश किया गया है। अधिवेशन स्थल पर टेंट सिटी को कुल 12 नगरों में विभाजित किया गया है, जिनके नाम संत ज्ञानेश्वर,अहिल्या बाई होलकर,लाचित बरफूकन, भगवान बिरसा मुंडा,पंडित मदन मोहन मालवीय, गुरु तेगबहादुर, सुब्रमण्यम भारती, महाराणा प्रताप, गुरु नानक देव, भगवान विश्वकर्मा, रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई, रानी मां गाईदिन्ल्यू के नामों पर रखें गए हैं। इसके साथ ही भारत के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व अलग-अलग माध्यमों से विद्यार्थी परिषद अधिवेशन के लिए बसाई गई टेंट सिटी में दिखाई दे रहा है।

राष्ट्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के गौरवशाली इतिहास और अनुपम विरासत की झलक इस राष्ट्रीय अधिवेशन में दिखाई देगी। यह आयोजन शिक्षा, संस्कृति, पर्यावरण क्षेत्र से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रमुखता से उठाएगा।

## जम्मू कश्मीर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सीटें आरक्षित की गई हैं और जम्मू-कश्मीर केन्द्र शासित प्रदेश में अनुसूचित जनजाति की 9 सीटें आरक्षित की गई हैं। गत 26 जून को लोकसभा में प्रस्तुत इन दोनों विधेयकों पर 2 दिन हुई बहस का उत्तर देते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने प्रश्न किया कि "एक देश में दो प्रधानमंत्री, दो संविधान और दो झण्डे कैसे हो सकते हैं। जिन लोगों ने ऐसा किया, वो गलत किया, लेकिन प्रधानमंत्री ने उसमें सुधार किया।" उन्होंने कहा कि "हम वर्ष 1950 से यह कहते रहे हैं कि देश में "एक प्रधान", एक निशान और एक विधान (संविधान) होना चाहिए और हमने ऐसा किया है।" विधेयक में लैफ्टिनैंट गवर्नर को यह शक्तियां प्रधान की गई है कि वह पाक अधिकृत कश्मीर से विस्थापित लोगों को प्रतिनिधित्व देने के लिए एक महिला सहित दो जनों को विधानसभा के लिए नामांकित कर सकते हैं। विस्थापन का समय वर्ष 1947-48, 1965 या 1971 तक किया गया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंभाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908